e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 79

बुधवार
20.03.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
जीवन में कभी निराश मत होइए, क्योंकि हर पल नए अवसर के समान है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**रोजा का समय**
इफ्तार (20.03.24): शाम 06:01 बजे
सेहरी (21.03.2024) सुबह 04 : 30 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

# भाजपा में शामिल हुई सीता सोरेन

*** सीता सोरेन ने विधायक पद से भी दिया इस्तीफा**

एजेंसी

**नई दिल्ली:** सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन ने बीजेपी का दामन थाम लिया. दिल्ली में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली. सीता सोरेन ने विधायक पद से भी दिया इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने इस बाबत विधानसभा अध्यक्ष को पत्र भेज दिया है. सीता सोरेन दुमका के जामा विधानसभा से लगातार तीन बार विधायक रही हैं. शिबू सोरेन की पुत्रवधू सीता सोरेन और जामा के पूर्व विधायक स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी ने बीजेपी ज्वाइन करने से पहले झामुमो से इस्तीफा दे दिया था. सीता सोरेन ने सबसे पहले 2009 में उसके बाद 2014 और फिर 2019 के विधानसभा चुनाव में विजय हासिल की है. सीता सोरेन के बीजेपी ज्वाइन करने के बाद विनोद तावड़े ने कहा कि झारखंड की एक और नेता बहन सीता सोरेन अब बीजेपी में शामिल हो गई हैं. उन्होंने कहा कि सीता के बीजेपी में शामिल में होने पर निश्चित तौर पर पार्टी की ताकत बढ़ेगी और लोकसभा चुनाव 2024 में इसके असर भी दिखेगा.




## सीता सोरेन ने पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन के नाम पत्र लिखकर बयां किया अपनी व्यथा

**रांची:** सीता सोरेन ने पार्टी सुप्रीमो गुरुजी के नाम पत्र लिखकर अपनी व्यथा जाहिर की है. सीता सोरेन ने लिखा है कि अत्यंत दुखी हृदय के साथ अपना इस्तीफा प्रस्तुत कर रही हूं. सीता सोरेन ने पत्र में लिखा है कि मेरे स्वर्गीय पति दुर्गा सोरेन, जो कि झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा और महान क्रांतिकारी थे, के निधन के बाद से ही मैं और मेरा परिवार लगातार उपेक्षा का शिकार रहा है. पार्टी और परिवार के सदस्यों द्वारा हमें अलग थलग किया गया है. जो मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है. मैंने उम्मीद की थी कि समय के साथ स्थितियां सुधरेंगी लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हुआ. झारखंड मुक्ति मोर्चा जिसे मेरे पति ने अपने त्याग, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के बल पर एक महान पार्टी बनाया था, आज वह पार्टी नहीं रही. मुझे यह देखकर गहरा दुख होता है कि पार्टी उन लोगों के हाथों में चली गयी है जिनके दृष्टिकोण और उद्देश्य हमारे मूल्यों और आदर्शों से मेल नहीं खाते.सीता सोरेन ने लिखा है कि गुरुजी के अथक प्रयासों के बावजूद जिन्होंने हम सभी को एकजुट रखने के लिए कठिन परिश्रम किया, अफसोस कि उनके प्रयास भी विफल रहे. मुझे हाल ही में ज्ञात हुआ है कि मेरे और मेरे परिवार के खिलाफ भी एक गहरी साजिश रची जा रही है. मैं अत्यंत दुखी हूं. मैंने यह दृढ़ निश्चय किया है कि मुझे झारखंड मुक्ति मोर्चा और इस परिवार को छोड़ना होगा. मैं अपनी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं और आप से निवेदन करती हूं कि मेरे इस्तीफे को स्वीकार किया जाए. मैं आपकी और पार्टी की हमेशा अभारी रहूंगी और मेरी शुभकामनाएं सदैव आपके साथ रहेगी.

### विकास से कोसो दूर है झारखंड : सीता सोरेन

वहीं बीजेपी ज्वाइन करने के बाद सीता सोरेन ने कहा कि हम मोदी जी के विशाल परिवार में शामिल हो गए हैं. जिस तरह से देश में विकास कार्य हो रहे हैं और सभी मिलकर देश में अपना योगदान दे रहे हैं. उसे देखकर आज हर कोई इस परिवार में शामिल होने चाहता है. सीता सोरेन ने कहा कि उन्होंने ने भी झारखंड में काफी संघर्ष किया है. उन्होंने बताया कि वे 14 साल तक झामुमो में रहीं. सीता सोरेन ने अपने ससुर शिबू सोरेन और अपने पति दुर्गा सोरेन को भी याद किया और बताया कि इन्ही लोगों के नेतृत्व के कारण झारखंड राज्य का निर्माण हुआ. उन्होंने कहा कि अपने पति के सपने को पूरा करने के लिए वे राजनीति में आईं थी और झामुमो शामिल हुईं थीं. लेकिन झारखंड को जिस मुकाम पर पहुंचना चाहिए था अभी तक वह वहां तक नहीं पहुंच पाया है. झारखंड आज भी विकास से कोसों दूर है यही वजह है कि वे बीजेपी में शामिल हुईं है और झारखंड को विकास के राह पर आगे ले जाना चाहती हैं.

विनोद तावड़े ने कहा कि हम झारखंड में शक्तिशाली हो रहे हैं. वे आदिवासियों के उत्थान के लिए अपनी पूरी शक्ति लगाएंगे.

## तमिलनाडु तय कर चुका है, अबकी बार 400 पार : पीएम मोदी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी जोर शोर से प्रचार प्रसार में जुटी है. इसी के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले 5 दिन के दक्षिण भारत के दौरे पर हैं. पीएम इस बार दक्षिण के राज्यों को साधने की हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं. 19 मार्च को सुबह केरल के पलक्कड़ में रोड शो करने के बाद पीएम मोदी तमिलनाडु के सेलम पहुंचे.सेलम पहुंचे पीएम मोदी ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान पीएम ने कहा कि लोगों से मिल रहे जनसमर्थन ने डीएमके सरकार की नींद उड़ा दी है. तमिलनाडु ने फैसला कर लिया है कि एक-एक वोट बीजेपी-एनडीए को जाएगा. तमिलनाडु निर्णय कर चुका है कि अबकी बार 400 पार. अपने संबोधन में उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा. पीएम ने कहा कि तमिलनाडु से मिल रहे समर्थन को देखकर इंडिया गठबंधन के लोगों को काफी दिक्कत हो रही है. पीएम ने कहा कहा कि पूरा देश देख रहा है कि कैसे बीजेपी को इस राज्य में प्यार मिल रहा है.पीएम मोदी ने कहा कि अभी तो लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान की शुरुआत हुई है. लेकिन इंडिया गठबंधन मुंबई में हुई अपनी पहली रैली में ही खुलकर सामने आ गया. पीएम ने राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान का जिक्र करते हुए कहा कि ये लोग शक्ति को मिटाना चाहता है. हिंदू धर्म की जिस शक्ति में आस्था है ये लोग उसका विनाश करना चाहते हैं. उन्होंने आगे कहा कि हिंदू धर्म क्या होता है ये बात तमिलनाडु के लोगों को अच्छी तरह से पता है. पीएम ने आगे कहा कि शास्त्र इस बात के गवाह हैं कि जो शक्ति को खत्म करने का विचार रखते हैं उनका विनाश जरूर होता है. उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के ऐसे आइडियाज को हराने की शुरुआत तमिलनाडु से होगी.

**पीएम ने कहा कि तमिलनाडु से मिल रहे समर्थन को देखकर इंडिया गठबंधन के लोगों को काफी दिक्कत हो रही है.**

## क्विक न्यूज

### रांची : टीएसपीसी का उग्रवादी गिरफ्तार

**रांची :** पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के कमांडर राहुल गंझू उर्फ खलील दस्ता के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के कमांडर राहुल गंझू दस्ता सदस्यों के साथ सिरम जंगल में है। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में बुढ़मू और ठाकुर गांव पुलिस और क्यूआरटी टीम ने उक्त क्षेत्र के छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कमांडर राहुल गंझू जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जबकि एक दस्ता सदस्य दिलेश्वर गंझू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सर्च के दौरान पुलिस ने एक बाइक और एक मोबाइल जब्त किया है। फिलहाल गिरफ्तार उग्रवादी से पूछताछ की जा रही है। साथ ही मोबाईल का डेटा खंगाल रही है।

### बालू माफिया व पुलिस के बीच गोलीबारी, 5 गिरफ्तार

**भागलपुर :** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में बालू माफियाओं का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। उन्हें किसी का भय नहीं है। इसलिए दिन दहाड़े बालू का अवैध खनन किया जाता है और पुलिस उन्हें रोकने की कोशिश करती है तो उन पर गोलीबारी करने में भी देर नहीं करता है। तहसुर बालू घाट पर मंगलवार दोपहर बालू माफियाओं एवं पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें दोनों तरफ से कई राउंड फायरिंग होने की जानकारी मिली है। इस संबंध में सीटी एसपी मिस्टर राज ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सैदपुर घाट से अवैध बालू का उत्खनन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर खनन विभाग के साथ सीटीएसपी के नेतृत्व में डीएसपी विधि व्यवस्था, एसटीएफ तथा जगदीशपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर तीन ट्रैक्टर एवं एक स्कॉर्पियो जब्त किया गया। साथ ही पांच बालू माफिया को भी गिरफ्तार किया गया है।

### केरल में टूरिस्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 3 लोगों की मौत, 14 घायल

**तिरुअनंतपुरम :** केरल के आदिमाली में तमिलनाडु के पर्यटकों को ले जा रहा एक टूरिस्ट वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे में एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 14 लोग घायल हो गए। केरल पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घायलों में दो की हालत गंभीर है। जानकारी के मुताबिक यह टूरिस्ट वाहर तमिलनाडु के पर्यटकों से भरा हुआ था। बताया जाता है कि अचानक संतुलन बिगड़ने से यह वाहन घाटी में जा गिरा। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। घटनास्थल से घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $26^{0}$ |
| न्युनतम | $12^{0}$ |

## 6 राज्य के गृह सचिवों के नाम पर लगी चुनाव आयोग की मुहर




एजेंसी

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने छह राज्यों के गृह सचिव और पश्चिम बंगाल के डीजीपी को हटाने के बाद नए नामों पर मुहर लगा दी है।
चुनाव आयोग ने बिहार में प्रत्यय अमृत, गुजरात में एके राकेश, उत्तर प्रदेश में दीपक कुमार, हिमाचल प्रदेश में ओंकार, झारखंड में वंदना डाडेल और उत्तराखंड में दिलीप जावलकर के नाम पर मोहर लगाई है। यह अब इन राज्यों के नए गृह सचिव होंगे। सूत्रों के अनुसार चुनाव आयोग ने संजय मुखर्जी को पश्चिम बंगाल का डीजीपी चुना है। राज्य सरकार से विवेक सहाय का नाम दिया गया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया। सहाय को इससे पहले 2021 में सुरक्षा उल्लंघन के मामले में चुनाव आयोग ने निलंबित कर दिया गया था।उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए छह राज्यों गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों को हटाने का निर्देश दिया था। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को भी हटाने के निर्देश दिए थे।आयोग का मानना था कि कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय में पदभार संभाल रहे थे। इसके चलते चुनावी प्रक्रिया के दौरान उनसे अपेक्षित आवश्यक निष्पक्षता और तटस्थता खासकर कानून और व्यवस्था, बल तैनाती से संबंधित मामलों में समझौता हो सकता है।

## सीएम केजरीवाल ने ईडी के समन को हाईकोर्ट में दी चुनौती

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी द्वारा भेजे के समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने ईडी के समन को गैरकानूनी बताया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अब 9 समन भेज चुकी है। लेकिन सीएम केजरीवाल किसी ना किसी वजह से ईडी के सामने पेश नहीं हुए हैं। अब समन को लेकर सियासी संग्राम शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ईडी समन पर पेश न होने पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निशाना साधा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि केजरीवाल समन के नाम पर डरा रहे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि बेल को राहत समझने की कोशिश न करें। नौ समन पर 18 बहाने लगा रहे हैं। दिन रात प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले समन से भाग रहे हैं। वहीं, सीएम केजरीवाल ने ईडी के समन को गैरकानूनी बताया है।

## अजित पवार को घड़ी चुनाव चिन्ह इस्तेमाल करने की मिली इजाजत



एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार गुट को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने अजित पावर गुट को घड़ी चुनाव चिन्ह का इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। वहीं शरद पवार को बिगुल बजाता आदमी चुनाव चिन्ह के रूप में इस्तेमाल करने की इजाजत दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने शरद पवार गुट की ओर दाखिल एक याचिका पर यह आदेश पारित किया है। बता दें कि विभाजन से पहले राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का चुनाव चिन्ह घड़ी था। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में शरद पवार गुट की ओर से यह अजित पवार गुट को निर्वाचन आयोग द्वारा आवंटित घड़ी चुनाव चिह्न का उपयोग करने से इस आधार पर रोकने की मांग की गई थी कि यह समान अवसर को बाधित कर रहा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस विश्वनाथन की पीठ ने इस दलील को खारिज कर दिया और अजित पवार गुट को घड़ी चुनाव चिन्ह का इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह निर्देश भी दिया कि किसी अन्य पार्टी या निर्दलीय उम्मीदवार को यह चुनाव चिह्न आवंटित नहीं किया जाए। कोर्ट ने अजित पवार गुट को अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में अखबारों में यह सार्वजनिक नोटिस जारी करने को कहा कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न अदालत में विचाराधीन है और इसका उपयोग फैसले के आधार पर होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार गुट से चुनाव से संबंधित सभी दृश्य-श्रव्य विज्ञापनों और बैनर तथा पोस्टर आदि में भी इसी तरह की घोषणा करने को कहा।

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद



# खेल से निरस जीवन में होता है ऊर्जा का संचार : सतीश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** नेहरू युवा केन्द्र पलामू के हुसैनाबाद प्रखण्ड क्षेत्र के लोटनियां गाँव में खेल प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर पुष्प मल्यापर्ण कर खेल का उद्घाटन किया गया। मौके पर पूर्ण राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक सतीश शर्मा ने कहा कि खेल मनुष्य के जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास करता है।आज के समय युवाओं के लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है जिसे खेल के माध्यम से तनाव को दूर किया जा सकता है, आज के परिवेश में जिस तरह दिमाग का सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है, उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते, लेकिन खेल से यह संभव है।आज भी ऐसे कई विद्यालयों में शिक्षा पर बहुत ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है लेकिन खेलों पर नहीं। कुछ स्कूल तो ऐसे हैं जहां खेल सीमित ही होते हैं। ऐसे में अभिभावक की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्हें अपने स्तर पर ही बच्चों को खेल से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। एसे में जरूरत हे हमें पढ़ाई के बराबर खेलों को महत्व देना चाहिए। स्कूल में खेलों को बढ़ावा देने के लिए इसे प्रतिदिन विषय अध्ययन की तरह नियमित सक्रिय खेल खेलने की अति आवश्यक है। यह खेल प्रतियोगिता गाँव लोटनियां व शेखपुरा के बिच खेला गया। जिसमें शेखपुरा से तीन स्कोर के बढ़क बना कर लोटनियां विजेता बनी। कप्तान कैफ अंसारी, धीरज कुमार, उप कप्तान जय कुमार, सनोज कुमार अजय कुमार सिंह, लखन यादव,महमुद अंसारी, इस्तयाक अंसारी, सचिन पाल, धनंजय यादव, जसवंत यादव, विरण यादव, सुमंत कुमार, शेखर कुमार, बिट्टू कुमार, विशाल कुमार, राजु कुमार, रोहित कुमार, श्रवण कुमार, आशिष यादव, बाबुराम यादव, मुकेश कुमार, मृत्युंजय कुमार, प्रविन कुमार, इमरान अंसारी, फिरदोस अंसारी, जैसे इत्यादि खिलाड़ी उपस्थित थे।

# राजद पिपरा ने किया ममता भुईया का जोरदार स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** पिपरा राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने ममता भुईया का स्वागत जोरदार तरीके से दुबटीया मोड पर किया। पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा भी इस मौके पर उपस्थित थे। प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान ने कहा कि ममता भुइया जी का राजद पार्टी में शामिल हो जाने से पार्टी को पलामू लोकसभा क्षेत्र में काफी मजबूती मिलेगी। पलामू में वे काफी लोकप्रिय है. उनके कुशल नेतृत्व में पार्टी के आम कार्यकर्ताओं को कार्य करने में काफी सहूलियत होगी.सभी ने फूल माला देकर उनका स्वागत किया. इस मौके पर राजद पार्टी के प्रखंड के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र प्रसाद यादव, जिला पार्षद ददन पासवान मुखिया राजेश राजवंशी शिवलाल यादव धीरज गुप्ता सुनील यादव संजय यादव अर्जुन यादव अवधेश यादव शंभू पासवान जितेंद्र सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

## एसडीओ और एसडीपीओ ने केतार में संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को केतार प्रखंड अंतर्गत अति संवेदनशील बूथ का निरीक्षण करने अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्घा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह, बीडीओ सावित्री कुमारी एवं थाना प्रभारी रोशन कुमार वर्णमाला केतार मध्य विद्यालय पहुंचे। जहां लोगों को जागरुक करते हुए सभी आम जन को निर्भीक होकर मतदान अवश्य करने की बात कही साथ ही मतदाताओं को मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए भी उपस्थित लोगों से चर्चाएं की गई। ज्ञात हो की केतार प्रखंड में दो बूथ अति संवेदनशील है जिसमें बूथ संख्या 72 मध्य विद्यालय केतार एवं बूथ संख्या 81 प्राथमिक विद्यालय बेलाबार का नाम शामिल है।

## रमजान के समय पूरे दिन भूखे-प्यासे रहकर खुदा की इबादत करने के साथ लोगों की सेवा की जाती है : समाजसेवी शोएब आलम



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** माह ए रमजान मुस्लिम समुदाय के लोगो के लिये विशेष महत्व रखता हैं.उक्त बातें समाजसेवी शोएब आलम ने कही। उन्होंने कहा कि रमजान के समय पूरे दिन भूखे-प्यासे रहकर खुदा की इबादत करने के साथ लोगों की सेवा की जाती है और शाम को एक साथ बैठकर इफ्तार करते हैं. रोजा खजूर खाकर खोलते हैं.उन्होंने कहा कि दुनिया भर के सभी मुस्लिम समुदाय के लोग इस महीने हर लम्हा को अल्लाह की इबादत में लगाकर रोजा नमाज सदका जकात फितरा जैसी इबादत कर अपने रब को खुश करने की कोशिश किया करते हैं. उन्होंने कहा कि अल्लाह इस माह में रहमतों के दरवाजे खोल देता है और गुनहगारों को माफी आता करता है.उन्होंने कहा कि रोजा सिर्फ भूखे, प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि अश्लील या गलत काम से बचना है.इसका मतलब हमें हमारे शारीरिक और मानसिक दोनों के कामों को नियंत्रण में रखना है.उन्होंने कहा कि इस पवित्र माह ए रमजान महीने में किसी तरह के झगड़े या गुस्से से ना सिर्फ मना फरमाया गया है बल्कि किसी से गिला शिकवा है तो उससे माफी मांग कर समाज में एकता कायम करने की सलाह दी गई है. इसके साथ एक तय रकम या सामान गरीबों में बांटने की हिदायत है, जो समाज के गरीब लोगों के लिए बहुत ही मददगार है.

# बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, 92 हजार का जुर्माना भी लगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 10 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 10 लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी दस लोगों पर 92 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें राजू राजवंशी, अशोक राम, सुरेंद्र राम, सरोज कुमार पासवान, रामाधार प्रजापति, अजय कुमार, अरविंद राम, जानिसार अंसारी, कामेश चौहान व देवराज चौहान के नाम शामिल हैं। सभी हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस माह होली की वजह 26 को लगने वाला शिविर 29 मार्च को हैदरनगर के तिवारी कांप्लेक्स में लगाया जाएगा। शिविर में बिल का भुगतान समेत अन्य समस्या का समाधान किया जाएगा।

# सेवानिवृत पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष चुने गए विंध्याचल सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** झारखंड राज्य पेंशनर समाज की अनुषांगिक जिला इकाई पलामू के तत्वधान में हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त राज्यकर्मियों/ केन्द्रीय कर्मियों/ पेंशनरों की आवश्यक बैठक हुई। अध्यक्षता पलामू जिला के संयुक्त सचिव रामाशीष सिंह ने की। रामवि हैदरनगर बाजार प्रांगण में आयोजित बैठक में हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के पेंशनरों की समस्याएँ, बैंकिंग सुविधा, विभागीय स्तर पर समस्या समाधान, पेंशन लाभांश, पेंशनरों की सुविधाओं के लिए सांगठनिक एकजुटता पर चर्चा की गई। चर्चा के बाद प्रखंड स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष सेवानिवृत प्रधानाध्यापक विंध्याचल सिंह, सचिव जनेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद, उपाध्यक्ष विश्वनाथ ठाकुर, संगठनमंत्री परन राम, मीडिया प्रभारी वृंदा प्रसाद चुने गए। बैठक में नवचयनित कमेटी से सांगठनिक कर्तव्य व दायित्व के साथ पेंशनरों की सुविधा एवं अधिकार के लिए सक्रियता व सहभागिता को लेकर विश्वास जताया। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सेवानिवृत्त राज्यकर्मी हरिपूजन सिंह, कलामुद्दीन अंसारी ,विद्या सिंह, तैयबा खातून, सुशीला कुमारी, शेख जौवाद, परनी कुमारी कुँवर सहित कई पेंशनर शामिल थे।

## हुसैनाबाद नवनियुक्त अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने प्रभार ग्रहण किया

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद मंगलवार को नवनियुक्त अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने प्रभार ग्रहण किया वहीं अंचल निरीक्षक औसाफ अहमद खां, अंचल सहायक श्री कामेश्वर पहाड़िया एवं संतोष कुमार रवि, अंचल अमीन श्री कृष्णा माँझी, राजस्व उपनिरीक्षक कौशिक कुमार तथा कंप्यूटर ऑपरेटर सूर्य प्रताप ने नवनियुक्त अंचल अधिकारी को गुलदस्ते देकर सम्मानित किया।

## सीनियर राष्ट्रीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में गढ़वा के अनंजय सिंह का हुआ चयन



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में गुरुवार से आयोजित होने वाले 70 वें राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में गढ़वा जिला के अनंजय कुमार सिंह का चयन कर लिया गया है। उनका चयन होने पर गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने गढ़वा के खिलाड़ी धनंजय सिंह के साथ-साथ पूरी झारखंड कबड्डी टीम को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामना दिया है। इसकी जानकारी देते हुए विकास स्वदेशी ने कहा है कि अनंजय सिंह का खेल दिन प्रतिदिन निरंतर निखरता जा रहा है। कोच अजय कुमार गुप्ता के प्रयास से अभी फिलहाल में ही अनंजय कुमार सिंह का जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयन हुआ था। वहां उनका अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला था। अनंजय कुमार सिंह फिलहाल जामताड़ा में आयोजित सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में अकेले ही अपने दम पर टीम को तीसरा स्थान प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाया था। प्रतियोगिता में उनका अच्छे खेल के प्रदर्शन के आधार पर उनका सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। गढ़वा जिला कबड्डी सेंटर सचिव राजू उरांव, उपाध्यक्ष विकास कुमार, बेबी कुमारी संघ के सभी पदाधिकारी ने बधाई दिया है। गढ़वा जिला के खेल पदाधिकारी उमेश कुमार लोहार एवं जिला कोऑर्डिनेटर निधि उपाध्याय ने चयन होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# 1110 नवसाक्षरो की कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** नव साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रखंड के सभी 8 पंचायतों में आयोजित आकलन सह जांच परीक्षा सम्पन्न हुई। इसमें 1110 नवसाक्षरो को परीक्षा में शामिल कराने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमे 1080 नवसाक्षरो ने परीक्षा दिया। इसके लिए पंचायत मुख्यालय स्थित सरकारी विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापको ने केंद्राधीक्षक के रूप में परिक्षा कदाचार मुक्त संपन्न कराई। वही साक्षरता प्रेरक वीक्षक की भूमिका में कार्य किए परीक्षा के दौरान संबंधित प्रखंड के प्रखंड समन्वयक सीता राम देहाती ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा में शांतिपूर्ण बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस क्रम में प्रखंड के खाला खुटिया, धुरकी, गनियारी कला, टाटीदीरी, अंबाखोरेया, भंडार रक्सी पंचायत के परीक्षा केंद्रों में प्रखंड समन्वयक सीताराम देहाती ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्राधीक्षक व वीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान केंद्राधीक्षक फैजान आलम, अरविंद कुमार यादव, प्रभु राम, सुखमनी देवी, वीरेंद्र कुमार पांडेय, सुनील राम, आशुतोष कुमार चौबे सहित वीक्षक चिंता देवी, पंकज कुमारी, अमृता देवी, पुनीता देवी, संध्या देवी, सोनमती देवी, अनिता देवी, सावित्री देवी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा नेता ने प्रदेश प्रभारी से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई से मुलाकात किया.दोनो नेताओं की यह मुलाकात दिल्ली में हुई.श्री चंद्रवंशी ने प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई को पलामू सहित पूरे झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात से अवगत कराया। श्री बाजपेई ने डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को मिशन 2024 के लक्ष्य चार सौ पार में जुट जाने को कहा। श्री चंद्रवंशी ने उन्हे आश्वस्त किया कि पलामू सहित झारखंड के सभी 14 लोक सभा सीटों पर भाजपा प्रत्यासी अपना परचम लहराएंगे। मौके पर कई और भाजपा नेता मौजूद थे।

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने शोकाकुल परिजनों से की मुलाकात, किया गहरा दुख प्रकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बरवा टोली कॉलेज रोड लोहरदगा निवासी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव ओम प्रकाश लक्की के पूज्य पिताजी अधिवक्ता नोटरी पब्लिक सह समाजसेवी ब्रज किशोर साहू जी का आज दिनांक 19/03/2024 को दोपहर 3 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वो लगभग विगत कुछ महीनो से अस्वथ थे। इसकी सूचना पाकर स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उनके आवास पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया और कहा स्वर्गीय ब्रजकिशोर साहू एक मिलनसार एवं हंसमुख छवि के व्यक्ति थे। इन्होंने अपने जीवन काल में अधिवक्ता के रूप में लोगों की सेवा की। इस दुख की घड़ी में मैं उनके परिवार के साथ हूं, ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, संदीप मिश्रा, दीपक महतो, दिनेश कुमार, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, एससी प्रकोष्ट अध्यक्ष संजय नायक, युवा जिला महासाचिव असलम अंसारी, राधेश्याम प्रजापति, मानी प्रजापति, अधिवक्ता उमेश कुमार, रंजीत महली, राजकुमार डे, अभिषेक कुमार, बबलू साहू, उदय नायक आदि उपस्थित थे।

## चप्पल जूता की दुकान में आग लगने से लाखों की क्षति



**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार बाजार में स्थित ओम शू स्टोर में सोमवार की देर रात करीब 9 बजे जल रहे अगरबत्ती से दूकान में आग लग गई। आस पड़ोस के लोग दुकान में धुआं देख आग लगने की क्यास लगाकर दुकान मालिक को सूचना किया। तब तक दुकान के समीप लोगों की भीड़ उमड़ पड़ा इस दौरान सूचना पा कर दुकान मालिक पहुंचे और शटर को खोलकर देखा तो आग पूरी तरह से दुकान को चपेट में ले चुका था। स्थानीय लोगों के सहयोग से पानी के सहारे आग पर काबू पाया गया। वहीं दुकान मालिक के द्वारा बताया गया कि दुकान में अगरबत्ती जला था रात्रि 8 बजे दुकान बंद कर जब घर चला गया तभी कुछ ही समय बाद सूचना मिला की दुकान में आग लगी है। जब पुनः दुकान पहुंचा तो देखा कि दुकान के एक हिस्से में पूरी तरह से आग लगा हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि दुकान के जलने से मेरा लाखों का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों की माने तो आग जैसे ही लगी लोग दुकान मालिक को सूचना किया गया नहीं तो आग भयावह रूप धारण कर कर सकती थी।

# हल्की बारिश में सड़क हुआ तालाब में तब्दील, आसपास रहने वाले ग्रामीणों समेत राहगीरों के लिए बनी मुसीबत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित पीपल चौक से भंडार मोहल्ला जाने वाली सड़क सिर्फ एक दिन की ही बारिश में तालाब में तब्दील हो गई है। जो की आसपास रहने वाले ग्रामीणों समेत राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। विशेष कर आसपास रहने वाले बच्चों के लिए सड़क के गड्ढो में भरा हुआ पानी जानलेवा साबित हो सकता है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि आए दिन यहां दुर्घटना होती रहती है, कल एक स्कूली छात्र तालाब बन चुके इस सड़क में गिर गया जिसे बचते हुए एक वृद्ध महिला भी गिर पड़ी जिन्हें हाथ एवं पैरों में चोटें भी आई। वर्षो से यही स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों के द्वारा पानी के निकासी के लिए पूर्व में भी कई प्रयास किया जा चुके हैं, लेकिन कुछ स्वार्थी लोगों के द्वारा यह कह कर कि हमारे रैयती जमीन में पानी आ रहा है रोक दिया गया, लेकिन हाल के मापी में यह स्पष्ट हो चुका है कि पानी निकासी के लिए जगह बनाने में किसी भी रैयत की भूमि अधिग्रहित नहीं होगी। स्थानीय पूर्व वार्ड सदस्य अशोक प्रसाद बताते हैं कि पूर्व में भी अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस संबंध में आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक इस पर कोई सुधार नहीं हुआ। इस सड़क पर सिर्फ एक सरकारी चापानल है जो की पूरी तरह सड़क में भरे किचड़ व पानी में डूब गया है, जिससे यहां पानी के लिए भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी निरंजन जायसवाल बताते हैं की बाजार आने-जाने के लिए इसी सड़क का प्रयोग होता है कई बार लोगों के मोबाइल एवं बाजार से लाई जाने वाली चीजें इस सड़क में बर्बाद हो चुकी है। जिससे लोगों का आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। लोगों ने उपायुक्त लातेहार से सड़क की मरम्मती समेत नाले के निर्माण की मांग की है।

# बीडीओ ने प्रधानाचार्य व बीएलओ से बैठक कर मतदान केंद्र सुविधाओं को दुरुस्त करने को दिये निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में 19 मार्च मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखण्ड निर्वाचन पदाधिकारी छंदा भटाचार्य ने बीएलओ एवं सभी विधालय के प्रधानध्यापको के साथ बैठक की। बैठक के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के सभी 37 बूथ के बीएलओ से मतदान केंद्र का जायजा लिया वंही जिस विधालय में बूथ बनाया गया हैं वँहा शौचालय, पानी, बिजली, रैम्प जैसे सुविधा को दुरुस्त करने के लिए विधालय के प्रधानध्यापक एवं सबंधित पंचायत के पंचायत सचिव को निर्देश दिया। मुखिया को इस कार्य मे सहयोग करने की अपील की साथ ही सभी बूथ के बीएलओ को अपने कार्य के प्रति निष्ठावान रहने के साथ निर्वाचन के आदेश निर्देश को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीएलओ पर्यवेक्षक दिनेश कुमार, प्रदीप कुमार, सचिव आनंद सिंह, मुखिया बीरेंद्र महली, सुमित्रा उरांव, अरबिंद उरांव, सुमन उरांव, चंद्रमणि उरांव, बीएलओ प्रवेज अख्तर, राजमणि मिंज, सुनीता देवी, सुचित्रा उरांव, सरोज उरांव, नसीमा खातून, मंसूर आलम, पंचम एतवा पहान, समीम अख्तर आदि उपस्थित थे।

## डंडीला में आगामी 20 मार्च को होली मिलन समारोह



**विश्रामपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में ग्रासिम इंडस्ट्रीज मुख्य द्वार के बगल में आगामी 20 मार्च को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह का आयोजन नवयुवक संघ द्वारा किया गया है। इसकी जानकारी संघ के संरक्षक प्रो.नंदलाल शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में बिहार और झारखंड के कई नामी भोजपुरी ब्यास और कलाकार शामिल होंगे। पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य करने हेतु कई प्रसिद्ध नार्तिकी भी आयेंगी। प्रो.शुक्ला ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला होंगे। इसके अलावा कई विशिष्ठ अतिथि भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने विश्रामपुर विस क्षेत्र के लोगों से होली मिलन समारोह में शामिल होने का अपील किया है।

**संक्षिप्त खबरें**

### वंदना दादेल को झारखंड के गृह सचिव के रूप में नियुक्त किया गया

**रांची।** झारखंड की तेज तर्रार आइएएस अधिकारी वंदना दादेल को झारखंड का गृह सचिव बनाया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें कि मुख्य निर्वाचन आयोग की सहमति के बाद विभाग यह फैसला लिया है। वंदना दादेल वन एवं पर्यावरण विभाग सचिव के साथ मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग के भी प्रधान सचिव के प्रभार में रहेंगी। चुनाव आयोग ने झारखंड सहित 6 राज्यों के गृह सचिव को सोमवार को पद से हटा दिया था। इसके बाद कार्मिक विभाग झारखंड ने गृह सचिव के पद के लिए वंदना दादेल, मनीष रंजन और अबू बकर सिद्दीकी के नाम आयोग को भेजे थे, इनमें से वंदना दादेल को गृह सचिव बनाया गया है।

### ई-लॉटरी के माध्यम से 1008 आवास आवंटित किए गए

**रांची।** ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चौलेंज इंडिया, पीएमएवाई (शहरी) के अंतर्गत आनि मौजा, पंचमुखी मंदिर, धुर्वा, रांची में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण किया गया, जिसके तहत् कुल सात ब्लॉक में 1008 आवासों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से रांची नगर निगम द्वारा किया गया है। 19.03.2024 को रांची नगर निगम द्वारा एल एचपी परिसर में कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमे लाभुकों, जिन्होंने अपना पूरा अंशदान दे दिया है, उन्हें पोजेशन सर्टिफिकेट दिया गया। आज प्रथम चरण में कुल 33 लाभुकों को पोजेशन सर्टिफिकेट दिया गया, जिन्होंने अपना अंशदान ससमय दिया था। बता दें कि अब तक कुल 467 लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान लगभग दे दिया गया है।इसके अलावा लाभुकों से ऑन स्पॉट होल्डिंग नंबर के लिए अवेदन लिया गया, जिसमे कुल 06 लाभुकों को होल्डिंग निर्गत कराया गया। बता दे कि अन्य लाभुकों को पोजेशन सर्टिफिकेट विभिन्न चरणों में कैम्प के माध्यम से दिया जायेगा। मौके पर सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, पीएमवाई के शाखा के कर्मी तथा लाभुक उपस्थित थे।

# विदेशी नागरिकों से साइबर ठगी के दो आरोपित गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का संचालन कर यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के लोगों से ठगी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर ठगों में एकरामुल अंसारी और रविकांत शामिल हैं। इनके पास से पांच लैपटॉप, चार पेन ड्राइव, 27 कंप्यूटर, एक मेमोरी कार्ड, तीन राउटर, सात मोबाईल, कॉल सेंटर के कर्मचारियों का अटेंडेंस रजिस्टर, एक जॉब अपॉइंटमेंट लेटर, एक लीज एग्रीमेंट, एक रेंट एग्रीमेंट, तीन चेक बुक और पांच क्रेडिट कार्ड बरामद किया गया है। सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रांची के अपर बाजार स्थित किशोरगंज चौक में बीएम हाइट्स स्थित तीसरे तल्ले के ऑफिस में अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। सूचना के बाद सीआईडी टीम से मामले की जांच करायी गयी। प्राप्त सूचना के अनुसार, रांची में 2021-22 में एक गिरोह कॉल सेन्टर चलाता था। बाद में कॉल सेन्टर को शिफ्ट करके गोरखपुर ले गये। यहां पर वे लोग यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों के साथ धोखाधड़ी करने के जुर्म में गिरफ्तार हुए। उन्हीं लोगों में से कुछ लोग रांची में कॉल सेन्टर चला रहे हैं और यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों के साथ धोखाधड़ी कर रहे है। इसके बाद सीआईडी की साईबर सेल, गोरखपुर और भारतीय अपराध समन्वय केन्द्र से संपर्क किया गया। सत्यापन के क्रम में पता चला कि दो लोग कादिर अंसारी और मोहम्मद एकरामूल अंसारी जो गोरखपुर में गिरफ्तार हुए थे, अब रांची के रहने वाले गौरव गुप्ता, विकास, सलोनी, वशीम और रवि कान्त के साथ मिलकर पिछले करीब एक साल से यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों के साथ धोखाधड़ी कर ठगी कर रहे हैं। डीजी ने बताया कि इस काम को करने के लिए ये लोग ऑस्ट्रेलिया के टेलीकम्युनिकेशंस कंपनी टेलस्त्र और ब्रिटिश टेलीकॉम के अधिकारी बनकर इंटरनेट स्पीड को फिक्स करने और अपग्रेड करने के नाम पर विदेशी नागरिकों को फोन करते थे। विभिन्न रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर ऐनी डेस्क सहित अन्य ऐप के माध्यम से वहां के नागरिकों के कम्प्युटर में इंस्टॉल करते थे। वायरस पाये जाने व कुछ अवैध गतिविधि पाये जाने के लिए नेशनल फ्रॉड इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी बनकर विदेशी नागरिकों को एक्सटॉर्शन ईमेल भेजते थे। साथ ही किसी बहाने से उनके विदेशी खाताओं से पैसे विभिन्न विदेशी वॉलेट में ट्रांसफर कर देते थे। उन्होंने बताया कि ये लोग हर दिन एक हजार लोगों को फोन कर चार-पांच लाख रुपये की हर दिन ठगी करते थे।

# सीता अधर्म की लंका से एक बार फिर मुक्त हुई है : प्रतुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा की सीता स्वयं खुद पत्र में ये स्वीकार किया है कि पार्टी के भीतर उनको हमेशा अपमानित किया जाता रहा है। उनकी और उनके बेटियों की हमेशा अनदेखी की जाती रही है। प्रतुल ने कहा वह भी तब हुआ जब सीता सोरेन झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी है और सोरेन परिवार की बड़ी बहू। प्रतुल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में बड़ी बहू को मां का दर्जा प्राप्त होता है। लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी मां समान बड़ी बहू को ही अपमानित किया। प्रतुल ने कहा कि झामुमो के प्रवक्ता ने सीता सोरेन के द्वारा उठाए गए मुद्दों का कोई जवाब दिया। जवाब भी कैसे देंगे।कोई जवाब ही नहीं है।प्रतुल ने कहा कि सीता सोरेन जी सत्ताधारी गठबंधन में रहने के बावजूद भी भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम चलाया करती थी।झामुमो के शहंशाह को यह बात शुरू से पसंद नहीं आती थी। परिवार में भी जब हिस्सेदारी की बात होती थी तो सीता सोरेन और उनकी बेटियों को हमेशा नजरअंदाज किया जाता रहा।झारखंड मुक्ति मोर्चा चाटुकारों से घिरी हुई पार्टी हो गई है। प्रतुल ने कहा कि आज सीता सोरेन के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने ट्विटर हैंडल से उनके लिए घर का भेदी लंका ढाए जैसे अपमानजनक बातों को लिखकर अपनी असलियत दिखा दी।यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने स्वीकार कर लिया कि यहां रावण राज के समान परिस्थितियों हैं और पूरे प्रदेश में अधर्म का शासन है। प्रतुल ने कहा ऐसे में तो किसी धर्म को मानने वाले विभीषण को अधर्म का प्रतीक बन गई लंका को नष्ट करने के लिए निकलना ही था।आखिरकार सीता अधर्म की लंका से एक बार फिर मुक्त हुई है।

## झारखंड आंदोलनकारियों और झारखंडियों की आवाज बनूंगा : पुष्कर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की पर मंडलीय बैठक डोरंडा झंडा चौक स्थित केंद्रीय कार्यालय में विदेशी महतो ने अध्यक्षता में हुई। संचालन अली हसन ने की । बैठक में बेहतर झारखंड राज्य बनाने, झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने राज्य गठन की तिथि से झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान ,अलग पहचान, रोजी रोजगार एवं नियोजन में 100त्न की गारंटी करने तथा सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु देने , राज्य में समता जजमेंट लागू कर 26 परसेंट रॉयल्टी का अधिकार झारखंडियों को देने आदि मुद्दों को लेकर लोकसभा के सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। आंदोलनकारी ने कहा कि अब आंदोलनकारी स्वयं अपनी आवाज बनेंगे और झारखंड आंदोलनकारियों व झारखंडियों की उपेक्षा तथा झारखंडियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ , जल, जंगल , जमीन हमले के मामले में खामोश रहने वालों को सबक सिखाने का निर्णय लिया गया। धनबाद से विदेशी महतो, लोहरदगा से स्टीफन किंडो, दुमका से जीतन कोल, हजारीबाग से गौरांग राय ,चतरा से अली हसन अंसारी, रांची से जितेंद्र सिंह, पलामू से गणेश रवि , कोल्हान पश्चिमी सिंहभूम से दामू बानरा, जमशेदपुर से भुवनेश्वर महतो प्रत्याशी होंगे। मौके पर पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों एवं झारखंडियों की आवाज बनेंगे , उनके अधिकारों , अस्मिता, अस्तित्व, स्वाभिमान की रक्षा की लड़ाई लड़ेंगे।

# सभी चिकित्सक एवं नर्स मैत्री के भाव से कार्य करें : रिम्स निदेशक


**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** आईसीएमआर द्वारा वित्त फंड प्राप्त परियोजना पर द्वितीय हस्तक्षेप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने कहा कि सभी चिकित्सक एवं नर्स मैत्री के भाव से कार्य करें। गरीब मरीजों के साथ उचित व्यवहार करते हुए उनके कष्टों के निराकरण के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि मैत्री के भाव से कार्य करने में बहुत सारी चीजे सरल एवं सहज हो जाती है। उन्होंने भगवान बुद्ध को प्रेरणा स्त्रोत मानते हुए उन्हीं के विचारों में चलने की सलाह दी। रिम्स इस परियोजना के लिए समन्वय केंद्र है और इसके तहत वरीय-कनिष्ठ चिकित्सक, नर्स व स्ट्रोक प्रबंधन से जुड़े सभी को प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यशाला में बुखार, शुगर और रक्तचाप प्रबंधन के साथ-साथ निगलने और बहु-विषयक टीम के महत्व पर चर्चा की गई।कार्यशाला में डीन डॉ विद्यापति, न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार, सहायक प्राध्यापक डॉ रूपेश कुमार, मेडिसीन विभाग के प्रोफेसर डॉ संजय कुमार सिंह के अलावा कई वरिष्ठ नर्स मौजूद थी।

## सांसद संजय सेठ ने पद्मभूषण कड़िया मुंडा से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने खूंटी जाकर झारखंड के वरिष्ठ राजनेता, लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और पद्मभूषण से सम्मानित कड़िया मुंडा से मुलाकात की। इस दौरान सांसद सेठ ने पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया।

मुलाकात के क्रम में मुंडा ने सांसद को श्रीफल और शगुन देकर आशीर्वाद प्रदान किया। सांसद सेठ ने कड़िया मुंडा से कई बिंदुओं पर चर्चा की और उनका मार्गदर्शन लिया। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर संसद को कड़िया मुंडा ने विजय होने का आशीर्वाद दिया। उनसे मुलाकात के बाद सांसद ने कहा कड़िया मुंडा सिर्फ भाजपा ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड के अभिभावक है। वह एक ऐसे व्यक्तित्व है, जो राजनीति से परे हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि विगत 5 दशक से अपने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में उनका मार्गदर्शन मुझे प्राप्त होता रहा। आज भी जब उनसे मिलता हूं तो समाज, राष्ट्र, परिवार, संगठन सहित कई बिंदुओं पर उनके अनुभव का लाभ मुझे मिलता है।

# शिकायतकर्ता पंकज यादव ने एसीबी को पत्र लिखकर मांगी सुरक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** रघुवर दास सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, अमर बाउरी, नीरा यादव, लुइस मरांडी और रणधीर कुमार सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) आय से अधिक संपत्ति की जांच कर रही है। इस कड़ी में एसीबी ने शिकायतकर्ता पंकज यादव को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था। लेकिन बयान दर्ज करवाने से पहले पंकज यादव ने एसीबी को मंगलवार को पत्र लिखकर अपनी सुरक्षा की चिंता जाहिर की है। पंकज यादव ने एसीबी को लिखे पत्र में कहा है कि उन्होंने जिन लोगों के खिलाफ शिकायत की है, वह काफी प्रभावशाली और भ्रष्ट है। अगर वह पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ गवाही देते हैं तो उनके और उनके परिवार के सदस्यों को जान का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए उनकी सुरक्षा बढ़ायी जाये। अपने पत्र के साथ पंकज ने स्पेशल ब्रांच की एक रिपोर्ट भी एसीबी को दी है। इसमें यह कहा गया है कि पंकज यादव की मौजूदा सुरक्षा पर्याप्त नहीं है, इसलिए उनकी सुरक्षा बढ़ायी जानी चाहिए। पिछले वर्ष हेमंत सरकार की कैबिनेट ने पांच पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी को जांच की मंजूरी दे दी थी। झारखंड हाईकोर्ट में वर्ष 2020 में पंकज कुमार यादव ने रघुवर सरकार में मंत्री रहे नीलकंठ सिंह मुंडा, नीरा यादव, अमर बाउरी, लुईस मरांडी और रणधीर सिंह की संपत्ति की जांच के लिए एक जनहित याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया कि रघुवर सरकार के पूर्व मंत्रियों ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है।

## विपरीत परिस्थितियों में भी जनता झामुमो के साथ है, सीता का पार्टी छोड़ना दुखद : महुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यसभा सांसद और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो दिशुम गुरु शिबू सोरेन के दिवंगत पुत्र दुर्गा सोरेन की पत्नी जामा से विधायक रही सीता सोरेन दिल्ली स्थित कार्यालय में भाजपा का दामन थाम ली है। सीता सोरेन के भाजपा में जाने के बाद झारखंड की राजनीतिक गरमा गई है। एक ऐसे समय में सीता ने झामुमो पार्टी छोड़ी है जब झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल की सलाखों के पीछे हैं और राज्य की सत्ता महागठबंधन वाली पार्टी और झामुमो के विधायक वरीष्ठ नेता चंपाई सोरेन के हाथों में है वे हमारे राज्य के मुख्यमंत्री हैं। ऐसे समय में झारखंड से राज्यसभा के सांसद और झारखंड मुक्ति मोर्चा की महिला अध्यक्ष डॉ महुआ मांजी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद झारखंड की राजनीति में झारखंड मुक्ति मोर्चा इस दौरान विपरीत परिस्थितियों से गुजर रही है बावजूद इसके राज्य की जनता झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति समर्पित है। लगातार आंदोलन जारी है और जनता लगातार भाजपा और भाजपा की नीतियों को नकार रही है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में झारखंड मुक्ति मोर्चा कि घर की बहू सीता सोरेन का भाजपा का दामन थामना अविश्वसनीय ही नहीं बल्कि दुखद भी है । अगर उन्हें किसी तरह की परेशानी थी तो पार्टी स्तर पर रख सकती थी , उनका झारखंड मुक्ति मोर्चा से अलग होना उनकी अपनी जो भी परिस्थितियों रही हो, लेकिन वर्तमान समय में पार्टी छोड़ने जल्दीबाजी और गलत निर्णय साबित होगा।



# रांची में चलाया गया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में आपराधिक घटनाओं पर अकुंश लगाने के लिए मंगलवार को विभिन्न इलाकों में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। कई चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर चलाये गये अभियान के तहत पुलिस ने बाइक और कार की जांच की। कागजात के साथ चालक की भी तलाशी ली गयी। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में मेन रोड, रातू रोड, कचहरी चौक, सिटी डीएसपी कुमार वेकटेश रमण के नेतृत्व में कांटा टोली, लालपुर, सदर डीएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में डिस्टलरी पूल सहित अन्य जगहों पर अभियान चला। अभियान में पीसीआर के अलावा गश्ती पुलिस की टीम भी शामिल थे।

### सेमीफाइनल मैच में बोकारो ने रांची को हराया

**रांची :** जेएससीए द्वारा आयोजित अंडर 14 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में सेमी फाइनल मुकाबला में रांची को बोकारो से हार का सामना करना पड़ा।पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने 38.1 ओवर मे 189 रन बनाकर ऑल आउट हो गई रवि राज 76 यश राज 45 रन बनाए अविनाश और अंकित ने 3-3 विकेट लिए, जवाब मे बोकारो की टीम ने 38.4 ओवरों मे 4 विकेट खोकर 192 रन बना कर लक्ष्य हासिल कर लिया। आयुष ने नाबाद 84 अविनाश ने 41 रन बनाएं यश और प्रांजल को 1-1 विकेट प्राप्त हुआ।

# टिकट मिलने में हो रही देरी से सुबोध कांत व रामटहल की धड़कनें हुई तेज

**परवेज़ कुरैशी**



**रांची।** लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है । झारखंड में चार चरणों में चुनाव होना है । 25 मई 2024 को रांची लोकसभा में मतदान होना है। लेकिन अभी सिर्फ भाजपा ने ही संजय सेठ के नाम की घोषणा की है, कि वे रांची लोकसभा से उम्मीदवार रहेंगे। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा , कांग्रेस , राजद, सीपीआईएमएल वाली महागठबंधन की ओर से रांची लोकसभा के लिए अभी तक नामों की घोषणा नहीं हुई है। जिस कारण से कांग्रेस से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय और भाजपा से पूर्व सांसद रहे रामटहल चौधरी की धड़कनें तेज हो गई है। सुबोध कांत सहाय इस उम्मीद में बैठे हुए हैं कि जल्द से जल्द कांग्रेस से उन्हें टिकट मिल जाए ताकि वे राजनीति की अपनी अंतिम पारी बेहतर तरीके से पूरा कर सके और जनता के बीच जाकर चुनाव प्रचार कर सके। वहीं भाजपा से कई बार रांची लोकसभा के सांसद रहे और 2019 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में किस्मत आजमाने वाले रामटहल चौधरी भी इस बार टिकट की फिराक में लगे हुए हैं, कि उन्हें कांग्रेस के तरफ से इशारा मिलने का इंतजार है। इसी उम्मीद से रामटहल चौधरी जनता के बीच पहुंच रहे हैं और अपनी पारी का इंतजार कर रहे हैं। दोनों का नेताओं से बातचीत करने पर सुबोध कांत सहाय ने बताया कि यदि समय पर टिकट की घोषणा हो जाने से चुनाव प्रचार करने में थोड़ा आसानी होती है। वहीं रामटहल चौधरी ने कहा कि मेरा जनता से मिलना जुलना जारी है, जनता के सभी कामों में , मैं पहुंच रहा हूं और यह मेरी दिनचर्या में शामिल रहा है ,बस टिकट मिलने का औपचारिक इंतजार है।

# रांची में दूसरे दिन भी हुई बारिश, गिरा पारा, बढ़ी ठंड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** राज्य में मंगलवार को दूसरे दिन भी झमाझम बारिश हुई। इससे पारा गिर गया और ठंड का एहसास हो रहा है। मंगलवार दोपहर बाद से ठंडी हवा चल रही है। रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश हुई। एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा 38.2 एमएम रामगढ़ में दर्ज की गई। वहीं, 35.8 डिग्री सेल्सियस के साथ गोड्डा सबसे गर्म जिला रहा। रांची जिला 16.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा रहा। राज्य में अगले 2-3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। इस संबंध में रांची मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में मौसम का जो सिस्टम फिलहाल बना हुआ है। उसका व्यापक असर देखने को मिला है। एक चक्रवर्ती लहर है, जो बंगाल की खाड़ी से नमी ला रहा है। इसके साथ एक टर्फ झारखंड से लेकर तटीय आंध्र प्रदेश तक बना हुआ है। इसका भी असर झारखंड के मौसम में देखने को मिल रहा है। इसके प्रभाव से कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। साथ ही गर्जन के साथ वज्रपात देखने को मिल रहा है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई गई है। अभिषेक आनंद के अनुसार बुधवार को राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी, मध्य भागों गुमला, खूंटी, रांची, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम वर्ज की वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं पर 40- 50 किमी घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की संभावना है। इसे लेकर ब्लू अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 21 मार्च को भी राज्य के उत्तर-पूर्वी, दक्षिण-पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि 20 मार्च को पश्चिमी और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

# सीता ने भाजपा का दामन थामा इसके लिए उन्हें शुभकामनाएं : सुप्रियो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची ।** दिशुम गुरु शिबू सोरेन के दिवंगत पुत्र दुर्गा सोरेन की पत्नी और जामा से विधायक रही सीता सोरेन के भाजपा में जाने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय में केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी की ओर से सीता सोरेन को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता यदि पार्टी को छोड़ता है तो यह पार्टी के लिए ठीक नहीं होता, लेकिन सीता सोरेन ने कुछ निश्चय करके त्याग पत्र दिया है तो फिर इस विषय में कुछ कहना ही नहीं। दुमका से लोकसभा का चुनाव कल्पना सोरेन या हेमंत सोरेन के चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी संतुलित करके चलती है, हर समर्पित कार्यकर्ता पर ध्यान केंद्रित करना पड़ता है। गुरुजी के निर्णय को सर्वमान्य मानते हुए दुमका लोकसभा के किसी भी उम्मीदवार की जीत को सुनिश्चित करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा का हर कार्यकर्ता समर्पित होगा। जनता देख रही है कि कैसे भाजपा घर तोड़ने का काम कर रही है।

## चुनाव प्रशिक्षण के लिए आरकेएमयू ने की बस देने की मांग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन आम्रपाली चंद्रगुप्त एवं मगध संघमित्रा क्षेत्र के क्षेत्रिय सचिव मोहम्मद जहूर ने आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह और मगध संघमित्रा एरिया के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ से लोकसभा चुनाव के लिए चतरा प्रशिक्षण पर जाने वाले कामगारों के लिए बस उपलब्ध कराने की मांग की है।साथ चुनाव पर जाने वाले कामगारों को 31,500 रुपये एडवांस देने व कामगारों का दो-दो करोड़ रूपये का बीमा कराने की मांग की है।उन्होंने कहा कि यदि यूनियन की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

## स्व दलगोविंद जयंती समारोह आज

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दलगोविंद स्मारक समिति सिल्ली के तत्वावधान में 20 मार्च बुधवार को थाना टांड के समीप स्थित स्वर्गीय दलगोविंद की प्रतिमा स्थल पर स्वर्गीय दलगोविंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में क्षेत्र के समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। स्मारक समिति के कमल किशोर कुशवाहा ने इसकी जानकारी देते हुए आम जनों को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## लोक सभा चुनाव को लेकर बीईईओ ने किया बैठक

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड संसाधन केंद्र में मंगलवार को लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विमल कांत झा ने प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं संकुल साधन सेवीयों के साथ बैठक की। बीईईओ ने सभी संकुल साधन सेवीयों को मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर उपलब्ध संसाधनों का चिन्हित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने आगामी 27 मार्च तक मतदान केन्द्रों का निरिक्षण कर भवन, उपस्कर, पेयजल, शौचालय, बिजली, रैम्प जैसी मुलभुत सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ मनोज कुमार, कृष्णा हेंब्रम, सीआरपी विंध्याचल राय, कल्याणी कुमारी, जैकलिन विलियम एक्का, अपर्णा कुंडू, रुबी देव, मो हासिम, भगीरथ हजाम, सुभाषिश दास, दिलीप कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## टाटा एआईए लाइफ शानदार निवेश प्रदर्शन प्रदान करता है

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा एआईए ने बेहतर निवेश अवसरों की निरंतर आपूर्ति के साथ निवेशकों का महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बेंचमार्क के ट्रैक रिकॉर्ड का दावा करते हुए, टाटा एआईए के 8 यूनिट लिंक्ड प्रोडक्ट्स का सूट संपत्ति बनाने की चाहत रखने वालों के लिए एक आकर्षक विकल्प साबित हुआ है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, टाटा एआईए के फंड ने लगातार बेंचमार्क को पार कर लिया है, इसके 95.25% रेटेड एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) ने 31 जनवरी, 2024 तक मॉर्निंगस्टार रेटिंग द्वारा 4-स्टार या 5-स्टार रेटिंग हासिल की है। 29 फरवरी 24 तक कुल एयूएम 96,532 करोड़ रुपये है, कंपनी की निवेश पेशकश ने निवेशकों का काफी ध्यान आकर्षित किया है।

## एनईएसएफबी ने आकर्षक सावधि जमा दरों की घोषणा की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्र के अग्रणी वित्तीय संस्थान नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक (एनईएसएफबी) ने अपने ग्राहकों के लिए वित्तीय विकास और स्थिरता बढ़ाने के लिए उन्नत सावधि जमा योजनाएं शुरू की हैं। आम जनता के लिए 8.50ब तक की प्रतिस्पर्धी दरों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रभावशाली 9.25ब के साथ, एनईएसएफबी ने बचत वृद्धि के अवसरों में एक नया मानक स्थापित किया है।एनईएसएफबी की नवीनतम एफडी दरें वित्तीय सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिज्ञा को मजबूत करती हैं, जो अपने ग्राहकों, विशेष रूप से पूर्वोत्तर समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाने के बैंक के मिशन के अनुरूप है। फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन के समान एक स्थिर आय स्ट्रीम प्रदान करते हैं, जो एक नियमित आय स्ट्रीम प्रदान करते हैं जो उनके सेवानिवृत्ति के वर्षों में उनका समर्थन करते हैं, क्योंकि इन जमाओं से उत्पन्न ब्याज आय का एक विश्वसनीय स्रोत है।

## पिपरवार कोयलांचल मे दिखा चक्रवात तुफान का असर

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र



और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को लगातार दुसरे दिन भी चक्रवात तूफान का असर देखने को मिला।दिन भर बादल छाए रहने के बाद दोपहर के बाद से मौसम में अपना मिजाज को बदला और तेज आंधी तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई।वहीं गरज के साथ कई जगह पर ओलावृष्टि होने की भी सूचना है।जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर से तेज हवाओं के साथ हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया है।वही मंगलवार को भी खराब मौसम की मार देखने को मिला।तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश से एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया है।बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से पूरे इलाके में ठंड जैसा माहौल बन गया है।वही तेज हवा और गरज के बीच बचरा के आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई।अचानक मौसम में आयी बदलाव के बाद तापमान में भी गिरावट देखी गई।इस दौरान कोयलांचल क्षेत्र में एक बार फिर से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।लोग एक बार फिर से गर्म वस्त्र का उपयोग करने लगे हैं।मौसम में बदलाव के बीच क्षेत्र के चौक चौराहा एवं बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है।बारिश और ठंड से बचने को लेकर लोग अपने-अपने घरों में दुबके हुए हैं।बारिश के कारण क्षेत्र के सड़कों की सूरत बदल गई है। सड़कों पर कीचड़ों का अंबार लगा हुआ है जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी हो रही है।कोयला खदानों के हॉल रोड में भारी मशीनों का परिचालन बंद हो गया है।

## मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वीप कांषांग के तहत मतदाता जागरुकता




अभियान के तहत खूंटी के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई। हाथों में मतदाता जागरुकता संबंधी तख्तियों के साथ रैली में शामिल विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता के संदेश दिए। लोकतंत्र में चुनाव का महत्व सर्वोपरि है। इसे लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था की रीढ़ कहा गया है। 18 वर्ष आयु के प्रत्येक नागरिक को अपने मत देने का अधिकार प्राप्त है। हम सभी को अपने स्तर से मतदाता जागरूकता के अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। मतदाताओं को मताधिकार की महत्ता से अवगत कराते हेतु बताया गया कि अपने गांव-घर का एक भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से छूट ना जाए इस हेतु उन्हें मतदान के प्रति जागरुक करना हमारी नैतिक जिम्मेवारी बनती है।

# राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप साहू व अंचल अमीन प्रभु पाहन को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप साहू व अंचल अमीन प्रभु पाहन को एसीबी की टीम ने रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा है। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर रांची ले गई। मंगलवार दोपहर को एसीबी की टीम ने शिकयतकर्ता मनोज मुण्डा, पिता-पिता स्व0 गंगाराम मुण्डा, ग्राम राजाडेरा (टंगटंग टोली) थाना-अनगड़ा, जिला-राँची की शिकायत पर कार्यवाई कर राजस्व उप निरीक्षक वो अंचल अमिन को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार, गिरफ़्तारी कर एसीबी की टीम दोनों कर्मचारियों अपने साथ ले कर गई। गिरफ्त में आये कर्मचारी में से एक अंचल उप निरीक्षक कुलदीप साहू व अंचल अमीन प्रभु पाहन है द्व एसीबी शिकायतकर्ता मनोज मुण्डा ने अंचल कार्यालय में दिनांक-16.09.2023 को अपनी जमीन, जिसका खाता संख्या-55, प्लॉट संख्या-1714, 1715, 1717. 1718 में कुल रकबा 26 एकड़ 52 डी0 जमीन जिसका पंजी-II में प्लॉट चढ़ाने के लिए अनगड़ा अंचल कार्यालय में ऑनलाईन करने के लिए आवेदन दिया था। ऑन लाइन प्लॉट चढ़ाने के नाम पर अंचल में कार्यरत राजस्व उप निरक्षक कुलदीप साहू व अंचल अमिन प्रभु पाहन के द्वारा बोला गया कि एक हजार रूपया प्रति डी0 के हिसाब से खर्चा लगता है, तूम ऐसा करो कि जो जरूरी प्लॉट है उसी का काम करवा लो। इस पर 2 (दो) प्लॉट ऑनलाईन चढवाने के बारे में बोलने पर राजस्व उपनिरीक्षक कुलदीप साहु ने आवेदक से कहा की तुमको 800 रू0 प्रति डी0 के हिसाब से 1,40,000/-रू0 (एक लाख चालीस हजार) होता है, तो तुम एक लाख रूपया दे दो, कुछ समय चाहिए तो दे रहे है और 20 से 25 हजार में काम नही होगा। रिश्वत की मांग की थी तब शिकयत कर्ता ने एसीबी को आवेदन किया था इस आवेदन पर कार्यवाई करते हुए एसीबी की टीम ने शिकायत के आधार पर तथ्यों की जांच की जब शिकायतकर्ता की शिकायत सही पाई गई तब एसीबी की टीम ने तथ्यों की जांच की. शिकायत सही पाई गई तो एसीबी की टीम ने जाल बिछाया। और राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप साहू व अंचल अमीन प्रभु पाहन को दी गई रिश्वत की राशि के साथ रंगे हाथ पकड़ा द्व अंचल कर्यालय में आने वाले ग्रामीणों ने बताय की कई लोग मज़बूरी में रिश्वत दे कर अपना काम करवातें है रिश्वत के बिना कोई काम नहीं किया जाता रिश्वत को कर्मचारीयों ने शिस्टाचार बना दिया है रिश्वत नहीं देने पर किसी अन्य अंजान लोगों से अंचल कार्यालय में आपत्ति डालकर ब्लेक मेल करतें हैं और उस आपत्ति के नाम पर अवेध वसूली करतें हैं लगभग सभी अंचल कार्यालयों का यही हाल है इस तरह की कार्यवाई से इन भ्रष्ट कर्मचारीयों पर डर बना रहेगा इस तरह की कार्यवाई से हम सभी ग्रामीण काफी सकून महसूस कर रहें है ।

# बुढ़मू के सिरम जंगल में टीएसपीसी का उग्रवादी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के कमांडर राहुल गंझू उर्फ खलील दस्ता के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के कमांडर राहुल गंझू दस्ता सदस्यों के साथ सिरम जंगल में है। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार और ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनीत कुमार और क्यूआरटी टीम ने उक्त क्षेत्र के छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कमांडर राहुल गंझू जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जबकि एक दस्ता सदस्य दिलेशर गंझू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सर्च के दौरान पुलिस ने एक बाइक और एक मोबाइल जब्त किया है। फिलहाल गिरफ्तार उग्रवादी से पूछताछ की जा रही है। साथ ही मोबाईल का डेटा खंगाल रही है।

# पंचायत सहायक संघ ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को पंचायत सहायक संघ ने सरकार से अपनी मांगों के पूर्ण होने की खुशी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में पंचायत सहायक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार, जिला अध्यक्ष गौतम कुशवाहा शामिल हुए। समारोह में पंचायत सहायकों ने मिठाईयां बाटी और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशी जाहिर की। मौके पर पंचायत सहायक के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि हमलोग शुरू से ही सरकार के कार्यों के सहयोगी रहे हैं और आने वाले समय में भी हमें जो भी कार्य दिया जायगा उसका निर्वाहन बढ़ियां ढ़ंग से करेंगे। हमलोगों ने 253 दिनों के आंदोलन के बाद अपने हक और अधिकार लिये हैं। जिससे हमसब में खुशी का माहौल है। उन्होने आगे पंचायत सहायकों से कहा कि हमलोग पंचायत के कार्यो के सहयोगी हैं। मुखिया और पंचायत सचिव से मिलकर तालमेल बैठाकर काम करेंगे। ताकी गांव-पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इससे पूर्व संघ के प्रखंड कमिटि का पूर्णगठन किया गया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष रामदयाल प्रजापति, सचिव खालिद अंसारी और कोषाध्यक्ष विनीता कच्छप को चुना गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राहुल उराँव, प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, संजय साह, पंचायत सहायक रामदयाल प्रजापति, खालिद अंसारी, तबरेज अंसारी, दिलीप लोहरा, बसंत लोहरा, इमरान अंसारी, मतिया महतो, अफताब आलम, जयजीत उराँव, गोविन्द भगत, प्रदीप उराँव, सबनम खातुन, बोलवा उराँव, बिरसा उराँव, हादिम मलिक, राकेश उराँव, सीमा उराँव, मधुमति उराँव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** लोक सभा निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media) Certification & Monitoring Committee) का गठन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, खूंटी की अध्यक्षता में किया गया है। मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने के दौरान किसी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी द्वारा अपने पक्ष में मतदान हेतु प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की कार्य प्रणाली एवं कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। MCMC सूचना भवन, जिला जनसम्पर्क कार्यालय, खूंटी में कार्यरत है। इस दौरान बताया गया कि निर्वाचन के दौरान चुनाव प्रचार से संबंधित प्रकाशित विज्ञापन का छानबीन तथा वल्क एस0एम0एस0 / आवाज संदेशों/ टी0वी0 चैनलों/केबल नेटवर्क/रोडियो/निजी एफ0एम0 चैनल / सिनेमा हॉल / सार्वजनिक स्थानों पर एवी में प्रदर्शित या सोशल मीडिया/समाचार पत्र एवं किसी अन्य प्रकार के प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचारित करना पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है। प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC का अनुमति अनिवार्य है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की सामग्री का प्रसारण करने से पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से पूर्वानुमति आवश्यक होगी। राष्ट्रीय/राजकीयकृत राजनीतिक दल /प्रत्याशी को किसी भी सामग्री के विज्ञापन प्रसारण की तिथि से 3 दिन पूर्व एवं अनरजिस्टर्ड राजनीतिक दल या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रसारण की तिथि के 7 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

# झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के होली मिलन समारोह मे शामिल हुए पिपरवार के लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के द्वारा टंडवा के गाड़ीलोंग मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र से भी काफी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता सहदेव प्रजापति एवं संचालन संजय प्रजापति ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति,प्रदेश महामंत्री ईश्वरचंद्र प्रजापति,प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत बुके देकर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया।कार्यक्रम के दौरान टंडवा प्रखंड अध्यक्ष का चयन किया गय,जिसमें सर्वसम्मति से सियाराम प्रजापति को अध्यक्ष बनाया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाब लगाकर होली की बधाई दी।वहीं कार्यक्रम में समाज के लोगों को अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया गया।समाज के सभी लोगों को एकजुट होने की अपील की गई।इस मौके पर चतरा जिला अध्यक्ष गौतम प्रजापति,जिला उपाध्यक्ष महावीर प्रजापति,कमलेश प्रजापति,पप्पू प्रजापति, इंदुराम प्रजापति,विनोद प्रजापति,संजय प्रजापति, बेंती पंचायत अध्यक्ष सिकेन्द्र प्रजापति,राजेश प्रजापति, खजांची प्रजापति,हेमराज प्रजापति,छोटू प्रजापति, उमेश प्रजापति,दिलीप प्रजापति,योगेंद्र प्रजापति सहित समाज से जुड़े कई लोग शामिल हुए।

## सरहुल पूजा की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करमचन्द भगत महाविद्यालय में



मंगलवार को सरहुल पूजा की तैयारी को लेकर बैठक किया गया। बैठक में निर्णय लिया कि करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के प्रांगण में आयोजित सरहूल पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही आदिवासी रीति रिवाज से प्रकृति महापर्व को मनाया जाएगा। बैठक में कुरुख विभाग के प्रो. नीरू कुमारी, अनिल उरांव, दर्शन शास्त्र विभाग बिरसा उरांव, फूलों तिर्की, मुकेश उरांव, अनिता कुमारी, कमलेश उरांव, रेजीना तिर्की, आगस्ती कुमारी, रजनी कुमारी, सोनू उरांव व अंशु खेस सहित महाविध्यालय के कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रखंड विकास



पदाधिकारी शशि नीलिमा डूंगडूंग के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कुर्गी, सेमरा, पलमा, गढ़गांव , चचगुरा, भंडारा कुल्ली सहित अन्य गांव का भ्रमण कर विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया गया. एव सभी बूथों में मतदान से संबंधित मूलभूत सुविधा जैसे रैम्प , पेयजल, फर्नीचर, बिजली, एवं शौचालय से संबंधित सुविधाओं को तत्काल दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया. मौके पर बीएसओ हेमंत एक्का, प्रखंड नजारत चंदन तिवारी, प्रखंड समन्वयक विकास कुमार सहित अन्य शामिल थे

## विधायक ने मृतक के परिवारजनों से मिलकर संतावना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड अंतर्गत चामा पंचायत



के ग्राम चोडा में सरवन उरांव( उम्र 18), ऋतिक महली (उम्र 18) एवम् अनीश उरांव (उम्र 19) की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई, इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों द्वारा मिलने के उपरांत स्थानीय विधायक श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की एवं माननीय पूर्व मंत्री बंधु तिर्की मिट्टी संस्कार कार्यक्रम मे शामिल हुए, मृतक के परिवारजनों से मिलकर संतावना व्यक्त करते हुए ढाढस बंधाया। साथ ही विधायक एवं पूर्व मंत्री ने आगे किसी भी परिस्थिति मे साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

## लोक सभा चुनाव को लेकर थाना प्रभारी मोहित कुमार ने बूथों का निरीक्षण किया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनावों की घोषणा किए




जाने का बाद से इलाके में इसको लेकर तैयारियां जोरों पर है। सिल्ली थाना क्षेत्र में पड़ने वाले सभी बूथों की जांच की जा रही है। सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार ने सोमवार को थाना क्षेत्र के दोबाडू एवं पोगड़ा पंचायत इलाके में पड़ने वाले सभी बूथों की जांच की उन्होंने बताया कि बूथों के निरीक्षण में इनपर मौजूद सभी सुविधाओं का आंकलन किया जा रहा है। इसका काम तेजी पर है जल्दी ही इसे पूरा करके रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने चलाया जांच अभियान

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव को लेकर इटकी



पुलिस ने थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने दर्जनों दो पहिया व चार पहिया वाहनों को रोका और वाहनों के कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की। पुलिस ने चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर व दो पहिया वाहनों के चालकों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दे कर छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के अनुसार वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## गणेश स्पोर्टिंग क्लब के दो खिलाड़ियों का झारखंड स्टेट जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के दो एथलेटिक्स खिलाड़ी छोटु उरांव एंव संजय उरांव का 17वी झारखंड स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है।प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा 20 मार्च से 22 तक कुमैठह स्पोर्ट्स कंपलेक्स देवघर में कराया जाएगा।इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चयनित किए गये क्लब के एथलेटिक्स खिलाड़ियो का नाम लंबी कूद में छोटू उरांव टोप्पो एवं 600 मीटर दौड़ में संजय उरांव का चयन किया गया है।गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया कि इससे पूर्व यह दोनों एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर चुके हैं।इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों के साथ में कोच के रूप में गणेश कुमार महतो भी देवघर के लिए रवाना हुए। वही दोनों खिलाड़ियों के चयन पर कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने बधाई दी है। साथ ही बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने इलाके का नाम रोशन करने की अपील की है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## चोरी से बिजली कनेक्शन लेने के विरुद्ध ईचागढ़ थाना में 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पुरानडीह, गौरांगकोचा एवं ईचागढ़ में अबैध बिजली कनेक्शन कर बिजली जलाने के खिलाफ दण्ड राशि वसूली के लिए ईचागढ़ थाना में मामला दर्ज कर किया गया। बिजली विभाग द्वारा पुरानडीह , गौरांगकोचा एवं ईचागढ़ में छापेमारी अभियान चलाया गया एवं अवेध रूप से टांका लगाकर बिजली जलाने वालों का कनेक्शन काट दिया गया। विद्युत कनिय अभियंता ने बताया कि पुरानडीह के घनश्याम पुरान, गौरांगकोचा के मंगल हेम्ब्रम , ईचागढ़ के मकसूद आलम,शेख सद्दाम,सुरज कुमार गुप्ता, रामजी साहू, आमिर अमीन ,बाबु साव,गजानन साव तथा सुबोध कुमार साव के खिलाफ ईचागढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। सभी पर 4139 रूपए दण्ड राशि निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध बिजली कनेक्शन के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## बीडीओ ने किया मतदान बूथों का निरीक्षण

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के नदिसाई,नारो, नवाडीह एवं डुमरा गांव के मतदान केन्द्रों का प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो ने निरीक्षण किया। बूथों में शौचालय, पानी व बिजली कनेक्शन का जायजा लिया। उन्होंने डुमरा प्राथमिक विद्यालय में हाथी द्वारा तोड़े गए शौचालय का चारदीवारी को दुरुस्त करने एवं शौचालय को चालू करने का निर्देश प्रधानाध्यापक को दिया। वहीं उन्होंने बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। किकू महतो ने बताया कि आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर स्कूलों में संचालित होने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि सुचना मिल रही है कि कुछ मतदान केन्द्रों में शौचालय का उपयोग नहीं किया जाता है या खराब है। कहीं पानी, बिजली का समस्या है। उन्होंने कहा कि जो भी त्रुटियां देखने को मिला उसे तत्काल दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया है

## आवेदन के बावजूद सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं 32 वर्षीय दिव्यांग अर्जुन

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की लच्छीपुर पंचायत अंतर्गत चुड़दा निवासी बासुदेव गोराई के 32 वर्षीय दिव्यांग पुत्र अर्जुन गोराई सभी सरकारी सुविधाओं से वंचित है। अर्जुन को दिव्यांगता पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, ट्राई साइकिल के अलावे अन्य किसी भी तरह की सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलता है। पिता बासुदेव ने बताया कि अर्जुन को दिव्यांग पेंशन व आवास की सुविधा के लिए वार्ड सदस्य, मुखिया, ग्राम सेवक को कई बार आवेदन पत्र भरकर देने के बावजूद आज तक कोई लाभ नहीं मिला है। दिव्यांग कोटा से बनने वाले आवास योजना का लाभ से भी वंचित रखा गया है। चलने फिरने में असमर्थ अर्जुन को प्रखंड कार्यालय से मिलने वाली ट्राई साइकिल भी नहीं मिलने से वह लाचार है। थक हारकर परिजनों ने अब सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र भरना ही छोड़ दिये है। पिछले दिनों पंचायत मुख्यालय में आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर में भी प्रखंड पदाधिकारीयों को मामले से अवगत कराते हुए मदद की गुहार लगाई गई थी लेकिन उसमें भी सिर्फ आश्वासन ही मिला है।



## अनियंत्रित 407 वाहन ने स्कूटी सवार को रौंदा, दो घायल

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहा है. आपको बता दें कि सोमवार को जहां चांडिल थाना क्षेत्र के कांदरबेड़ा में अनियंत्रित कार सवार ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी थी. जहां आदित्यपुर के चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी थी. इधर मंगलवार को एकबार फिर से कपाली ओपी अंतर्गत पूड़ी सिल्ली के समीप जमशेदपुर की ओर से आ रहे अनियंत्रित 407 वाहन ने स्कूटी सवार को रौंद दिया. हादसा इतना जबरदस्त था कि लगभग 1 किलोमीटर तक 407 वाहन ने स्कूटी को रौंदते हुए ले गया. उधर घटना के बाद चालक मौके से भाग निकला. वहीं सूचना मिलते ही कपाली ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और स्कूटी सवार दोनों घायल युवकों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भिजवाया. बताया जा रहा है कि दोनों युवक नदी में स्नान कर स्कूटी से लौट रहे थे. इसी दौरान शर्मा होटल के समीप 407 वाहन ने स्कूटी सवार को अपनी चपेट में ले लिया. बताया जा रहा है कि दोनों स्कूटी सवार की स्थिति नाजुक बनी हुई है।



## होली को लेकर सदर थाना में शांति समिति की बैठक

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रंगों के त्योहार होली को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर सदर थाना परिसर पर मंगलवार को शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी हीरालाल कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदर एसडीओ सरायकेला सुनील कुमार प्रजापति, एसडीपीओ सरायकेला संतोष कुमार मिश्रा, प्रखंड विकास पदाधिकारी येस्मिता सिंह, अंचल अधिकारी सरायकेला प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी, अधिवक्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता जलेश कवि, कई पंचायतों के मुखिया एवं शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बताया गया कि लोकसभा चुनाव तिथि घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू है। हम सबों को अपने पारंपरिक त्योहार को मानते समय यह भी ध्यान रखने की आवश्यकता है कि होली के नाम पर हुडदंग, अश्लील हरकत, किसी वर्ग या संप्रदाय विशेष को आहत करने वाले गाना या नारे नहीं लगनी चाहिए। कहा गया कि सोसल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक अफवाहें की जानकारी मिले तो उसे स्वयं भी फैलाने के बजाय एक जागरूक नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करते हुए प्रशासन को जानकारी दें। पुलिस की टेक्निकल विभाग की भी सोसल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी।



# एक साथ 4 शव के पहुंचने पर मचा चीत्कार, आंसुओं की धार के बीच कॉलोनी के लोग शव देखने उमड़े

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीते सोमवार को आदित्यपुर-दो कॉलोनी निवासी चार युवकों के चांडिल एनएच-33 कांदरबेड़ा में हुए भीषण सड़क दुर्घटना में मौत के बाद मंगलवार को शवो का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस बीच चार शवो के कॉलोनी में पहुंचने पर मातमी सन्नाटा पसर गया। गौरतलब है कि उक्त भीषण सड़क दुर्घटना में आदित्यपुर दो कॉलोनी के चार युवको में बाबा आश्रम कॉलोनी निवासी निखिल, रोड नंबर 17 निवासी संस्कार मिश्रा, रोड नंबर 22 निवासी सूरज कुमार, रोड नंबर 21 निवासी नवनीत शर्मा की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना के बाद मंगलवार को चारों युवको के शव का जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। इधर मंगलवार दोपहर आदित्यपुर कॉलोनी में सभी चारों शव के



पहुंचने पर हर तरफ चीत्कार मच गया। बच्चों से लेकर बूढ़े महिला-पुरुष सभी शव को देखने उमड़ पड़े। आंसुओं के धार के बीच चारों शव का अंतिम संस्कार जमशेदपुर के पार्वती घाट पर कर दिया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में आदित्यपुर कॉलोनी के लोग शामिल हुए। शव को देखने पहुंची महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल था जबकि परिजन को लोग ढाँढस बंधाने में लगे थे। शव यात्रा में क्षेत्र के सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र के लोग भी शामिल रहे। विदित है कि मृतकों में तीन अपने घर के इकलौते चिराग थे जिनकी असामयिक मौत से पूरा परिवार सदमे में है।

### तीन महीने में 10 युवक भीषण सड़क हादसे में मर गए

विगत तीन महीने के अंदर आदित्यपुर कॉलोनी के 10 युवक भीषण सड़क दुर्घटना में असमय काल के गाल में समा गए हैं। इससे पूर्व विगत एक जनवरी की अहले सुबह आदित्यपुर बाबा आश्रम कॉलोनी के रहने वाले 6 युवक भी ठीक इसी प्रकार भीषण सड़क दुर्घटना में मारे गए थे। इस घटना के ठीक तीन महीने बाद इन चार युवक के मौत से पूरा क्षेत्र दहल उठा है।

## नेशनल वेटलिफ्टर श्रेया ने ओल्ड एज होम में मनाया जन्मदिन, बुजुर्गो का लिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वीमेन फिजिक्स (बॉडी बिल्डिंग) में देश भर में झारखंड का नाम रोशन करने वाली पत्रकार की बेटी श्रेया अधरजी ने अपना जन्म दिन साकची स्थित आशिर्वाद भवन के ओल्ड एज होम में बुजुर्गो के बीच हर्ष उल्लास के साथ मनाया। मंगलवार को श्रेया ने अपने माता पिता के साथ ओल्ड एज होम पहुँचकर केक कटिंग कर जन्म दिन की खुशी मनाई। मौके पर सभी बुजुर्गो के बीच फल का वितरण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वही बुजुर्गो ने आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।बता दें कि झारखंड के लौहनगरी जमशेदपुर के रहने वाली पत्रकार की बेटी श्रेया ने दो वार नेशनल और कई बार रीजनल प्रतियोगिता में पुरस्कार हासिल की। श्रेया ने सिक्किम और पूरी में आयोजित नेशनल वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में राज्य का नाम रोशन की। हाल ही दिसंबर 2023 में रांची से सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाई। वैसे मंगलवार को जन्मदिन की खुशी जाहिर करते हुए श्रेया बताया आज पहली वार जन्म दिन पर ओल्ड एज होम में बुजुर्गो के आशीर्वाद मिलने से काफी आनंद व मन को काफी शांति मिली है।

## रोजेदारों को मिला ह्यूमन वेल्फेयर का तौफा ए रमज़ान किट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के दफ्तर में तौफा- ए- रमज़ान किट 107 लोगों के लिए तैयार किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर हकीम समीउल्लाह मिफ्ताही मौदूज थे। ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतीनउल हक अंसारी, सचिव मुख्तार आलम खान, मास्टर खुर्शीद अहमद खान, हाजी अयूब अली, फिरोज आलम, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, सैयद साजिद परवेज़, नादिर खान, मासूम खान, ताहिर हुसैन, मास्टर सिराजुल हक, मोहम्मद आफताब आलम, मोहम्मद इकबाल, इंजीनियर फिरोज असलम ने अपने अपने इलाकों में रोजा रख रहे




जरूरतमंद लोगों को तौफ़ा -ए-रमजान का किट पहुंचने की जिम्मेदारी ली। इस किट में आटा, चावल, दाल, चना दाल, चना, चीनी, मस्टर्ड तेल, रिफाइन तेल, खजूर, बेसन, आलू, प्याज़, नमक, दिया गया। आज के इस तौफा -ए-रमज़ान के लिए शहर के जाने-माने डॉक्टर एमएन अख्तर, समाजसेवी मोहम्मद नवाब, एडवोकेट हामिद रजा खान, राबिया एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन जावेद अख्तर खान और ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट के सदस्यों के सहयोग से दिया गया।

## होली, रमजान एवं लोकसभा चुनाव को लेकर तिरुलडीह थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** मंगलवार को तिरुलडीह थाना परिसर में तिरुलडीह थाना प्रभारी अलम चाँद महतो के अध्यक्षता में होली, रमजान के त्योहार एवं लोकसभा चुनाव 2024 के विधि व्यवस्था संधारण को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष मधु महतो मौजूद रही। इस मौके पर शांति एवं सौहार्द के बीच लोगों से होली एवं रमजान का त्योहार को मनाने की अपील की गई। वहीं लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने एवं विधी व्यवस्था को दुरुस्त रखते हुए लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। वहीं तिरुलडीह थाना प्रभारी अलम चाँद महतो ने कहा कि यदि किसी भी तरह का कोई भी अप्रिय घटना होती है, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दे। मौके पर ईचाडीह पंचायत के मुखिया चित्तरंजन सिंह



मुंडा, लेटेमदा के मुखिया इंद्रजीत सिंह मुंडा, कुकड़ू पंचायत समिति सदस्य ठाकुर मुंडा, कृष्णा चंद्र पोद्दार, चौड़ा मुखिया प्रतिनिधि रामलाल सिंह मुंडा, उपमुखिया लाल मोहम्मद अंसारी,मनोज कुमार मछुआ,रबिन्द्रनाथ मछुआ,गंगाधर सिंह सरदार, एएसआई रंजीत प्रसाद एएसआई अशोक मिंज, एएसआई रंजीत प्रसाद,कार्तिक प्रामाणिक,परमेश्वर महतो,लाल चांद प्रामाणिक,समेंद अली,नबाब अंसारी, मो तनवीर आलम,फिरोज हुसैन काजी आदि उपस्थित थे।

## स्वयं सेवक संघ की हड़ताल खत्म, काम पर लौटे स्वयंसेवकों ने बोड़ाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ पूरे राज्य में अपनी पांच सूत्री मांगों को पूरा करने के लिए विगत 8 जुलाई 2023 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर थे। प्रदेश कमेटी के निर्देश का पालन बोड़ाम प्रखंड स्वयं सेवक संघ ने किया। 12 मार्च 2024 को हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने स्वयं सेवक संघ की प्रमुख मांगों को कैबिनेट में स्वीकृति प्रदान करते हुए सकारात्मक घोषणा करने के बाद प्रदेश कमेटी ने हड़ताल खत्म कर अपने-अपने क्षेत्र में कार्य में योगदान देने का निर्देश जारी किया है। इसी कड़ी में मंगलवार को स्वयं सेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष खिरोद चंद्र गोराई के नेतृत्व में सदस्यों ने बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज को कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपकर पुनः अपने कार्य में योगदान करवाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष खिरोद चंद्र गोराई, प्रकाश चंद्र महतो, काजल मुदी, दीपक कुमार महतो, निर्मल सोरेन, रूपा गोराई, तपन सहिस व राखाल चंद्र रुहिदास आदि शामिल थे।

## आरएसबी प्लांट में दिखा तेंदुआ, अभी भी वन विभाग की पकड़ से दूर, हेल्पलाइन नम्बर जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीते रविवार की सुबह से गम्हरिया औद्योगिक क्षेत्र के फेज छह स्थित आरएसबी कंपनी के प्लांट एक में दिखा तेंदुआ अब तक वन विभाग की पकड़ में नहीं आया है। इसको लेकर उद्यमियों के साथ अब रियाइशी क्षेत्र में रह रहे लोगों में भी दहशत का माहौल है। हालांकि वन विभाग की टीम लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन कर रही है। इसके बावजूद तेंदुआ उनकी पकड़ में नहीं आया है। औद्योगिक क्षेत्र के आसपास के अपार्टमेंट्स और बस्तियों में रहने वाले लोग काफी डरे हुए हैं।इधर, बच्चो की सुरक्षा को देखते हुए गम्हरिया क्षेत्र की कई स्कूलों ने कक्षा सस्पेंड कर छुट्टी की घोषणा कर दिया है। वहीं, वन विभाग की ओर से भी तेंदुआ को लेकर अफवाहों से बचने और सुरक्षित रहने की अपील की गई है। इस बीच जिला प्रशासन एवं वन विभाग की ओर से लोगों को एहतिहात बरतने की सलाह देते हुए तेंदुए को पकड़ने के उद्देश्य से हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। वन विभाग की ओर से सर्वसाधारण के लिए जारी सूचना में बताया गया है कि %बीते 17 मार्च%2024 को गम्हरिया स्थित आरएसबी प्लांट एक कम्पनी में एक तेन्दुआ देखे जाने के बाद वन विभाग के द्वारा बचाव अभियान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उक्त अभियान के संपन्न होने तक गम्हरिया औद्योगिक क्षेत्र एवं उसके आस पास अवस्थित सभी औद्योगिक इकाईयों एवं रिहायशी इलाकों में कार्यरत एवं रहने वाले लोगों से अनुरोध है कि रात्रि के समय अनावश्यक घर से बाहर ना निकलें तथा अकेले न घूमे। किसी भी व्यक्ति को यदि तेन्दुए के बारे में कोई सूचना प्राप्त हो तो अविलम्ब निम्न मोबाईल नं0 पर संपर्क कर जानकारी साझा करें।%इधर, मंगलवार को तेंदुआ औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडिगो मोटर्स में देखे जाने की भी खबर है। तेंदुए के बार बार लोकेशन बदले जाने से रेस्क्यू टीम को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वन विभाग की ओर से निम्नलिखित हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है।

1. *9412996824*- वन प्रमंडल पदाधिकारी, सरायकेला वन प्रमंडल
2. *9771283269*- वन क्षेत्र पदाधिकारी, सरायकेला प्रक्षेत्र
3. *9155573176*- वनपाल, देवेन्द्र नाथ टुडु
4. *9956482889*- वनपाल, सुनिल कुमार महतो
5. *9608193015*- सहायक, प्रेम चन्द्र कुम्भकार

## राजू इलेवेन को 9 विकेट से हराकर बलराम इलेवेन बना चैंपियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय दिघी भूला मैदान में बीएसए क्रिकेट टीम द्वारा दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को हो गया। 16 टीमों के बीच आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मैच राजू इलेवेन और बलराम इलेवेन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजू इलेवेन ने 4 ओवर में 5 विकेट खोकर 55 बनाते हुए बलराम इलेवेन को 56 रन का लक्ष्य दिया। बलराम इलेवेन की टीम 3.1 ओवर में 1 विकेट खोकर 59 रन बनाकर मैच जीत लिया और दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का चैंपियन बना। बलराम इलेवेन के गेंदबाज श्यामल सहिस को पूरे टूर्नामेंट का बेस्ट बॉलर चुना गया। विजेता टीम को 3500, उपविजेता को 2500, तृतीय मुकरूडीह और



चतुर्थ बीएसए क्रिकेट टीम को 15- 15 सौ रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर श्याम सुंदर सिंह, जगन्नाथ सीट, बलराम राय, अंबुज गोराई, उदय महतो, आकाश, रजनीकांत, प्रदीप, भरत, विष्णु, कल्लोल, देवाशीष, राहुल, सुमन, नित्यरंजन, सोनू, रंजित, सूजन, मोती, ज्योति, पूर्ण, रमेश, गोविंद, त्रिलकी, मंगल व बृहस्पति आदि उपस्थित थे। फाइनल मैच में आसपास में काफी संख्या में दर्शक पहुंचे और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

## एक्सएलआरआइ में मेंटर मीट का हुआ आयोजन सफल होने के लिए मेंटर बनाना जरूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ कैंपस मे दो दिवसीय मेंटरशिप प्रोग्राम सरथाना 2024 का आयोजन किया गया. पहले दिन एक्सएलआरआइ के प्रोफेसर कनगराज, प्रोफेसर सुनील सारंगी और आइआइएम इंदौर की पूर्ववर्ती छात्रा डॉ. (मेजर) रूपिंदर कौर ने हिस्सा लिया. इस दौरान तीनों प्रोफेसरों ने पीजीडीएम ( जीएम ) के विद्यार्थियों को संबोधित मुख्य रूप से यह बताया कि करियर निर्माण के लिए यह जरूरी है कि उन्हें ना सिर्फ विषयों की अच्छी जानकारी हो बल्कि उनका एक्सपोजर भी जरूरी है. साथ ही उन्हें बताया गया कि हमेशा एक मेंटर जरूर बनाएं, जो जीवन के कठिन दौर में भी आपके साथ हो और बेहतर सलाह दे सके. वहीं, पढ़ाई के साथ ही इंडस्ट्री के लोगों के साथ अच्छी नेटवर्किंग का भी आह्वान किया गया. दूसरे दिन की शुरुआत योगा के जरिए



हुई. आर्ट ऑफ लिविंग की कोच सह एक्सएलआरआइ की छात्रा शताक्षी ने सभी को योग के विभिन्न आसनों को करवाया. इससे पूर्व छात्रों के बैंड ( ओइंद्रिला मुखर्जी, अमन खनेजा, दीपक महराना और रोहित कुमार ) ने बेहतर परफॉर्मेंस दिया. संचालन मीतू गांधी और देवेश लाल ने किया. कार्यक्रम के आयोजन में भावना रुकमणी, रामनाथन, प्रणव वर्मा, शताक्षी कौशल, सूरज मिश्रा और ऋषिकेश जी आर का अहम योगदान रहा।

### *झामुमो पटमदा व बोड़ाम प्रखंड समिति की बैठक संपन्न*

# 21 मार्च तक बूथ कमेटी का पुनर्गठन करें : महाबीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के निर्देश पर मंगलवार को पटमदा व बोड़ाम प्रखंड समिति की बैठकें आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी के रूप में झामुमो नेता महाबीर मुर्मू व माणिक मल्लिक उपस्थित हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने कहा कि जिला समिति के द्वारा सभी प्रखंड समितियों को निर्देश दिया गया है कि लोकसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर 21 मार्च तक सभी पंचायतों में बुथ कमेटी का पुनर्गठन करते हुए जिला



समिति को उसकी सूची सौंपना है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन की रीढ़ बूथ कमेटी ही है इसलिए सशक्त कमेटी का गठन करें। सशक्त कमेटी बनाने से लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि सभी बूथ कमेटी के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, सुजीत चक्रवर्ती, छुटुलाल हांसदा, गोपाल महतो, संजय सिंह, रतिरमण सिंह, जामिनि प्रमाणिक, विनय मंडल, मंटू महतो, हरेकृष्ण महतो, निर्मल मुर्मू, राजू कर्मकार, सुफल टुडू, सुरेश टुडू, श्यामसुंदर सिंह, काजल सिंह, क्षेत्रमोहन गोप, जगन्नाथ सबर, करन कालिंदी, मनोज तांती, सागर व प्रतीक सिंह दिनकर आदि उपस्थित थे।

## राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया खरसावां विस क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण

### *मतदान केन्द्रो पर हर जरूरी सुविधाएं सुदृढ़ करने का निर्देश*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** लोकसभा आम चुनाव को लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार तथा अवर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने खरसावां विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रो का निरिक्षण किया। चिलकु पंचायत अंतर्गत मतदान संख्या 189 एवं 190 तथा आदर्श मध्य विद्यालय खरसावां मतदान संख्या 166 का निरीक्षण कर सभी मतदान केन्द्रो पर सभी आवश्यक मुलभुत सुविधाए सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस क्रम में उन्होंने सभी सम्बन्धित पदाधिकारी एवं इआरओ/एईआरओ को ऐसे मतदान केंद्र जहां मतदान प्रतिशत कम है में विशेष रूचि लेकर विभिन्न माध्यम से लोगो को मतदान के प्रति प्रेरित करने तथा सभी मतदान केन्द्रो पर बेहतर सुविधाए (ख़ासकर महिला, बुजुर्ग एवं दिव्यांग



मतदाताओं को) मुहैया कराने के दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।निरिक्षण क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी खरसावां, अंचलधिकारी सरायकेला एवं अन्य उपस्थित रहे।

## चांडिल पाटा टोल में कर्मियों का 6 मांगो को मिला मंजूरी

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र पाटा टोल प्लाजा में टोल कर्मियों की समस्याओं के लिए टोल प्रबंधक से मिले झारखण्ड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा गुरुचरण किस्कू एवं पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकश लायेक. इस दौरान टोल कर्मियों ने कई समस्याओ से अवगत कराया. 17 दिन पहले छह सूत्री मांग पत्र भी प्रबंधक को सौपा था जिस पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया . टोल कर्मियों की पूरी समस्या सुनने के बाद गुरु चरण किस्कू व ओम प्रकाश लायेक ने टोल के प्रबंधक गोविंद भदौरिया से बातचीत कर सभी छह मांगों को पूरा करवाया।

संपादकीय

## 'दिव्यास्त्र' से बढ़ी भारत की सामरिक क्षमता

**विज्ञान** के क्षेत्र में भारत नित नयी ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है। यह आनंद की बात है कि 'दिव्यास्त्र' के सफल परीक्षण ने वैश्विक पटल पर भारत को मिसाइल तकनीक के बड़े खिलाड़ी के तौर पर स्थापित कर दिया है। भारत की इस उपलब्धि को स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट लिखकर देशवासियों के साथ साझा किया। याद रखें कि 'मिशन दिव्यास्त्र' का सफल परीक्षण भारत की सामरिक क्षमता के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बात केवल भारत के रक्षा विशेषज्ञ ही नहीं कह रहे हैं अपितु चीन जैसा प्रतिद्वंद्वी देश भी मान रहा है कि अग्नि-5 मिसाइल के सफल परीक्षण ने भारत की सामरिक क्षमता में वृद्धि की है। चीन का यह भी मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपनी सामरिक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है।


'दिव्यास्त्र' के सफल परीक्षण ने वैश्विक पटल पर भारत को मिसाइल तकनीक के बड़े खिलाड़ी के तौर पर स्थापित कर दिया है। भारत की इस उपलब्धि को स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट लिखकर देशवासियों के साथ साझा किया। याद रखें कि 'मिशन दिव्यास्त्र' का सफल परीक्षण भारत की सामरिक क्षमता के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बात केवल भारत के रक्षा विशेषज्ञ ही नहीं कह रहे हैं अपितु चीन जैसा प्रतिद्वंद्वी देश भी मान रहा है कि अग्नि-5 मिसाइल के सफल परीक्षण ने भारत की सामरिक क्षमता में वृद्धि की है। चीन का यह भी मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपनी सामरिक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है। मिशन दिव्यास्त्र के संबंध में यह तथ्य भी हमारे आत्मविश्वास और आनंद को बढ़ानेवाला है कि अग्नि-5 एक स्वदेशी मिसाइल है।देश में ही विकसित अग्नि-5 मिसाइल की विशेषता है कि यह मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हिकल तकनीक से लैस है।


मिशन दिव्यास्त्र के संबंध में यह तथ्य भी हमारे आत्मविश्वास और आनंद को बढ़ानेवाला है कि अग्नि-5 एक स्वदेशी मिसाइल है। देश में ही विकसित अग्नि-5 मिसाइल की विशेषता है कि यह मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हिकल तकनीक से लैस है। इस तकनीक से एक ही मिसाइल में अनेक बम जोड़े जा सकते हैं, जिन्हें अलग-अलग जगहों पर या एक ही जगह पर अलग-अलग समय दागा जा सकता है। मिसाइल रोधी हमले से बचाव के लिए नकली बम भी इस मिसाइल के साथ भेजे जा सकते हैं, जो शत्रु को चकमा दे सकते हैं। इस मिसाइल में छह हजार किलोमीटर तक मार करने की क्षमता है तथा इससे परमाणु बम भी दागे जा सकते हैं। यही कारण है कि इस मिसाइल के सफल परीक्षण के साथ ही वैश्विक पटल पर भारत की धमक बढ़ गई है। हमें यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यभार संभालने के साथ ही रक्षा क्षमता को अत्याधुनिक तकनीक एवं हथियारों से युक्त करने का काम प्रारंभ किया था, जिसमें वे बहुत हद तक सफल हुए हैं। इसके साथ ही, सरकार रक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति करने तथा आयात पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से देश में ही निर्माण और उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। अग्नि-5 की पहली उड़ान ऐसे प्रयास की सफलता का महत्वपूर्ण उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि एक साथ कई हथियार ढोने की मिसाइल तकनीक साठ के दशक में ही खोज ली गयी थी और सभी ताकतवर देशों के पास ऐसी मिसाइलें हैं। अमेरिका में सत्तर के दशक के प्रारंभ में ऐसी मिसाइल का परीक्षण हुआ था, जबकि सोवियत संघ ने कुछ साल बाद ऐसी मिसाइल बनाने में कामयाबी पायी। भारत ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर इस तकनीक के उपयोग की घोषणा की है। यह उपलब्धि भारत के बढ़ते आत्मविश्वास और स्वाभिमान को भी इंगित करती है। अब भारत ऐसी क्षमता वाले देशों- अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन- की कतार में आ गया है। हमारे दो आक्रामक पड़ोसियों- चीन और पाकिस्तान- लगातार अपनी रक्षा शक्ति को बढ़ाने में लगे हुए हैं। ऐसे में हमें भी अपनी सामरिक तैयारी को बेहतर करते जाना है। कई बम ढोने की मिसाइल तकनीक चीन के पास पहले से ही है और पाकिस्तान भी ऐसी मिसाइलों को विकसित कर रहा है। पिछले वर्ष अक्टूबर में पाकिस्तान ने मध्य दूरी के एक बैलेस्टिक मिसाइल का दूसरा परीक्षण किया था, जिसे कई हथियारों को ढोने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। इसलिए यह आवश्यक हो गया था कि भारत के पास भी इस प्रकार की मिसाइल होनी चाहिए। यह अच्छी बात है कि भारत ने किसी दबाव में आकर विदेश से इस प्रकार की मिसाइल नहीं खरीदी अपितु स्वदेशी तकनीक से भारत में ही मिसाइल को बनाने की चुनौती को स्वीकार किया। इसलिए कहा जा रहा है कि अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण हमारी सामरिक शक्ति बढ़ाने की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही, यह अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्र में हमारी प्रगति का भी उदाहरण है।

### त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है

## इंडिया गठबन्धन की उलझनों से भाजपा की राह आसान

ललित गर्ग


केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए में नये दलों के जुड़ने की खबरों से उसके बड़े लक्ष्य के साथ जीत की राह आसान होती जा रही है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित किया है। भाजपा जहां इस बडे.लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पुराने सहयोगियों को फिर से साध रही है तो दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने पर भी पार्टी का जोर है और वह इसमें बड़ी सफलताओं को प्राप्त कर रही है। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र में टीडीपी से गठबंधन पक्का माना जा रहा है। त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है।


**इंडिया** गठबन्धन लगातार कमजोर होता हुआ दिखाई दे रहा है जबकि केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए में नये दलों के जुड़ने की खबरों से उसके बड़े लक्ष्य के साथ जीत की राह आसान होती जा रही है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित किया है। भाजपा जहां इस बडे.लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पुराने सहयोगियों को फिर से साध रही है तो दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने पर भी पार्टी का जोर है और वह इसमें बड़ी सफलताओं को प्राप्त कर रही है। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र में टीडीपी से गठबंधन पक्का माना जा रहा है। त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है। भाजपा पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक चुनावी समीकरण सेट करने एवं विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने की रणनीति में जुटी है। भाजपा ने अभी अनेक प्रांतों में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है, ताकि दूसरे दलों के एनडीए में शामिल करने एवं उनसे सीटों के समीकरण को सेट करने के दरवाजे खुले रहे। निश्चित रूप से भाजपा की यह मजबूत होती स्थिति विपक्ष की एकता के लिए अच्छी खबर नहीं कही जा सकती क्योंकि इंडिया गठबन्धन विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों का ही गठबन्धन माना जाता है जिसमें कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। समाजवादी पार्टी एवं आम आदमी पार्टी के अलावा अन्य क्षेत्रीय दलों में उतना दम नहीं है, या अनेक मजबूत दल एनडीए के साथ जुड़ चुके हैं या उन्होंने स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा करके इंडिया गठबन्धन की सांसें छीन ली है। इन नये गठजोड़ों से बनते राजनीतिक परिदृश्य इंडिया गठबन्धन के लिये चिन्ता का कारण है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक होंगे। ऐसी संभावनाएं हैं कि भाजपा शारदार एवं ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सक्रिय है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनावों के परिणाम उनके 400 सीटों के लक्ष्य को हासिल करें। इसलिये भाजपा विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने के जोड़-तोड़ में लगी है। इस चुनाव को लेकर



चुनावी गठबंधनों का दौर चल रहा है। राजनीतिक दल चुनावी गठबंधनों और सीटों के बंटवारे पर चर्चा कर रहे हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन में क्षेत्रीय दलों को जोड़ा जा रहा है, तो दूसरी तरफ खड़ा है इंडिया गठबंधन। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने भी कुछ राज्यों में अपने सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग पर बात बना ली है। कुछ पर अब भी बात चल रही है। भाजपा ने 2 मार्च को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नाम थे। कुछ ऐसे राज्य बिहार, महाराष्ट्र, ओडिशा, हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक हैं जहां से भाजपा ने एक भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की। इन राज्यों के एक भी सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं करने का कारण है- भाजपा की अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन या गठबंधन के दलों के साथ सीट शेयरिंग पर अब भी चल रही बातचीत में संभावनाएं तलाशने की रणनीति। लोकसभा चुनाव सन्निकट हैं। इंडिया गठबन्धन एवं एनडीए रूठे नेताओं को मनाने, गठबंधन का गणित सेट करने और पुराने सहयोगियों को फिर से साथ लाकर कुनबा बढ़ाने की कोशिशों में जुटे हैं। भाजपा ने इन चुनावों में 'अबकी पार, 400 पार' का नारा दिया है। अब पार्टी इस नारे को चुनाव नतीजे में तब्दील करने के लिए व्यापक स्तर पर गठबंधनों की संभावनाओं को तलाश रही है। ओडिशा में बीजू जनता दल और भाजपा का गठबंधन पक्का माना जा रहा है। अगर ये गठबंधन होता है तो राज्य में दोनों ही दलों को बढ़िया चुनाव परिणाम मिल सकते हैं। कारण कि पिछले लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस को मात्र 1 सीट पर जीत मिली थी और वर्तमान में यहां की राजनीति पर नवीन पटनायक की मजबूत पकड़ बताई जाती है। लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में दोनों पार्टियां 11 सालों तक गठबंधन में रहीं। इस दौरान दोनों दलों का राज्य की राजनीति पर दबदबा बना रहा। पटनायक राजनीति के महारथि है, उनको भाजपा के साथ गठबंधन करना ही पार्टी एवं राज्य की जनता के हित में प्रतीत हो रहा है। बीजू जनता दल की पिछले 25 वर्षों से ओडिशा में सरकार है और इसके मुख्यमन्त्री श्री नवीन पटनायक इस पार्टी के एकछत्र नेता माने जाते हैं और इस दल का 2009 तक भाजपा से सहयोग था और यह एनडीए का हिस्सा था। 1998 में जब एनडीए का गठन हुआ था तो बीजू जनता दल स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में इसमें शामिल हुआ था। मगर 2008 में ओडिशा के कन्धमाल में भीषण साम्प्रदायिक दंगे हुए थे जिनमें भाजपा पर भी गंभीर आरोप लगे थे। उसके बाद 2009 में बीजू जनता दल लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए से बाहर आ गया था। अब पुनः 15 वर्ष बाद वर्ष 2024 के आम चुनाव में ही यह पुनः एनडीए में शामिल हो रहा है और श्री मोदी के नेतृत्व में राज्य को विकास की नयी ऊंचाइयां देना चाहते हैं। नवीन बाबू की वरीयता राज्य शासन पर काबिज रहना है और भाजपा का लक्ष्य केन्द्र की सरकार पर आरूढ़ रहना है। दोनों पार्टियां एक-दूसरे के लक्ष्य को पूरा करने में एक-दूसरे की सहायक हो सकती हैं। अतः इससे विपक्ष का यह विमर्श भी निस्तेज पड़ता है कि श्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से देश में भाजपा विरोध का समां बंधा है। मोदी के प्रभावी नेतृत्व का ही परिणाम है कि अनेक क्षेत्रीय दल भाजपा का समर्थन करते हुए न केवल अपनी राजनीति को जीवंत रखना चाहते हैं बल्कि नया भारत-सशक्त भारत बनाने में खुद को शामिल करना चाहते हैं। ओडिशा की ही तर्ज पर बिहार में भी नीतीश को मोदी के नेतृत्व में हित दिखाई दिया है। यही कारण है लोकसभा चुनाव के पहले बिहार में राजनीतिक बदलाव करते हुए नीतीश एनडीए से जुड़ गये।

दृष्टि कोण

## हैदराबाद में भाजपा ने माधवी लता को उतार कर ओवैसी को उनके गढ़ में बुरी

**देश** भर में घूम-घूमकर मुस्लिम वोटों की राजनीति करने वाले एआईएमआईएम के प्रमुख असद्दुदीन ओवैसी इस बार खुद अपने गढ़ हैदराबाद में घिर गये हैं क्योंकि भाजपा ने आरएसएस कार्यकर्ता माधवी लता को उनके खिलाफ उतार दिया है। माधवी लता जिस तरह से अपनी उम्मीदवारी घोषित होने के बाद से ओवैसी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं उससे हैदराबाद के सांसद की राजनीतिक जमीन हिल गयी है। इसीलिए आजकल ओवैसी जिम में पसीना बहा रहे हैं क्योंकि उन्हें इस बार मजबूत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ना है और समय निकाल कर अन्य प्रदेशों में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार भी करना है। हम आपको बता दें कि हाल में संपन्न तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जिस तरह एआईएमआईएम को अपने गढ़ हैदराबाद में झटका लगा था उसके चलते लोकसभा चुनाव के लिए ओवैसी काफी सतर्कता बरत रहे हैं। जहां तक माधवी लता की बात है तो आपको बता दें कि वह आरएसएस कार्यकर्ता, पारंपरिक भारतीय महिला, उद्यमी, अस्पताल प्रशासक और एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम नर्तक हैं। हाल के समय तक राजनीतिक क्षेत्रों में उनका नाम कभी चर्चा में नहीं रहा था लेकिन जब भाजपा ने हैदराबाद से उन्हें लोकसभा सीट का उम्मीदवार घोषित किया तो वह रातोंरात सुर्खियों में आ गयीं। 49 वर्षीय कोम्पेला माधवी लता तीन बच्चों की मां हैं। जब उन्हें भाजपा उम्मीदवार बनाया गया तो वह खुद भी आश्चर्यचकित रह गयी थीं क्योंकि उन्होंने अपने लिए कभी कोई पैरवी नहीं की थी। ओजस्वी वक्ता और उस्मानिया विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर माधवी लता कहती हैं कि मेरी उम्मीदवारी से यह बात साबित हो जाती है कि भाजपा लोगों की क्षमताओं और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों पर नजर रखती है और उन्हें आगे बढ़ने का मौका देती है। हम आपको बता दें कि माधवी लता को उम्मीदवार बनाये जाने का कारण यह भी है कि एक तो वह महिला हैं और दूसरा मुस्लिम महिलाओं के बीच उन्होंने काफी काम किया है जिसके चलते वह उनके बीच काफी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा एक प्रखर वक्ता होना भी उनके पक्ष में गया है





क्योंकि ओवैसी जिस तरह अपने भाषणों के जरिये लोगों को अपने पक्ष में करते हैं उसी तरह अपने भाषणों के जरिये उन्हें जवाब देने वाला प्रतिद्वंद्वी उनके खिलाफ चाहिए था। हम आपको बता दें कि एआईएमआईएम ने चार दशकों से हैदराबाद लोकसभा सीट पर कब्जा बनाए रखा है। सलाहुद्दीन ओवैसी ने 1984 से 1999 तक इस सीट का प्रतिनिधित्व किया और उसके बाद से उनके बेटे असदुद्दीन हैदरबाद से सांसद हैं। हैदराबाद लोकसभा सीट के तहत गोशामहल को छोड़कर सभी विधानसभा क्षेत्रों पर एआईएमआईएम का कब्जा है। गोशामहल से भाजपा के फायर ब्रांड नेता टी. राजा विधायक हैं। भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भगवंत राव पवार को अपना उम्मीदवार बनाया था जोकि ओवैसी से भारी अंतर से चुनाव हार गये थे। इस बार हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी तय करने में आरएसएस से जुड़े संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रमुख और संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने इस क्षेत्र में मुस्लिम महिलाओं के बीच काम कर रहीं माधवी लता का नाम सुझाया जिस पर पार्टी में सहमति बन गयी और उनकी उम्मीदवारी की घोषणा हो गयी। खुद माधवी लता भी इस बात को मानती हैं कि उन्हें चुनाव में मुस्लिम महिलाओं का सहयोग मिलेगा। उनका कहना है कि अगर हिंदू-मुस्लिम मुद्दे को देखा गया होता तो भाजपा मुझे उम्मीदवार नहीं बनाती। उनका कहना है कि मैं मुस्लिमों के बीच काम करती हूँ और उन्हें अपना मानती हूँ। माधवी लता का कहना है कि मैं तीन तलाक की विरोधी रही हूँ और हिंदुओं से जुड़े विषयों को लेकर भी सक्रिय रही हूँ। पुराने हैदराबाद शहर के याकूतपुरा की संतोष नगर कॉलोनी में एक निम्न-मध्यम वर्गीय परिवार में पली-बढ़ी लता माधवी कहती हैं कि वह हमेशा विभिन्न संस्कृतियों के बीच रहीं हैं। माधवी लता ने अपनी उम्मीदवारी घोषित होने के बाद मीडिया से कहा था कि मुझे 1980 के दशक में हुए सांप्रदायिक दंगों ने डरा दिया था।

कुछ अलग

## नागरिकता और न्याय

**लोकसभा** चुनाव से पूर्व आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले पूरे देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी सीएए को लागू करने के भले ही राजनीतिक निहितार्थ बताए जा रहे हों, लेकिन पड़ोसी देशों में धार्मिक उत्पीड़न के चलते भारत लौटे हजारों लोगों के लिये यह न्यायपूर्ण नागरिकता ही है। भले ही सीएए को हकीकत में बदलने में चार साल से अधिक का समय लग गया हो मगर यह कदम अपना सब कुछ गवां कर लौटे लोगों के सपने सच होने जैसा है। उनकी स्थिति असमंजस के चलते कष्टदायक बनी हुई थी। नये कानून के प्रावधानों के अनुसार अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बांग्लादेश में अल्पसंख्यक के रूप में सताये गए हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी आदि लोगों को भारत आने पर नागरिकता मिलने में आसानी होगी। दरअसल, नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार भारत में नागरिकता पाने के लिये देश में ग्यारह साल तक रहना जरूरी था। अब यह अवधि घटाकर छह वर्ष कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि जब 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम को संसद की मंजूरी मिली थी तो भ्रम व राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते खासा विवाद हुआ था। दरअसल, व्याख्या की गई थी कि यह देश के अल्पसंख्यकों की नागरिकता पर संकट लाने वाला कदम है। केंद्र सरकार भी विरोधियों को यह समझाने में सफल नहीं हो सकी कि यह कानून किसी की नागरिकता छीनने वाला नहीं बल्कि पड़ोसी देशों में उत्पीड़न के बाद पलायन करने वाले भारतीय लोगों को न्यायपूर्ण नागरिकता देने के लिये है। लेकिन इस मुद्दे पर जमकर हुई राजनीति का शोर इतना प्रबल था कि सीएए के मुद्दे पर अनपेक्षित विवाद पैदा हुआ। दिल्ली में इसके विरोध में लंबा आंदोलन चला। जो कालांतर हिंसक टकराव में भी तब्दील हुआ। बहरहाल, सीएए को देश में लागू करके भाजपा ने अपने लक्षित वर्ग को यह विश्वास दिलाया कि उसने अपने कोर एजेंडे में शामिल अधिकांश मुद्दों को मूर्तरूप दे दिया है। ठीक चुनाव से पहले इसका क्रियान्वयन इसी ओर इशारा भी करता है। बहरहाल, वर्षों से भारत आकर नागरिकता की प्रतीक्षा कर रहे उन हजारों लोगों ने राहत की सांस ली होगी, जो लंबे समय से नागरिकता हासिल करने के लिये सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे थे। इन लोगों के पास दुनिया में कहीं दूसरा ठौर-ठिकाना भी नहीं था। बहरहाल, पड़ोसी देशों में विभाजन की विसंगतियों तथा उन देशों में बहुसंख्यक समाज की असहिष्णुता ने ऐसे हालात पैदा कर दिये थे कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के पास भारत आने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। पिछले कुछ वर्षों में अफगानिस्तान में तख्ता पलट के बाद तालिबान ने जिस तरह का क्रूर व्यवहार हिंदू-सिखों के साथ किया था, उसके चलते इन समुदायों के अधिकांश लोग अफगानिस्तान छोड़ गये हैं। बहरहाल, अब नये कानून के तहत ये लोग अपनी नागरिकता के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, इस मुद्दे का विरोध करने वालों के अपने तर्क हैं। इस मामले पर राजनीतिक प्रतिक्रिया भी स्वाभाविक है। इसको लेकर धर्म की राजनीति करने के आरोप भी लगाये जाते रहे हैं। पक्ष व विपक्ष इस मुद्दे का लाभ उठाने की कोशिश आसन्न लोकसभा चुनाव के चलते करेगा। लेकिन राजनीति से इतर इस मुद्दे का मानवीय पक्ष भी है। जो लोग बेहतर जीवन की आस में देश में आए हैं उनकी आकांक्षाओं को पूरा किया जाना ही चाहिए। यह अच्छी बात है कि चुनाव से पहले कानून से जुड़े नियम स्पष्ट हो गये हैं। वर्ष 2019 के समय इसे अधिसूचित करते वक्त ऐसा नहीं हो सका था।

देश दुनीया से

## इतनी भगदड़ के बाद भी कांग्रेस नेतृत्व के रवैये में बदलाव नहीं


पिछले दस वर्षों में पंद्रह पूर्व मुख्यमंत्रियों के पार्टी से बाहर जाने के बावजूद एक भी मामले में कांग्रेस नेतृत्व ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि इतने सारे वरिष्ठ और दिग्गज नेता पार्टी छोड़कर क्यों जा रहे हैं। इसने डॉ अजय कुमार, अरविंदर सिंह लवली, कृष्णा तीरथ, अलका लांबा जैसे उन थोड़े से पार्टी नेताओं से प्रतिक्रिया लेने की भी कोशिश नहीं की, जो वास्तव में पार्टी में लौट आए थे। संयोग से यह पहला अवसर नहीं है, जब कांग्रेस का भविष्य खराब दिख रहा है या गांधी परिवार पर हमले हो रहे हैं। इंदिरा गांधी को दो बार 1969 एवं 1977 में ऐसी स्थितियों का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने अपने विरोधियों को परास्त कर बाजी पलट दी।


**वर्ष** 2024 के लोकसभा चुनाव में धूमिल संभावनाओं को देखते हुए कांग्रेस एक विखंडित पार्टी के रूप में नजर आ रही है। वर्ष 2014 लेकर अब तक पार्टी ने 50 से ज्यादा प्रभावशाली नेताओं, जिनमें 15 मुख्यमंत्री और इतने ही पूर्व केंद्रीय मंत्री, एआईसीसी पदाधिकारी और अन्य प्रतिष्ठित लोग शामिल हैं, को बाहर निकलते देखा है। पिछले दस वर्षों में पंद्रह पूर्व मुख्यमंत्रियों के पार्टी से बाहर जाने के बावजूद एक भी मामले में कांग्रेस नेतृत्व ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि इतने सारे वरिष्ठ और दिग्गज नेता पार्टी छोड़कर क्यों जा रहे हैं। इसने डॉ अजय कुमार, अरविंदर सिंह लवली, कृष्णा तीरथ, अलका लांबा जैसे उन थोड़े से पार्टी नेताओं से प्रतिक्रिया लेने की भी कोशिश नहीं की, जो वास्तव में पार्टी में लौट आए थे। संयोग से यह पहला अवसर नहीं है, जब कांग्रेस का भविष्य खराब दिख रहा है या गांधी परिवार पर हमले हो रहे हैं। इंदिरा गांधी को दो बार 1969 एवं 1977 में ऐसी स्थितियों का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने अपने विरोधियों को परास्त कर बाजी पलट दी। यहां तक कि जब 1987 में राजीव गांधी का पतन शुरू हुआ, तो कई नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनमोर्चा के गठन के लिए पार्टी छोड़कर चले गए। नरसिंह राव के कार्यकाल में अरुण सिंह, एनडी तिवारी, एस बंगरप्पा, माधवराव सिंधिया और ममता बनर्जी पार्टी जैसे नेता पार्टी से बाहर हो गए। वर्ष 1999 में शरद पवार ने अपनी अलग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बनाई। लेकिन 2014 के बाद कोई विभाजन नहीं हुआ, जो थोड़ा असामान्य है। क्या ऐसा इसलिए है, क्योंकि वर्तमान कांग्रेस नेता अलग हुए समूहों को राजनीतिक रूप से व्यावहारिक नहीं पाते हैं? या फिर ऐसी भावना है कि कांग्रेस की विचारधारा को कोई अपनाने वाला नहीं है, इसलिए विपरीत खेमे यानी भाजपा में शामिल होना ही समझदारी है? पार्टी छोड़ने वाले नेताओं को दोष देने के बजाय कांग्रेस को अपने वैचारिक ढांचे को मजबूत करना होगा और 'क्या करें' तथा 'क्या नहीं करें' की एक सूची बनानी होगी। लेखक जहीर मसानी ने एक बार पूर्व प्रधानमंत्री को उद्धृत करते हुए कहा था कि कोई 'व्यक्ति जो राष्ट्र प्रमुख हो, वह व्यावहारिक न होने का जोखिम भला कैसे उठा सकता है। आपको हर दिन व्यावहारिक बनना पड़ता है। लेकिन आपको अपनी व्यावहारिकता को किसी प्रकार के आदर्शवाद से जोड़ना होगा, अन्यथा आप जो करना चाहते हैं, उसके लिए लोगों को उत्साहित नहीं कर पाएंगे।' राहुल की कांग्रेस में पार्टी की विचारधारा लोगों को उत्साहित करने में विफल रही है। 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी', 'जाति आधारित जनगणना', 'खून की दलाली', 'चौकीदार चोर है' जैसी राहुल की टिप्पणियों और राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाने से इन्कार ने पार्टी विचारधारा को मजबूत बनाया है। दिवंगत वीएन गाडगिल ने कहा था कि भावनात्मक मुद्दों पर कांग्रेस दो पाटों के बीच फंस गई है। इसके अलावा, राहुल गांधी गैर-परंपरागत और लापरवाह नेता के रूप में दिखते हैं। पूर्व कांग्रेस प्रमुख के रूप में राहुल लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों और मतदाताओं की भावनाओं



और संवेदनाओं को उचित महत्व दिए बिना अपने अधिकार की भावना से ग्रस्त दिखे। ऐतिहासिक रूप से अपने राजनीतिक अभियानों में धर्म को मिलाने की कांग्रेस की कोशिश समस्याग्रस्त रही है। धर्म एवं राजनीति को लेकर जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी के विचारों में भारी विरोधाभास थे। जैसा कि मैंने अपनी पुस्तक 24, अकबर रोड में उल्लेख किया है, नेहरू धर्मनिरपेक्षता की अपनी परिभाषा को लेकर दृढ़ थे, जिसका मतलब था जीवन के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहलू से धर्म को अलग रखना। नेहरू के विचार से, धर्म एक व्यक्तिगत मामला है, जिससे राज्य को हर कीमत पर अलग होना चाहिए। लेकिन महात्मा गांधी के लिए धर्म धर्मनिरपेक्षता का अभिन्न हिस्सा था। गांधी कहते थे कि 'धर्म रहित राजनीति पूरी तरह गंदगी है।' राहुल गांधी का 'मुस्लिम बुद्धिजीवियों' को शामिल करने का कदम, शशि थरूर की भारत के 'हिंदू पाकिस्तान' में बदलने की आशंका और 2019 में कांग्रेस के घोषणापत्र में जम्मू-कश्मीर से सुरक्षा बलों को आंशिक रूप से वापस बुलाने की पेशकश का नकारात्मक असर हुआ।

आप का नजरीया

## अरुणाचल पर वक्रदृष्टि

**यह** पहली बार नहीं है कि चीन ने अरुणाचल पर कुतर्कों का राग अलापा हो। गाहे-बगाहे जब भी भारत के विशिष्ट व्यक्ति अरुणाचल जाते हैं और भारत सामरिक बढ़त लेता दिखता है, चीन गीदड़ भभकियां देने लगता है। हालिया मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते शनिवार बेहद ऊंचाई पर स्थित सबसे लंबी सुरंग के उद्घाटन का है। जिसको लेकर चीन को बेचैनी हुई है। उसने प्रधानमंत्री की अरुणाचल यात्रा पर भारत से राजनयिक आपत्ति दर्ज करायी है। जिसका कोई औचित्य नहीं है। दरअसल, साम्राज्यवादी चीन धरातल पर सैन्य ताकत दिखाने के साथ ही मनोवैज्ञानिक स्तर पर युद्ध लड़कर भी दबाव बनाने की कुत्सित कोशिशें करता रहता है। दरअसल, प्रधानमंत्री ने अरुणाचल के तवांग को असम के तेजपुर से जोड़ने वाली महत्वाकांक्षी सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की थी। इस सुरंग के काम करने से अब तमाम प्रतिकूल मौसम में भी सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण तवांग तक भारतीय सैनिकों की आवाजाही व हथियार-रसद की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। भारत की सामरिक बढ़त पर चीन का तिलमिलाना स्वाभाविक ही है। करीब तेरह हजार फीट पर बनी यह सुरंग इस ऊंचाई पर बनी सबसे लंबी सुरंगों में शुमार है। जाहिर है भारत की इस कामयाबी से चीन का तिलमिलाना स्वाभाविक ही था। दरअसल, चीन अरुणाचल पर अनावश्यक दबाव बनाते हुए इसे अपने कब्जाये हुए तिब्बत का दक्षिणी भाग बताता है। यह सर्वविदित है कि भारत-चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर हुए समझौते में अरुणाचल को चीन ने भारत का अंग माना है। निस्संदेह, लोकतांत्रिक विश्व में अंतर्राष्ट्रीय सीमा की अनदेखी करके अपना अधिकार जताने का कोई औचित्य नहीं है। ऐसा नहीं हो सकता है कि कोई देश दूसरे देश के हिस्से पर अपनी काल्पनिक दावेदारी जताकर आंखें दिखाए। उल्लेखनीय है कि बीते साल भी चीन ने अपने एक विवादित नक्शे में न केवल अरुणाचल के कुछ हिस्सों पर अपनी दावेदारी जतायी थी बल्कि अपनी दादागीरी दिखाने को कुछ स्थानों के नाम भी बदल दिये थे। जिसको लेकर भी भारत ने तल्ख प्रतिक्रिया प्रकट की थी। बहरहाल, अरुणाचल पर चीन की हालिया टिप्पणी पर भारत ने कड़ा प्रतिवाद किया है और इसे हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर आंच आने वाले कृत्य के तौर पर देखा है। जाहिर बात है कि ताकतवर मुल्क यदि अन्य देशों के भौगोलिक इलाकों को लेकर ऐसा रवैया अपनाएंगे तो फिर अंतर्राष्ट्रीय सीमा का क्या औचित्य रह जाएगा। यही वजह है कि भारत ने चीन के खोखले दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। निस्संदेह, यह घटनाक्रम चीन के दोहरे चरित्र को ही दर्शाता है। एक तरफ तो बातचीत के लिये चीन टेबल पर आता है और दूसरी तरफ भड़काऊ गतिविधियों के जरिये संबंधों को पलीता लगाने की नापाक साजिशें भी करता रहता है। कई बार भारतीय खिलाड़ियों को चीन जाने पर स्टैपल वीजा देकर विवादों को हवा देता रहा है। जाहिर इस तरह के कृत्य से पहले ही जटिल होते दोनों देशों के संबंधों में सुधार की कोशिशों पर पानी ही फिरता है। दीर्घकाल में सीमा विवाद को सुलझाने के प्रयासों को भी झटका ही लगता है। वहीं दूसरी ओर अरुणाचल की सीमा पर अस्थिरता पैदा करने की चीन की साजिशें जगजाहिर हैं।

# लोकसभा आम चुनाव-2024 के निमित सुगम्य निर्वाचन हेतु जिला अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव-2024 के निमित सुगम्य निर्वाचन हेतु जिला अनुश्रवण समिति की बैठक की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। दिव्यांग मतदाता जो बूथ तक पहुंचने में असमर्थ है उनके लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी की जा रही है। वहीं वैसे 80+ वृद्ध मतदाता जो मतदान केन्द्र तक पहुंचने में असमर्थ है। वैसे मतदाताओं को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही बैठक में उपस्थित एनजीओ के प्रतिनिधि व स्वीप आइकान से भी अपना सुझाव साझा करने को कहा। जिसमें दिव्यांग स्वीप आइकन ने जानकारी दिया कि कुछ मतदान केन्द्रों पर रैंप नहीं होने के कारण या व्हील चेयर नहीं रहने के कारण दिव्यांग मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने में कठिनाई होती है। इसपर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा वैसे बूथों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाय। उन्होने आगे कहा वैसे दिव्यांग मतदाता या 80+आयु वर्ग के मतदाता का नाम मतदाता सूचि में शामिल नहीं हो सका है वैसे मतदाताओं को चिन्हित करते हुए उनका नाम मतदाता सूचि में ससमय शामिल करने का निर्देश दिए। उनहोने कहा शत प्रतिशत मतदान दिवस के दिन मतदान हो इसके लिए व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, सिविल सर्जन डा0 जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला सूचना विज्ञापन पदाधिकारी, सचिव नेहरू युवा केन्द्र समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रामपुर बैगा टोला में जाने के लिए नही है समुचित सड़क, बरसात में होती है दिक्कत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** केन्द्र सरकार व राज्य सरकार लाख विकास की बात करे किन्तु सारे दावे झूठे साबित हो रही है। एक तरफ सरकार कहती है की बैगा-बिरहोर के गांव विकास किया जा रहा है लेकिन सिर्फ वादे है कुछ ऐसा ही कहानी है प्रखंड मुख्यालय से दो किलोमीटर दुर रामपुर बैगा टोला। गांव में जाने के लिए समुचित सड़क नही है बैगा टोला गांव में पूर्व से कच्ची जर्जर सड़क है जिसमे बड़े-बड़े गढ्ढे है तो कई जगह सड़क टुटा हुआ है ।इस सड़क से बैगा जाति को आने-जाने में काफी परेशानी होती है अंधेरा होते ही कई बार लोग गिरकर घायल हो गये है ।इस संबंध में मनोहर बैगा,नन्दु बैगा,सानसो बैगा,चंदर बैगा,चंदर बैगा,चन्द्रिका बैगा,रीता बैगिन,कविता बैगिन समेत अन्य ने बतायी की राम पुर बैगा टोला गांव तक पक्की सड़क नही है जर्जर कच्ची सड़क से हमलोग बैगा लोग आना-जाना करते है। कच्ची सड़क पुरी तरह से जर्जर होने की वजह से बीच-बीच में बड़े-बड़े गढ्ढे हो गये है पैदल चलने में काफी परेशानी होती है बरसात के दिनो में कच्ची सड़क पर पानी की तेज बहाव में बहकर टुट जाता गया है। आवागमन के लिए गांव के लोग मिलकर सड़क को मरम्मती करते है वही आरती बैगिन, ललिता बैगिन व झकसी बैगिन ने बतायी की पक्की सड़क नही रहने के कारण गांव में ममता वाहन एवं एम्बुलेंस नही आती है जिससे गर्भवती महिलाए एवं बीमार लोगो को अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी है गांव में सड़क नही होने से बैगा टोला की विकास से कोशो दुर है तथा विकास के लिए स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध नही है। हालंकी रामपुर मुखिया महजबी प्रवीन ने बतायी की रामपुर बैगा टोला जाने में कच्ची एवं जर्जर सड़क है सड़क के अभाव में लोगो को आने -जाने में काफी परेशानी होती है।

## उप मुखिया ने एसपी से किया शिष्टाचार मुलाकात पंचायत के समस्याओं से कराया अवगत



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के उप मुखिया विकास पांडेय एवं कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय जिला कार्यकारणी सदस्य गौतम पांडेय ने जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय से शिष्टाचार मुलाकात किए। एवं पंचायत के साथ-साथ गिद्धौर प्रखंड के कई समस्याओं से अवगत काराए। और इस बात पर अधीक्षक महोदय ने उप मुखिया, प्रदेश व जिला कार्यकारिणी को हर संभव सहयोग करने की बात कही है।

## शांति समिति की बैठक आज



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत होली का त्यौहार शांतिपूर्ण मानने को लेकर गिद्धौर थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित कीया गया है।उक्त आशय की जानकारी थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने दिया। उन्होंने बताया की थाना परिसर में बैठक 3:00 बजे से किया जाएगा। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दल के प्रखंड अध्यक्ष, कार्यकर्ता, सांसद प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया सहित प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, समाजसेवी लोग के साथ साथ ग्रामीणों को शान्ति समिति की बैठक में शामिल होने की अपील किया है।

## मधुमक्खियां ने मवेशी चरवाहक को किया घायल

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत सिंदुआरी कला जंगल मे एक वृद्ध व्यक्ति मवेशी चराने गया हुआ था। इसी दौरान मधुमखियों ने हमला किया। और वृद्ध व्यक्ति घायल हो गया।घायल वृद्ध व्यक्ति सिंदुआरी कला गांव के 65 वर्षीय मुला यादव है।बताया गया कि वृद्ध व्यक्ति मवेशी चरा रहा था। अचानक मधुमखियों ने हमला कर दिया। जिसे वृद्ध व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया।आस पास खेल मैदान में खेल रहे बच्चों की नजर अचानक वृद्ध व्यक्ति पर पड़ी। बच्चों ने बेहोशी की हालत में इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया। जहां डॉक्टरों ने इलाज कर बताया कि वृद्ध व्यक्ति खतरे से बाहर है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जिला अध्यक्ष, सचिव, मान्यता प्राप्त राजनितिक दल के प्रतिनिधि के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव-2024 के निमित आदर्श आचार संहिता से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश एवं चुनाव प्रचार-प्रसार/रैली/बैठक प्रचार-प्रसार आदि के दौरान उपयोग में लाए जाने वाले सामाग्रियों के दर निर्धारण हेतु उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, जिला अध्यक्ष, सचिव, मान्यता प्राप्त राजनितिक दल के प्रतिनिधि के साथ बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम सभी से परिचय प्राप्त किया गया। साथ ही कहा लोकसभा आम चुनाव में रैली/सभा समेत अन्य कार्यक्रम के लिए सुविधा पोर्टल के माध्यम से ही अनुमति प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम से 48 घंटे पूर्व ही सुविधा पोर्टल पर आवेदन करे। साथ ही सुविधा पोर्टल पर कैसे आवेदन किया जाय इसकी विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। आगे उन्होने कहा प्रतिबंधित स्थानों पर रैली/बैठक/ सभा न करें। जो भी रैली/ कार्यक्रम/ बैठक/ सभा का आयोजन होता है तो इसकी जानकारी प्रशासन को दें। प्रचार में प्रयोग होने वाले वाहन की स्वीकृति एवं मोटर वाहन एक्ट का पालन भी अनिवार्य है। अगर इसकी अवहेलना देखी जाती है तो कार्रवाई की जायेगी। आगे उन्होने कहा अगर पार्टी के प्रचार-प्रसार हेतु कोई स्टार प्रचारक आते है तो उसकी सूचि नोटिफिकेशन जारी होने के 07 दिनों के अंदर उपलब्ध करायेंगे। सरकारी परिसर में कोई राजनितिक कार्यक्रम न हो यह भी सुनिश्चित किया जाय। रैली से ट्रैफिक व्यवस्था बाधित न हो इसका खास ख्याल रखा जाय। इसके अलावे उन्होने निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश एवं नियम का पालन से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया गया।

# उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय झिरनियां के शिक्षक विद्यालय से हैं फरार

### बच्चे का भविष्य लटका अधर में, शिक्षक हाजरी बना रहते हैं गायब




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/लावालौंग :** लावालौंग प्रखण्ड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय झिरनियां में इन दिनों विद्यालय से शिक्षक हीं गायब रहते है। जिससे बच्चे का भविष्य अधर में लटक रहा है। शिक्षक विद्यालय तो आते हैं किंतु केवल हाजरी बना होते हैं रफ्फु चक्कर। आपको बता दें कि उक्त विद्यालय में दो पारा शिक्षक बालगोविंद यादव, जगदीश यादव पदस्थापित हैं जहां विद्यालय में करीब 60 का नामंकन मौजूद हैं। फिर भी शिक्षकों की मनमानी है। अपनी मर्जी से आते हैं और हाजरी बना अपनी मर्जी से चले जाते है। जिसके कारण बच्चे तो विद्यालय आते हैं लेकिन शिक्षक नहीं रहने के कारण बच्चे बैरंग वापस घर चले जाते हैं। वहीं उक्त विद्यालय के कैम्पस में बने आंगनबाड़ी केंद्र मौजूद है जहां ना सेविका रहती है ना सहायिका। दोनों के दोनों गायब रहती है। केवल सरकारी रुपये का दोहन किया जा रहा है। आखिर क्यों नहीं सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण पदाधिकारी उक्त क्षेत्र में जाते नहीं है ना उन पर कोई कार्रवाई करते है जिसका नतीजा है कि चाहे विद्यलाय हो या आंगनबाड़ी दोनों मनमर्जी से बंद रहता है। बता दें कि बच्चों को पढ़ाने के लिए झारखण्ड सरकार को करोड़े रूपये तनख्वाह से लेकर अन्य सामग्रियों में खर्च हो रही है। फिर भी इतने खर्च होने बावजूद भी बच्चों को पढाई से दूर रखा जाना यह दुर्भाग्य है। आखिर इसका जिम्मेवार कौन। क्या ऐसे लोंगों पर कोई ठोस कानूनी कार्रवाई होगी। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों को बोलने पर उल्टे कई तरह के बात करते है। वैसे में बोलना उचित नहीं है। चुकी कोई ग्रामीणों की बात सुनने वाला नहीं है।

## पंचायत सहायकों ने मंत्री संग मनाई होली, जताया आभार



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जिला के सभी नव नामित पंचायत सहायकों ने संघ के जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव युगल किशोर प्रसाद के नेतृत्व मे मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मंगलवार को चतरा स्थित उनके आवास पर, शिष्टाचार मुलाकात कर, 12 मार्च को कैबिनेट के द्वारा पास किए गए प्रस्तावों के प्रति आभार प्रकट करते हुए मंत्री संग मनाया होली।

### मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का आकलन करने लातेहार व मनिका पहुंचे प्रमंडलीय आयुक्त

# आयुक्त ने मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण, आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दृष्टिगत दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन करने मंगलवार को लातेहार पहुंचे। आयुक्त ने 73 मनिका एवं 74 लातेहार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा इनके निबंधन, मतदान दिवस पर परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों की संरचना, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, वोलेंटियर का सहयोग लेने तथा सुलभ शौचालय, पेयजल, चिकित्सा किट आदि बुनियादी सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। साथ ही मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान लातेहार एवं मनिका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले कुछ मतदान केन्द्रों के मतदान कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा मतदान कक्ष का दरवाजा-खिड़की, पंखा को ठीक कराने, मतदान कक्ष में अंदर फर्श एवं छत की मामूली टूट एवं समय रहते दुरुस्त कराने एवं मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट की व्यवस्था रखने की निर्देश दिया। उन्होंने पुरूष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय एवं रनिंग वाटर की समुचित व्यवस्था करते हुए शौचालय को क्रियाशील बनाने एवं ब्लीचिंग पाउडर डालकर उसे स्वच्छ रखने तथा शौचालय को इंगित प्रोपर संकेतक/साइनेज लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए अधिकारियों से लातेहार नगर पंचायत के पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कराते हुए उनके क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्रों के शौचालय एवं अन्य अपशिष्टों को हटवाते हुए स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। आयुक्त के भ्रमण के दौरान आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, लातेहार की उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, मनिका के अंचल अधिकारी संतोष शुक्ला एवं संबंधित मतदान केन्द्रों पर बीएलओ आदि उपस्थित थे। 73 मनिका विधानसभा के इन मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने लातेहार जिले के 73 मनिका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्र संख्या 111 राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय, मनिका, मतदान केन्द्र संख्या 113 एवं 114 राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मतदान केन्द्र संख्या 164 राजकीय मध्य विद्यालय सिंजो, मतदान केंद्र संख्या 177 एवं 178 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय होटवाग एवं मतदान केंद्र संख्या 179 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डुड़ंगीकला का भ्रमण किया। लातेहार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के छह मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण आयुक्त ने 74 लातेहार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 183 राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, उदयपुरा, मतदान केन्द्र संख्या 194 राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय चंदनडीह, मतदान केन्द्र संख्या 199 एवं 200 राजकीयकृत मध्य विद्यालय लातेहार बाजार, मतदान केंद्र संख्या 211 एवं 212 उत्क्रमित उच्च विद्यालय करकट का भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं का आकलन किया।

## सुनील सिंह को टिकट देने का गलती ना करें भाजपा : रवि डे




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झाविस नेता सह समाजसेवी रवि डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि चतरा संसदीय क्षेत्र के निकमा और नकारा सांसद सुनील सिंह से संसदीय क्षेत्र के जनता पुरी तरह से क्षुब्ध और आक्रोशित हैं। सन् 2014 में मोदी के नाम में इस संसदीय क्षेत्र का सांसद बने सन 2014 से सन् 2019 तक 5 वर्षों में ये जनता से विलकुल दूर रहे। पुनः 2019 में इन्हें भाजपा का टिकट से चुनाव लड़ाया गया और नारा दिया गया कि सुनील सिंह मजबूरी है, और मोदी जरूरी है। सन् 2019 से 2024 तक 5 वर्षों तक ये फिर एक बार जनता से कटे रहे चतरा संसदीय क्षेत्र में किसी प्रकार का विकास कार्य सत्ताधारी दल के सांसद रहने के बाद भी नहीं करा पाए। इसके जनविरोधी क्रिया कलापों के कारण छात्र, नौजवान मजदुर किसानों में भारी गुस्सा है। 2024 के चुनाव में चतरा संसदीय क्षेत्र के कोई भी नारा या जुमला सुनिल सिंह को जिताने के लिए कारगर साबित नहीं होगा। भाजपा का जमानत जब्त होना तय हो जाएगा। 2014 से 2024 तक विगत 10 वर्षों में चतरा संसदीय क्षेत्र में इन्होंने केवल अराजकता और भ्रष्टाचार फैलाने का काम किया है। जिसका मुँह तोड़ जवाब चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता वोट के माध्यम से देगी।

## प्रखंड के स्वयंसेवक पंचायत सहायक बनकर काम पर लौटे, एसडीएम व बीडीओ से की मुलाकात



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हड़ताल खत्म होने के बाद महुआडांड़ प्रखंड के स्वयंसेवक पंचायत सहायक बनकर वापस काम में लौटे। ज्ञात हो की राज्य के सभी पंचायत स्वयंसेवक अपने पांच सूत्री मांगों के लिए 8 जुलाई 2023 से हड़ताल पर थे। झारखंड कैबिनेट की ओर से उनके मांगों पर स्वीकृति मिल जाने के बाद सभी काम पर लौट आए हैं। दिन मंगलवार को पंचायत सहायक संघ की अध्यक्ष सुमन शालिनी तिर्की के अध्यक्षता में महुआडांड़ प्रखंड के पंचायत सहायकों ने अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग से मुलाकात की। जहां स्वयंसेवक संघ के मांग पत्र पर झारखंड कैबिनेट से प्राप्त सहमति पत्र पदाधिकारी को सौंपा। इस दौरान मुख्य रूप से पंचायत सहायक शमीम अंसारी, शंकर यादव, राजू कुमार गुप्ता, गुलशन परवीन, रविंद्र कुमार, संगीता कुमारी, समीर कुमार सिंह समेत सभी पंचायत के पंचायत सहायक उपस्थित थे।

# बिहार के विधायक का बालूमाथ में भुईयां समाज के लोगों ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ भुइयां समाज के लोगों ने मंगलवार को बिहार के हम पार्टी के विधायक का स्वागत किया गया। भुईयां समाज के लातेहार जिला महासचिव राम कुमार भुइयां ने बताया कि आगामी चुनाव को लेकर बिहार राज्य के सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रफुल्ल मांझी समाज के लोगों से मिल कर राजनीतिक चर्चा किया एवं समाज के विकास की बात कही ।वही प्रफुल्ल मांझी ने कहा कि हमारे समाज के लोग आज भी राजनीतिक क्षेत्र में काफी पीछे हैं जो आगे आने की जरूरत है। अगर हमारा समाज अब भी नहीं जगाता है तो हम हमेशा पीछे रहेंगे आज हमारे समाज के लोगों को जागना होगा और अपने हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा। इस मौके पर लातेहार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी तुलसी राम, अशोक मांझी, अजय भुईयां, सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## हेरहंज थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हेरहंज :** थाना परिसर हेरहंज में होली को लेकर बीडीओ प्रदीप कुमार दास व थाना प्रभारी विक्रम कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में सर्वप्रथम बारी बारी से उपस्थित सभी लोगों से परिचय प्राप्त करते हुए त्योहारों में आने वाले विघ्न एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर विचार लिया गया।उपस्थित लोगों ने कहा कि आज के परिवेश में लोग होली में युवा वर्गो के द्वारा जबरन रंग लगाना एवं कपड़े फाड़ना जो कि बिल्कुल गलत है। इस परंपरा को रोकने की जरूरत है जिन गावँ में इस तरह की घटना होती है वहाँ पर बुद्धिजीवी लोग नज़र बनाये रखें व हुड़दंग करने से रोकने का प्रयास करें। साथ ही शराब पीकर गाड़ी न चलाएं जिससे कोई दुर्घटनाएं घट जाय बचते हुए इस पर अंकुश लगाया जाय। थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाना है। जोर जबरदस्ती किसी को रंग नहीं लगाना है। अगर कोई व्यक्ति मनाही करता है रंग लगाने में चाहे वह किसी जाति समुदाय से हो रंग नहीं लगाना है। डी जे साउंड में अश्लील गाने बजाने वालों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।साथ ही शोशल साइड भड़काऊ एवं विवादित चीज़ें पोस्ट करने वाले लोगों पर भी करवाई की जाएगी। इससे हमलोगों को बचना है एवं शांति व्यवस्था बनाते हुए त्योहार मनाना है।बीडीओ प्रदीप कुमार दास ने बताया कि बहुत सारे असमाजिक तत्व के लोग पुराने कलह को लेकर त्योहार में ताक में रहते हैं जिससे हमें बचना है।साथ ही आपसी मिलाप के साथ त्योहार मनाना है। मौके पर बीडीओ प्रदीप कुमार दास, थाना प्रभारी विक्रम कुमार, एस आई अनुभव सिन्हा, सुबोध सिंह, रंजीत जायसवाल, जनाब अंसारी, विश्वनाथ उरांव, महेंद्र यादव, विजय गुप्ता, मनीष जायसवाल, दिलीप पासवान, बालदेव उरांव, शिव सिंह, शिवनाथ रजक, बिपिन कुमार, चन्द्रकान्त जायसवाल, अवधेश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ग्यारह दिन बीत जाने के बाद भी पंचायत सेवक अपने पंचायत में नहीं लिया प्रभार

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के सिबला पंचायत मे पंचायत सचिव सेराफीनुस खलखो द्वारा प्रभार न लेने से विकास कार्य सहित मजदूरों का मजदूरी भूगतान पूरी तरह ठप है. प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने लोकसभा चुनाव को मद्देनजर देखते हुए पत्रांक 411 दिनांक 9/3/ के तहत पंचायत सचिव सेराफेनुस खलखो को सिबला पंचायत से हटाकर फुलसु पंचायत आवंटित किया गया था.और 24 घंटे के अंदर तत्कालीन पंचायत सचिव रामलखन यादव से प्रभार का आदान प्रदान कर कार्यालय को सूचना देने को कहा गया था. परन्तु प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम के आदेश को ताख पर रखकर पंचायत सचिव सेराफेनुस खलखो अपने पुराने पंचायत सिबला मे ही जमे हुए हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## आवासीय उच्च विद्यालय कोठार मे छात्र छात्रों के बीच होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को सरना आवासीय उच्च विद्यालय कोठार रामगढ मे छात्र - छात्रों के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे शिक्षक शिक्षिका ने बच्चों को होली के बारे मे बताये और होली सोहर्दिया के भाव से खेलने को बताये और जीवन मे रंग का बहुत ही महत्व है। जिसमे हिरंकाशय बालक प्रह्लाद और बुआ होलिका के जीवन चरित्र के बारे मे भी बताया गया। साथ ही बच्चों का परीक्षा फल 01/04/2024 दिन सोमवार को प्रकाशित किया जायेगा। जिसमे सभी बच्चों के अभिभावकों को आमन्त्रित किया गया है।

## कुमार क्लासेस की ओर से देश भगत यूनिर्वसिटी ने किया एजुकेशन कॉसिलिंग का आयोजन



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के भुरकुंडा पटेलनगर स्थित कुमार क्लासेस के मार्गदर्शन में देश भगत यूनिवर्सिटी मांडी गोविंदगढ़ पंजाब के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह सह एजुकेशन कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि देश भगत यूनिवर्सिटी के व्याइस चांस्लर डॉ. हर्ष सदावर्ती एवं ओएसडी के अध्यक्ष अमित कुकरेजा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद क्षेत्र के दर्जनों शिक्षकों को अतिथियों ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. हर्ष सदावर्ती ने देश भगत यूनिवर्सिटी द्वारा कराये जा रहे सभी कोसों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया की हमारे यहां 200 से अधिक कोर्स की पढ़ाई होती है। साथ ही कुमार क्लासेस के निर्देशक संतोष कुमार ने कहा कि। इस तरह के आयोजन से शिक्षकों का समाज में प्रतिष्ठा बढ़ता है साथ ही बच्चों को 10th और 12th के बाद किस तरह के कोर्स में जाए इस की भी जानकारी मिलती है।

## बासल थाना में होली, रामनवमी एवं आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के बासल थाना परिसर में मंगलवार को हिंदू का पर्व होली,रामनवमी एवं आगामी लोकसभा चुनाव 2024 महापर्व शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त माहौल में मनाने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु,अंचलाधिकारी पतरातू, पुलिस निरीक्षक पतरातू, प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू के उपस्थिति में शांति समिति की बैठक की गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि हिन्दू के पर्व होली और रामनवमी को शांतिपुर तरीके से मनाने का निर्णय लिया वही किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की बात कही गई। वहीं लोकसभा चुनाव को भी लेकर चर्चा की गई। बैठक में बासल थाना अंतर्गत के वर्तमान एवं पूर्व जिला परिषद, प्रमुख उप प्रमुख, मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड मेंबर, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन के मद्देनजर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों से निर्वाचन को लेकर उनके किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी ली गई। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं आदि की समीक्षा के क्रम में सभी अधिकारियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं मतदान केंद्र पर सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाएं यथा पेयजल, विद्युत आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में मतदाता जागरूकता को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा भी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई वहीं निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधित विभिन्न कार्यों को लेकर जारी दिशा निर्देशों की भी जानकारी उनके द्वारा दी गई।

## मतदान अधिकारियों के प्रथम चरण के प्रशिक्षण की तिथियां घोषित

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वच्छ, स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा प्रशिक्षण कोषांग के अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से निर्वाचन कार्य में लगे मतदान पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों व कर्मियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में प्रथम चरण के प्रशिक्षण के तहत पीठासीन पदाधिकारोयों के लिए 20 मार्च 2024 बुधवार, प्रथम मतदान पदाधिकारियों के लिए 21 मार्च 2024 गुरुवार, द्वितीय मतदान पदाधिकारी के लिए 22 मार्च 2024 शुक्रवार व तृतीय मतदान पदाधिकारियो एवं महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों के लिए 23 मार्च 2024 शनिवार को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस रामगढ़ में दो पालियों पूर्वाहन 10ः30 बजे से अपराह्न 1ः00 बजे एवं अपराह्न 2ः00 बजे से अपराह्न 4ः30 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

## आंधी तूफान से पडरिया में लोगों के घर का छत एलवेस्टर सीट उड़े, हजारों का नुकसान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना गिद्दी क्षेत्र के पंचायत बड़काचुंबा गांव पडरिया में असमय आंधी तूफान का कहर बरपा है, यहां के पडरिया निवासी सुरेश गोसाई, पैरवा देवी के घर के ऊपर छत एलवेस्टर सीट तेज हवाओं ने उखाड़ दिया है, इससे हजारों का नुकसान होने का अनुमान है। इस संबंध में सुरेश गोसाई ने बताया कि बीते दिन सोमवार की संध्या आंधी बारिश के दौरान घर का ऊपर का एलवेसटर सीट उखड़ गया, जिससे हम सभी घर में असुरक्षित हो गए, घर का सामान पानी में भीगकर बर्बाद हो गया, उन्होंने इसे लेकर मदद की गुहार लगाई है, बताया जाता है की आंधी तूफान आने के बाद से ही पूरे पडरिया समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी पूरी तरह बाधित हो गई है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है।

# जंगली हाथी ने कुचल कर एक व्यक्ती की ली जान

## वन विभाग के द्वारा मृतक के परिजन को दी गई मुवावजा राशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** वन क्षेत्र के संग्रामपुर पंचायत स्थित सरला कलां गांव में मंगलवार को एक जंगली हाथी ने गांव के ही एक 65 वर्षीय व्यक्ति झुबर महतो पिता स्वर्गीय झूठन महतो को दो पहर के आसपास कुचल कुचल कर मार डाला जिससे घटना स्थल पर उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में गांव वालों को जानकारी मिलते ही लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग तथा गोला थाना को दी गई। मौके पर वन विभाग और पुलिस प्रशासन पहुंचकर मामले की जानकारी लेने के पश्चात मृतक के परिजन को तत्काल काम क्रिया के लिए 15000 रूपये मुवावजा



राशी के रुप में दिया गया जबकि 3,85,000 रूपये कागजी प्रक्रिया पुरा होने के पश्चात् दिया जाएगा। इधर घटना के संबंध में बताया जाता है की प्रतिदिन की तरह वह आज भी गांव के बगल जंगल की ओर बैल बकरी को चराने के लिए गया था जिससे इस तरह की घटना हुई। मृतक के चार बच्चे हैं जिसमें तीन लड़की और एक लड़का है। घटना के पश्चात परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। आए दिन जंगली हाथियों के डर से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है जबकि किसानों की फसलों को क्षतिग्रस्त करने के अलावा लोगों की जान ले रहे हैं। मौके पर वन विभाग के योगेंद्र कुमार, थाना के एएसआई सिद्धू सिंह के अलावा गांव के कई लोग मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गई रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आयोजन तथा इस दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा नियमित रूप से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के निर्देश पर सदर अस्पताल रामगढ़ से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों व बड़ी संख्या में उपस्थित स्वास्थ्य सहियाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकल गई रैली के दौरान बड़ी संख्या में लोगों से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्धारित मतदान की तिथि 20 मई 2024 को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने, अपने-अपने क्षेत्र में आस पड़ोस के लोगों व अन्य को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं निर्वाचन के दौरान बिना किसी डर, लोभ अथवा किसी के प्रभाव में आए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा रामगढ़ महाविद्यालय में फाल्गुन महोत्सव का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा रामगढ़ महाविद्यालय में फाल्गुन महोत्सव का आयोजन महाविद्यालय के मैदान में किया गया। अभाविप रामगढ़ महाविद्यालय के अध्यक्ष नितेश कुमार मोदी के नेतृत्व में फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया, जहां महाविद्यालय के लगभग 2500 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रत्ना पांडे, कॉलेज अध्यक्ष नितेश कु0 मोदी, ,प्रदेश सह मंत्री गौतम महतो,जिला संयोजक शुभम गिरी, नगर उपाध्यक्ष सूरज कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राधा-कृष्ण के समक्ष गुलाल अर्पित कर किया गया। सभी छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य,देशभक्ति गीत, और देशभक्ति कविता आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रत्ना पांडे ने कहा की होली रंगों का त्योहार है और सभी रंगों में सरोबार होकर फाल्गुन उत्सव का आनंद ले, नितेश मोदी ने बताया कि होली का उत्सव युवाओं का उत्सव है, पर्व-त्योहार का आनंद व्यक्ति में एक नई ऊर्जा और स्फूर्ति का संचार करता है। रंगों का यह त्योहार आप सबके जीवन को खुशियों से भर दे। होली से एक दिन पहले हमलोग होलिका दहन करते है क्योंकि होलिका को यह वरदान था कि उसे अग्नि नहीं जला सकती , यह बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।कार्यक्रम का आदित्य सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अंशु पांडे ने किया। कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर नगर सह मंत्री राहुल कुमार, तन्वी कुमारी नगर कोषाध्यक्ष खुशी कुमारी, प्रीति कुमारी ,बाबूलाल कुमार प्रीतम कुमार, चरण बेदीया, राजू बेदीया,अरुण कुमार, संगीता कुमारी ,दिशा कुमारी, दीक्षा कुमारी,श्रुति कुमारी निरुपा कुमारी, आंचल, कुमारी, जया कुमारी ,अमित कुमार, प्रियांशु कुमार , अभय ओझा ,मोंटी कुमार, सिद्रा फरयाल,अमीषा अग्रवाल, आदित्य सिंह,आलिया खान, विक्की वॉच प्रिया मुंडास नेहा पांडे, बिशाखा कुमारी प्रीति शर्मा,आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के सभी कॉलेजों के कैंपस ब्रांड एंबेसडर के साथ हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की की अध्यक्षता में फ्यूचर मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न महाविद्यालयों के स्वीप नोडल पदाधिकारियों व स्वीप के तहत बनाए गए कॉलेज कैंपस ब्रांड एंबेसडर के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की ने बताई की रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ से मुन्ना कुमार व शहजादी, इंटर महिला महाविद्यालय रामगढ़ से रिया कुमारी व खुशी कुमारी, राधा गोविंद इंटर कॉलेज रामगढ़ से अनुरोन चौधरी व पूजा पटेल, गोला पॉलिटेक्निक कॉलेज गोला से शुभांशु शुभम व रानी कुमारी, सीपीसी इंटर कॉलेज कामता गोला से आशीष कुमार व मनीष कुमार, रिजु नाथ चौधरी



मेमोरियल इंटर कॉलेज दुलमी से रोशन कुमार व मालती कुमारी, डॉ एस राधाकृष्णन टीचर ट्रेनिंग कॉलेज चितरपुर से विवेक कुमार एवं मुस्कान कुमारी, जीएम कॉलेज भुरकुंडा पतरातू से शत्रुघ्न गिरी, जुबली कॉलेज भुरकुंडा पतरातू से अजय कुमार व कुमकुम कुमारी को स्वीप के तहत कॉलेज कैंपस ब्रांड एंबेसडर हेतु चयन किया गया है । बैठक में मुख्या से पीपीआई फेलो भावेश कुमार/श्वेता वर्मा,प्राचार्य रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़, प्राचार्य रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज रामगढ़, प्राचार्य राधा गोविंद इंटर कॉलेज, गोला पॉलिटेक्निक कॉलेज, सीश्पीश्सी इंटर कॉलेज, रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल इंटर कॉलेज दुलमी, डॉ राधाकृष्णन टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज लारी, जीएम कॉलेज भुरकुंडा, जुबली कॉलेज भुरकुंडा, पीटीपीएस कॉलेज पतरातु, सीएन कॉलेज रामगढ़ के प्राचार्य सहित अन्य उपस्थित थे।

## पाली प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भदानी नगर में पाली प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मुरकुट्टी टांड़ मैदान पाली गांव में हुआ। इसका विधिवत उदघाटन युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा उपाध्यक्ष शहजादा तालीम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त और फीता काटकर किया। क्रिकेट मैच ब्लैक पैंथर पाली और बाहुबली लेजेंड प्लेयर पाली के बीच हुआ। पहले बैटिंग करते हुए ब्लैक पैंथर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 117 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए बाहुबली लेजेंड की टीम 87 रन पर सिमट गई। मैच को 30 रन से ब्लैक पैंथर जीत लिया। वहीं दूसरे मैच सरना साइरस पाली और पावर स्ट्राइकर पाली के बीच हुआ। जिसमें सरना साइरस पहले बैटिंग करते हुए 153 रन बनाया। जवाबी पारी खेलते हुए पावर स्ट्राइकर की टीम 134 रन बनाकर मैच हार गया। कमेटी के लोगों ने बताया कि टूर्नामेंट में 8 टीमों ने हिस्सा लिया है। जिसका फाइनल मैच 22 मार्च को खेला जायेगा। मैच में अंपायर सुनील बेदिया, प्रेम बेदिया थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में रघुनंदन सिंह, धनंजय सिंह, देव बेदिया, बालगोविंद, नवीन, राजेश, कालीचरन, राहुल सिंह, अरुण बेदिया सहित अन्य जुटे हुए है।

## ब्रह्मर्षी महिला समिति रामगढ़ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्रह्मर्षी धर्मशाला रामगढ़ में ब्रह्मर्षी महिला समिति रामगढ़ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ के विधायक सुनीता चौधरी सम्मिलित हुई। विधायक सुनीता चौधरी द्वारा समिति की बहनों के साथ होली खेल कर उन्हें होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुपमा सिंह माला सिंह मनीष सिंह पुरानी देवी पिंकी विभा देवी सोना देवी भूपेंद्र कौर सहित काफी संख्या में समाज और आसपास की महिलाओं की उपस्थिति रही।



## भाजपा नगर परिषद क्षेत्र में आगामी लोकसभा के चुनाव की तैयारी को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र बोंगावर फोर लाइन के किनारे जेपी रेस्टोरेंट के समीप झारखंड प्रदेश के पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद का हजारीबाग से रांची जाने के क्रम में कुछ देर के लिए रुके थे रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया । स्वागत के दौरान आगामी लोकसभा के चुनाव की तैयारी को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत पांडे सांसद प्रतिनिधि जागेश्वर प्रजापति ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय शाह युवा मोर्चा प्रदेश सदस्य नीरज झा सुनील प्रसाद साहू रामगढ़ विधानसभा विस्तारक देवाशीष प्रधान संजीव कुमार बावला जगत नारायण पिंटू कुमार छोटन प्रजापति विनोद मिश्रा शैलेंद्र कुमार सोनू कुशवाह दशरथ कुर्मी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं पर स्थित है।




## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आसपास के कई गांव मे एरिया डोमिनेशन किया गया

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भदानी नगर ओपी पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त माहौल में चुनाव कराने के लिए मंगलवार को भदानी नगर ओ. पी प्रभारी संजय कुमार रजक के साथ सीआरपीएफ के 208डी कंपनी कमांडर रामनारायण यादव, एस आई अनीश प्रसाद साथ ही साथ थाना के शस्त्र बल एवं सीआरपीएफ के एक कंपनी के साथ आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए ग्राम चोरधारा, भदानी नगर, महुआ टोला एवं आसपास के कई गांव मे एरिया डोमिनेशन किया गया। एवं ग्रामीण को यह संदेश दिया गया कि आने वाले लोकसभा चुनाव मे आप लोग निर्भीक होकर मतदान करें।



## लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए हो रही वाहनों की सघन जांच

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों पर चेकनाका लगाकर ( आहरडीह मोड़ नावाडीह, आइएल थाना गोमिया, तिरबुल चौक कसमार, वन विभाग गेस्ट हाउस समीप पेटरवार, तरंगा चंद्रपुरा, मिर्धा ङ्क पिंड्राजोरा चास, तेलमच्चों चास, बिरखम चंदनकियारी, बिरसा पुल चंदनकियारी, गायछांद जरीडीह) सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रतिनियुक्त स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी)सभी छोटे ङ्क बड़े वाहनों के साथ लग्जरी वाहनों की भी तलाशी कर रही है। मंगलवार को भी सभी चेकनाकों पर एसएसटी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। मौके पर उपस्थित दंडाधिकारी ने कहा कि लकसभा आम चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर एसएसटी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया ।

## रामगढ़ रामनवमी महासमिति की हुई बैठक निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए दीपक मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को रामगढ़ स्थित किला मंदिर प्रांगण में श्री श्री रामनवमी महासमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं मंच संचालन समिति के महासचिव तुलेश्वर पासवान ने किया। दर्जनों रामभक्तों की उपस्थिति में भव्यता के साथ रामनवमी जुलूस निकाले जाने सहित शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी मनाए जाने पर चर्चा किया। कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिसोदिया द्वारा इस बैठक में नए कमिटी के चयन पर विचार के साथ नए अध्यक्ष हेतु दीपक मिश्रा के नाम का घोषणा किया गया जिसका बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने जय श्री राम के ध्वनि मत से समर्थन किया । महासमिति के अध्यक्ष चुने जाने के बाद दीपक मिश्रा ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा की इस



बार बिलकुल अनुशासित ढंग से एवं धूमधाम से मनाया जायेगा जिसमे पुलिस प्रशासन से सहयोग की भी अपेक्षा रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से समिति के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिसोदिया,संरक्षक सह पूर्व मुखिया छोटू सिंह,मुखिया ओरला पंचायत बुच बाबा,रमेश महतो,बिनोद मिश्रा,राजेश ठाकुर,प्रभात अग्रवाल विशाल जयसवाल, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, शंकर यादव, नीरज गोयल, पंकज भारती, मणिशंकर ठाकुर, विक्की बाबा, सूरज वर्णवाल, आयुष, मनीष, प्रेम करमाली,सरोज कुमार,सचिन चंद्रवाशी, अमन राजा,राहुल पासवान, शुभम सिंह, शंभू सिंह, अमित कुमार, अंकित सिंह, मोनू गुप्ता, पावन पासवान, गोलू पासवान, रोहित, प्रियांशु गोस्वामी, सुनील कुमार, आकाश यादव, सोनू कुमार, पब्बी बजरंगी ,रवि चंद्रवंशी, संतोष बेदिया, कुणाल राम, आनंद राम, राहुल मालाकार,चंदन सिंह, सागर श्रीवास्तव, राहुल सिंह, कांतेश्वर मिश्र, नवनीत कुमार, लालबाबू इत्यादि रामभक्त उपस्थित रहे।

## लाला लाजपत राय बाल मंदिर में बच्चों की स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के झंडा चौक स्थित लाला लाजपत राय बाल मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पंजाबी हिन्दू बिरादरी के तत्वावधान में डॉक्टर कुमार पॉलीक्लीनिक द्वारा आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉक्टर कुमार पॉलीक्लीनिक की संचालिका डॉक्टर अपूर्वा की देखरेख में प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौतम सहित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्कूल के लगभग 200 बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर इसकी जानकारी बच्चों के अभिभावकों को दी गई। वहीं 150 बच्चों के आंखों की भी जांच की गई। शिविर के सफल आयोजन में स्कूल कमेटी के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मारवाह, सचिव राजीव चड्डा, स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुधा जैन, शिक्षिका बालप्रीत कौर, चांदनी, कशिश, तन्वी, रूपा आदि का सराहनीय योगदान रहा।



## चितरपुर बीडीओ ने दर्जनों बूथों का किया निरीक्षण

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 2024 में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चितरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञान मनी एक्का के द्वारा दौरा कर दर्जनों बूथों का निरीक्षण किया, जिसमें मुख्यतःउत्क्रमित मध्य विद्यालय मायल,उत्क्रमित उच्च विद्यालय मारगमर्चा, नव प्राथमिक विद्यालय सोढ, राजकीय बुनियादी विद्यालय चितरपुर प्राथमिक विद्यालय चितरपुर,डीयू मिशन प्राथमिक विद्यालय चितरपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय भूचूंगडीह के अलावे इंटर महाविद्यालय चितरपुर सहित के विद्यालय पहुंचे और पानी बिजली वॉशरूम आदि कई चीजों का जांच पड़ताल किया,लोकसभा 2024 को होने वाले चुनाव को रखते हुए विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया गया,लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के दिन किसी प्रकार की दिक्कत नहीं करना पड़े जिसे देखते हुए बेहतर सुविधा के लिए बूथों पर पहुंचे।



# तराबी के दौरान अगर पैर दर्द करे तो बर्दाश करें, जाया नहीं जाएगा ये दर्द : हाफिज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जामाडोबा बाज़ार कमेटी के द्वारा ब्राइट स्कूल में सात दिन की तराबी खत्म हुई। सातो दिन कुरान की तिलावत की आवाज़ पूरे जामाडोबा में गूंजती रही। तरावी के समय सारी दुकाने बंद हो जाती थी और पूरा बाज़ार सन्नाटा हो जाता था। सात दिन की तराबी में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। जामाडोबा के दूकानदार के साथ साथ काफी दूर से लोग तराबी पढ़ने आया करते थे। खत्म तराबी के बाद हाफिज़ मोहमद अम्मार कुरैशी को लोगो ने फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया। तरावीह की नमाज के बाद सभी रोजेदारों ने अपने गुनाहों की माफी मांगी व जहन्नम की आग से बचने के लिए दुआ मांगी। साथ ही आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द तथा विश्व शांति के लिए सामूहिक रूप से अमन-शांति की दुआ की गई। मौलाना कुरैशी ने कहा की तराबी की नमाज़ के दौरान खड़े खड़े लोगो के पैर दर्द करने लगते हैं। लेकिन याद रखे ये दर्द कभी जाया नहीं जाएगा। अल्लाह इसका अज़्र ज़रूर देगा। दिल से अल्लाह की इबादत करें। इस पाक महीने में अल्लाह जन्नत के दरवाजे खोल देते हैं। ये महीना रहमत वाला है और इसी महीने में कुरान नाजिल हुई। मौके पर मनव्वर आलम (मन्नु), आसिफ सिद्दीकी, मो सलीम, मो ताजुद्दीन, मो मुर्शिद, मो इमरान, मो वसीम, आमिर सिद्दीकी, मो राजा, जावेद खान आदि मौजुद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई कारा सुरक्षा समिति की बैठक

# बिना समुचित जांच के कोई भी व्यक्ति या वस्तु अंदर ना जाए : उपायुक्त



### मंडल कारा की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कारा सुरक्षा, कारा में कैदियों- बंदियों हेतु मूलभूत सुविधाएं, कैदियों-बंदियों के परिजनों से मुलाकाती, स्वास्थ्य सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, टेलीफोन बूथ, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, सायरन सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा किया गया। इस दौरान उन्होंने कारा के सुरक्षा सहित भोजन, पानी, शौचालय एवं साफ-सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं निर्देश देते हुए कहा कि कारा में कैदियों - बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों - बंदियों को स्वच्छ, ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं, इसमें किसी प्रकार की कोताही ना बरतें। उपायुक्त द्वारा मंडल कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा को सदैव क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि कारा के अंदर बंदियों को उनके परिजनों के द्वारा भेजे जाने वाले खाद्य पदार्थों एवं अन्य सामग्री का कड़ाई से सीसीटीवी कैमरा के नजर में जांच के बाद ही कारा के अंदर प्रवेश दें ताकि खाना के साथ प्रतिबंधित सामग्री अंदर नहीं जाए। उन्होंने संबंधित सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही उन्होंने कहा कि जेल के चारो ओर आबादी है इस दृष्टि से सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य दिशा निर्देश दिया गया। जेल मैनुअल का पालन सुनिश्चित कराने हेतु समय समय पर औचक निरीक्षण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कार्य मे कोताही बरतेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक एच. पी.जनार्दनन, पुलिस अधीक्षक सिटी अजित कुमार, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, पुलिस उपाधीक्षक विशेष शाखा, प्रोबेशन पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## संकल्प महिला समिति ने बांटे साड़ी व रंग गुलाल



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कतरास क्लब के प्रांगण में मंगलवार को दीक्षा महिला मंडल एवं संकल्प महिला समिति के सदस्यों द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत होली के त्योहार पर 25 गरीब महिलाओं के बीच साड़ी, रंग, गुलाल और मिष्ठान का वितरण किया गया। मौके पर संकल्प महिला समिति कतरास क्षेत्र की अध्यक्षा भारती महापात्रा, पूनम सिंह, रेखा कुमारी, आशा सांडिल्य, बीना चौधरी, रेणु सिंह, कंचन सिंह, नंदिनी शर्मा उपस्थित थीं।

## प्रदीप बने धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन के नए अध्यक्ष



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रदीप कुमार सिंह को धनबाद जिला डेकोरेटर संगठन का अध्यक्ष चुन लिया गया है। गत 17 एवं 18 मार्च को नई दिल्ली में ऑल इंडिया टेट डेकोरेटर एसोसिएशन की आम बैठक सह चुनाव सत्र 2024 - 27 को लेकर नई कमेटी का चुनाव हुआ। जिसमें प्रदीप कुमार सिंह धनबाद के अध्यक्ष के अलावा उन्हें वाइस चेयरमैन और वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष भी चुना गया है। वहीं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रांची के सुशील शर्मा उपाध्यक्ष पद में चुने गए हैं। धनबाद के द्वारिका प्रसाद तिवारी को विशेष कार्य समिति में चुना गया है। रांची के संजय कुमार को संगठन मंत्री के पद पर शपथ दिलाई गई। ऑल इंडिया के सभी केंद्रीय पदाधिकारी को चयनित पदाधिकारी ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

## नगर आयुक्त ने की मीडिया कोषांग की समीक्षा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर आयुक्त सह मीडिया कोषांग के वरीय पदाधिकारी रवि राज शर्मा ने अपने कार्यालय में मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह के साथ मीडिया कोषांग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित करने के लिए स्वीप गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा। इसके तहत सभी ऑटो रिक्शा, बस, टैक्सी सहित अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट में स्टीकर लगाना, नगर निगम के 5 एयर क्वालिटी इंडेक्स स्क्रीन पर जागरूकता संबंधी वीडियो का प्रसारण करना, साइकिल रैली निकालना, वॉकथोन का आयोजन करना, पेट्रोलियम डीलर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, चेंबर ऑफ कॉमर्स, रेसिडेंशियल सोसाइटी, बैंक इत्यादि के साथ बैठक कर मतदान करने के लिए जागरूक करने का निर्णय लिया गया।

## स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 19 मार्च 2024 को धनबाद रेलवे स्टेशन एवं हिल कॉलोनी में ईस्ट सेंट्रल रेलवे, भारत स्काउट्स एण्ड गाईडस के सदस्यों के द्वारा नुक्कड नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेलवे स्टेशन एवं एवं हिल कॉलोनी में लोगों को मतदान के महत्व के संबंध में जागरूक करते हुए शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया। वहीं आज CLF कार्यालय मे वोटर अवेयरनेस के तहत, शपथ कार्यक्रम किया गया। साथ ही EVM, VVPat और कंट्रोल यूनिट का डेमो दिखाया गया।

## टुंडी प्रखंड के लिए असमय वर्षा किसी अभिशाप से कम नहीं किसानों में छाई मायूसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** हर माह बर्षा की मार से त्रस्त है टुंडी के किसान खासकर टुंडी जैसे पिछड़े प्रखंडों के असमय बर्षा किसी अभिशाप से कम नहीं। बताया जाता है कि कोई ऐसा महिना नहीं कि बर्षा की मार किसानों को झेलना न पड़ता हो।असमय वारिश टुंडी के किसानों को बेरोजगार करके रख दिया और धनबाद जिले के टुंडी प्रखंड अति पिछड़ा प्रखंड के तौर पर सरकारी रजिस्टर में अंकित है फिर भी ऐसे प्रखंड में सारे विकास कार्य ठप पड़े हैं जो भी एक दो किसान भाई गेहूं एवं बंगला ईट ऋष्टा लेकर कर रहे हैं तो इन्द्र भगवान की? कुदृष्टि ने उन्हें बर्बाद करने पर तुले हुए हैं।कुल मिलाकर टुंडी प्रखंड में असमय बर्षा से किसानों में मायूसी छायी हुई हैं और लोग बेरोजगार बनकर घरों में बैठे पड़े हैं जो कि आने वाले दिनों में किसान भाईयों को भूखमरी जैसी स्थिति से गुजरना पड़ सकता है।

# होली मिलन समारोह को लेकर चंद्रवंशी समाज में बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शहर के न्यू परिसद भवन गिरिडीह में मंगलवार को आँल इंडिया चन्द्रवंशी युवा एसोसिएशन व अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की सयुंक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित करने को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर मौजूद सदस्यों के द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित करने को लेकर राय-सुमारी किया गया।

इस दौरान आगामी 23 मार्च दिन शनिवार को हुट्टी बाजार स्थित शहीद सीताराम उपाध्याय चिल्ड्रन पार्क में होली मिलन समारोह उल्लास के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समारोह के सफल आयोजन को लेकर रणनीति बनाते हुए इसकी तैयारी में सभी सदस्यों को जोड़ने का आवाहन किया गया।

बैठक में मौजूद सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि होली आपसी भाईचारे का त्यौहार है और इस त्यौहार को यादगार बनाने के लिए समाज की ओर से हर वर्ष समाज के सभी लोगों के सहयोग से होली मिलन समारोह आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी यह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में समाज के सभी सदस्य अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि होली मिलन समारोह के उद्देश्य की पूर्ति हो सके।

होली मिलन समारोह को पूरी तरह से सफल बनाने के लिए समाज के सभी सक्रिय सदस्यों को अहम भूमिका अदा करने का अपील किया।

कहा कि 23 मार्च दिन शनिवार को दोपहर 2 बजे से संध्या 6 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज के सभी लोगों को उपस्थित होने का अपील किया। बता दें कि आँल इंडिया चन्द्रवंशी महिला प्रकोष्ट के द्वारा भी होली मिलन का आयोजन किया जा रहा है।

मौके पर अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश मंत्री बासुदेव राम, विकास चंद्रवंशी, जिलाअध्यक्ष दुर्गा राम, एआईसीवाईए के प्रदेश संयोजक भीम रवानी, वार्ड पार्षद अशोक राम, अजीत कुमार पप्पु , प्रदोष् चन्द्रवंशी, वार्ड पार्षद चन्द्रशेखर राम, मनोज राम, सुरेन्द्र चन्द्रवंशी, दिनेश राम, राहुल कुमार कुमार, समीरदीप सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ जयप्रकाश ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले के बेंगाबाद प्रखंड़ अंतर्गत केंदुवागढहा में गांडेय विधानसभा के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा ने अपने समर्थकों के साथ बैठक किया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एक मत से कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से जयप्रकाश वर्मा को इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी बनाने के लिए जोर दिया इस विषय में प्रो जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि आज के बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। पूर्व विधायक ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र भाकपा माले के खाते में जाने की खबर से गांडेय ही नहीं बल्कि पुरे लोकसभा क्षेत्र को लोग दुखी हैं। हालांकि अभी विधिवत तरीके से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि चुनाव की तैयारियों को लेकर कोडरमा लोकसभा के सभी प्रखंड़ों में अलग-अलग तिथि तय कर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित वक्तायो ने कहा कि इंडिया गठबंधन से झामुमो के जयप्रकाश वर्मा को ही प्रत्याशी बनाना चाहिए अगर जयप्रकाश वर्मा को प्रत्याशी नहीं बनाया गया तब कोडरमा से भारतीय जनता पार्टी का रास्ता साफ हो जाएगा भारतीय जनता पार्टी भी चाहती है कि जयप्रकाश वर्मा को कोडरमा से प्रत्याशी नहीं बनाया जाए। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य रीतलाल प्रसाद वर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राम प्रसाद महतो, राकेश दास, गणेश ठाकुर, रणधीर प्रसाद ज्वाला, शिबू प्रसाद वर्मा, संजय कुमार , सुनील यादव , सुरेंद्र प्रसाद वर्मा, अंगरी प्रसाद वर्मा, पवन वर्मा, बिनोद वर्मा, कार्तिक प्रसाद वर्मा, भुनेश्वर महतो, चंदो मंडल, शेखलाल प्रसाद वर्मा, संजय कुमार, मुन्ना प्रसाद, जयप्रकाश वर्मा, बबलू वर्मा, अनिल वर्मा, दिनेश वर्मा, संजय वर्मा, जितेंद्र कुमार , शिबू वर्मा समेत सेकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## टाटा स्टील, सेल में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक आयोजित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को टाटा स्टील जामाडोबा, स्टील अर्थॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (सेल) की चासनाला एवं जीतपुर कोलियरी में वोटर अवेयरनेस फोरम (वीएएफ) की बैठक आयोजित की गई। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक-से-अधिक मतदाताओं को जागरूक होना आवश्यक है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने स्वीप गतिविधियों के साथ-साथ वोटर अवेयरनेस फोरम का शुभारंभ किया है।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम– मधुमिता नन्दिनी ,उम्र– 17 वर्ष, रंग–गोरा उँचाई– 5फीट 3 ईंच, पहनावा–काला–लाल रंग का ट्रेक सूट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता लड़की मधुमिता नन्दिनी, पे0–शारदानंद मंडल, सा0–सिल्ली थाना–सिल्ली, जिला–राँची, जो दिनांक–10.03.2024 को घर से बिना बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सिल्ली थाना सनहा संख्या–09/24 दिनांक–11.03.2024, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। – 9431770066
थाना प्रभारी, सिल्ली, राँची। – 9431706153

वरीय पुलिस अधीक्षक
राँची

PR 323130 Police (23-24)_D


# जनसम्पर्क अभियान में जोर शोर से लगा भाकपा माले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भकपा माले के अभियान घर घर चलो, हर घर चलो के तहत जनसंपर्क चलाया जा रहा है इसी कड़ी में पावापुर पंचायत के गड़या में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय एवम आरवाईए राज्य कमिटी सदस्य दिव्या भगत के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया व चुनाव में भागीदारी हेतु हर चूल्हे से बिस- बिस रुपया का सहयोग राशी लेकर कोष संग्रह किया गया। आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय ने कहा कि जनता इस बार पूरी तरीके से बदलाव के मूड में है अबकी कोडरमा से भाजपा को चलता करने के लिए तैयार है जनता चाहती है कि इस बार लाल झंडे का प्रतिनिधित्व कोडरमा को मिलेगा और काफी उत्साह से लोग हर घर से भाकपा माले की मदद को आगे आ रहे हैं। जिस तरह से केंद्र सरकार ने बेतहाशा महंगाई बढ़ाई है, देश के विभिन्न हिस्सों में नफरत का माहौल बनाया है यही वजह है कि इस बार जनता महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ बेहतर शिक्षा व्यवस्था, रोजगार, बेहतर सिंचाई, बेहतर दवाई और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए वोट करने को तैयार हैं। मौके पर अखिलेश राज, झरि यादव, लूटन महतो, दर्शन रविदास, मुस्तकीम अंसारी, मंजूर आलम, मेहबूब अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर विभागीय कठिनाइयों से कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** आज मुख्यालय, हाजीपुर में 04 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाष से मुलाकात की तथा अपनी विभागीय कठिनाइयों से महाप्रबंधक को अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि रेलकर्मियों की समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

पत्रांक –232 हुसैनाबाद, दिनांक–19/03/2024

**ई0 कोटेशन रद्द संबंधी सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांकः–221 दिनांकः–14.03.2024 के द्वारा आमंत्रित **e-Quotation No.- WRD/MID/HUSSAINABAD/01/2023-24** जिसका **PR NO:-322933 District (23-24)-D** है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,
हुसैनाबाद।

PR.NO.323131 District(23-24):D

भाजपा ने लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर शक्ति केंद्र अध्यक्षों के साथ की बैठक

## कांग्रेस के शासन में 12 किमी, मोदी के शासन मे 37 किमी प्रतिदिन बनते हैं सड़कें : मनीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा सदर मंडल भाजपा की भटखिजरी शक्ति केंद्र की बैठक शक्तिकेंद्र संयोजक राजेन्द्र उराँव की अध्यक्षता मे हुई संपन्न। बैठक मे मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, लोहरदगा लोकसभा विस्तारक विकास मोदक, प्रखंड प्रभारी सुरज मोहन साहू, प्रखंड अध्यक्ष सुरज दशौन्धी ने शक्तिकेंद्र के मुंदो, ईरगाँव, बकरनी, एवं भटखिजरी बूथ के अध्यक्ष संयोजक एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उक्त बैठक को संबोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस के शासनकाल मे देश मे प्रतिदिन 12 किलोमीटर सड़के बनती थी, लेकिन भाजपा नीत नरेन्द्र मोदी नेतृत्ववाली सरकार जब सत्ता मे आयी तो प्रतिदिन 37 किलोमीटर सड़के बन रही है, कांग्रेस के शासनकाल मे गिने चुने पहूँचवाले व्यक्ति या कांग्रेस के लिडरो के यहाँ गैस का कनेक्सन मिलता था, अब मोदी जी के शासनकाल मे 10 करोड़ से अधिक मुफ्त मे एलपीजी गैस मुहैया कराया गया, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक भारतीयो को मुफ्त मे राशन का वितरण किया गया। मोदी जी के नेतृत्व मे भारत विश्व के 05 वीं सबसे बड़ी अर्थवयवस्था और डीजीटल लेनदेन मे नम्बर 01 साबित हूआ है। केंद्र की भाजपानीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्ववाली सरकार गाँव, गरीब, किसान, महिला, युवा, सभी के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने ने कहा कि आप सभी बूथ के सम्मानित कार्यकर्ता बूथ के मतदाताओं के बीच जाएं और आनेवाला लोकसभा चुनाव पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी समीर उराँव को अपनी-अपनी बूथो से जीत दिलाकर मोदी जी को एक एक कमल फूल भेजने का कार्य आप सभी बूथ के एक-एक कार्यकर्ताओं को करनी है। उक्त बैठक मे शक्तिकेंद्र के अंजू सोन तिर्की, सुमित्रा तिर्की, सरिता कुमारी, दिनेश साहू, प्रदीप उराँव, भीम लोहरा, सोमरा महली, बुदू उराँव, जितेश्वर भगत, दिलीप लक्ड़ा, निकेश राम, ओम प्रकाश महतो, संदीप साहू, पुनई भगत, मंटू उराँव इत्यादि अनेको कार्यकर्ता बैठक मे उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सभी बैंक प्रबंधकों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लोहरदगा की अध्यक्षता में आज सभी बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में बैंक प्रबंधकों को आदर्श आचार संहिता लागू की स्थिति में कैश की निर्धारित सीमा, कैश से संबंधित ग्राहक को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना, सी-विजिल पर आवश्यक डेटा इंट्री व संबंधित पदाधिकारियों व टीम को सूचना हेतु रिपोर्टिंग की जानकारी दी गई। निर्वाचन के दौरान बैंक खातों से निकासी व जमा में आवश्यक निगरानी हेतु प्रशिक्षण भी बैंक प्रबंधकों को बैठक के दौरान दिया गया। बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि बैंकों में सरकारी योजनाओं की योजनाओं का बैनर/ पोस्टर सभी हटवा लें। किसी भी परिस्थिति में आदर्श आचार संहित का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। सभी बैंक प्रबंधकों को सी-विजिल एप/पोर्टल और इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम की विस्तृत जानकारी जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी द्वारा दी गई। आज की बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक नवेंदू कुमार, उत्पाद अधीक्षक, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कोषांग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बुटी, भड़गाँव, झलजमीरा, उगरा और अरु पंचायत स्थित विभिन्न बूथों का बीडीओ ने निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बुटी, भड़गाँव, झलजमीरा, उगरा तथा अरु पंचायत के कंडरा, बुटी, झलजमीरा, दतरी, इचरी, अरु सहित विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया गया। वही बूथ निरीक्षण के क्रम में बीडीओ श्री मुर्मू ने बिजली,पानी,रैम्प और शौचालय का निरीक्षण किया तथा जिन बूथों में सुविधा नही है वैसे बूथ के बीएलओ और सुपरवाइजर को निर्देश देते हुए कहा कि जिन बूथों में बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय का व्यवस्था नही है उस पर यथाशीघ्र रिपोर्ट दें जिसे बूथ पर मतदताओं और मतदान कर्मियों के लिये सुविधा उपलब्ध कराया जा सके और मतदताओं एवं मतदान कर्मियों को मतदान के दिन परेसानी न हो तथा मतदान का प्रतिशत बढ़े। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू,पंचायत सचिव आरती चेरमाको,सुरजा भगत के अलावे सभी पर्यवेक्षक व बीएलओ मौजूद थे।

## चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ता हुए रेस देवदरिया शक्ति केंद्र की हुई बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी किस्को मंडल के देवदरिया शक्ति केंद्र की बैठक कैलाश सिह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बालकृष्ण सिंह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश विकास कर रहा है समाज के अंतिम व्यक्ति तक हमारी सरकार की योजना का लाभ दिया जा रहा है जिससे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गांव गांव घर-घर जाकर अवलोकन कर रहे हैं की जो भी योजना केंद्र सरकार की चल रही है हमारे समाज के अंतिम को मिले इसके लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर,निशुल्क हर माह खाद्यान्न मिल रहा है, हर घर नल जल योजना के तहत घर-घर स्वच्छ जल पहुंच रहा है, उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन कोविड से बचने के लिए निशुल्क वैक्सीन, गांव-गांव बिजली पहुंचाना, सुदूर गांव को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रतिदिन पूरे देश में सड़क का जाल बिछाया जा रहा है,महिला दीदी लोग को समूह के माध्यम से लखपति बनाने की योजना चल रही है,साथ ही पीएम किसान योजना के तहत किसान सम्मान निधि की राशि किसानों को दी जा रही है,स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर निशुल्क शौचालय के निर्माण करवाया गया है। प्रकाश नायक जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा ने कहा कि आजादी के 60 वर्षों तक अनुसूचित जाति,जनजाति लोगों को सिर्फ ठगने कार्य कांग्रेस सरकार ने किया आज जो कार्य को 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने कर दिखाया आज सभी भारत के लोग खुशहाल है आने वाला समय में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में फिर एक बार भाजपा की सरकार बने आप हर घर से वोट के रूप में भारतीय जनता पार्टी को सहयोग करें। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुरेश लोहरा ने संबोधित करते हुए कहा कि हर बुथ में कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़े ताकि आने वाले समय में हमें इसका भरपूर लाभ मिले।

लोकतंत्र में जनता ही देश की भाग्य विधाता : अलीरजा अंसारी

## उच्च विद्यालय जिंगी के छात्रों ने रैली निकाल दिया मतदान का संदेश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में मतदान के माध्यम से जनता देश के भविष्य को आकार देती है। असल में जनता ही देश की भाग्य विधाता होती है जो चुनाव के माध्यम से अपना प्रतिनिधि चुनती है। एक-एक मत बहुत महत्वपूर्ण है। एक मतदान से समाज और देश की दिशा और दशा बदल सकती है। सरकार गिर सकती है और बन भी सकती है। उपर्युक्त बातें आज प्रखंड क्षेत्र अवस्थित रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने आज मतदाता जागरूकता रैली में ग्रामीण मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहीं। इससे पूर्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिंगी गांव के विभिन्न गली मुहल्लों से स्लोगन लिखा पंपलेट और बैनर पकड़ कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने वाले नारे लगाते हुए भ्रमण किया। रैली की अगुवाई तरते हुए विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहा कि मतदान नागरिकों का अधिकार के साथ कर्तव्य भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आगामी चुनावों के जिन सबसे पहले मतदान करें फिर जलपान करें। इस अवसर पर विद्यालय के चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल शिक्षक प्रमेश कुमार सिंह ने भी मतदान के महत्व की चर्चा करते हुए लोगों से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है जो सबकी भागीदारी से बहुत खूबसूरत हो जाता है। मौके पर शिक्षक ज्याउल हक अंसारी, सरोज कुमार दुबे, खुशमारेन मर्शिला तिर्की, समीना खातून, फूलमनी कुमारी, आईसीटी इंस्ट्रक्टर सादाब अंसारी, दशरथ कुमार, देवंती कुमारी सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जिला बार एसोसिएशन ने किया शोक सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा-लोहरदगा :** सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बक्सी ब्रजकिशोर प्रसाद के आसमयिक निधन पर जिला बार एसोसिएशन के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। बार अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी ने कहा की बक्सी बाबू के नाम से जाने जाने वाले ब्रजकिशोर प्रसाद एक मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। जरूरतमंद लोगों को सहयोग करने के अलावा आम लोगों से भी खुले दिल से मिलना इनका स्वभाव था। इनके आसमयिक निधन से बार एसोसिएशन को जो क्षति हुई है वह पुरी नहीं की जा सकती हैं। लंबे समय से किडनी की समस्या से जूझ रहे बक्सी ब्रजकिशोर प्रसाद ने 18 मार्च को करीब तीन बजे अंतिम सांस ली। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने उनके घर पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। अधिवक्ता बक्सी ब्रजकिशोर प्रसाद के आसमयिक निधन को लेकर 19 मार्च को सिविल कोर्ट के कार्यो से अधिवक्ताओं ने खुद को अलग रखने का फैसला लिया। इस वजह से न्यायिक कार्य मंगलवार को बाधित रहा। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में अधिवक्ता डॉ प्रमोद कुमार पुजारी, अमरेन्द्र सिंह, लाल दीपक कुमार, पवन कुमार,लाल धर्मेन्द्र नाथ शाहदेव, विक्रम कुमार, नरेंद्र मिंज, पुन्नी साहू, अजय लकड़ा, विपिन बिहारी दुबे, विनय साहू, राधाकृष्ण शर्मा, हेमंत सिन्हा, राकेश अखौरी, सतीश विधार्थी, अताउर रहमान, नसीम अंसारी, भोला प्रसाद, तरुण देवघरिया, देवाशीष कार, दीपक कुमार, इमरान गौसूल मिरदाहा, राखा साहू, लाल त्रिपुरारी नाथ शाहदेव, गौतम लेनिन, सुमन भगत,सचिन कुमार सहायक संतोष उरांव,अनिल पांडेय सहित सभी अधिवक्तागण, और सहयोगी शोक सभा में शामिल थे।

## भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में भारत विकास की ओर अग्रसर : सुदामा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी कुडू मंडल की बूथ स्तरीय बैठक उडुमुडू पंचायत में पंचायत अध्यक्ष रामदीप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर मुख्य रूप से जिला प्रवासी के रूप में मंडल के अध्यक्ष सुदामा प्रसाद और कार्यक्रम के प्रभारी महामंत्री कृष्णा मोदी उपस्थित थे। इस मौके पर बूथ संख्या 124, 125, 126, 127 और 128 के बूथ अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस मौके मंडल के अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में भारत किस तरह से प्रगति कर रहा है उसे कोई रोक नहीं सकता और अब हम सभी को जरूरत है कि भारतीय जनता पार्टी को फिर से पुनः नेतृत्वकर्ता के रूप में केंद्र में बैठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा आज केंद्र सरकार की योजनाओं से गरीब कल्याण अन्न योजना से कई लोगों को लाभ मिल रहा है, पीएम किसान निधि से किसानों को सालाना 6000 की राशि मिल रही है, आज पीएम आवास से लाखों की संख्या में लोगों को आवास मिल चुके हैं, गांव गांव तक आज बिजली, पानी, सड़क पहुंची है ऐसे अनेक कार्य मोदी जी के नेतृत्व में हुए हैं। मौके पर रामदीप सिंह, रोहित कुमार साहू, बबलू साहू, दिलीप महतो, श्रवण यादव, रामसेवक महतो, शिवजगत साहू, संतोष उरांव एवम् अन्य उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सहायिका का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को उप विकास आयुक्त कार्यालय प्रखंड परिसर में लोहरदगा जिला अंतर्गत कार्यरत सभी आंगनवाड़ी सहायिका का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की चर्चा की गई एवं मुख्यतः स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के बारे में बताया गया कि आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में लोहरदगा जिला का मतदान प्रतिशत को बढ़ाना हैं तथा रंगोली के माध्यम से भी लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया गया। जिले के उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह द्वारा सहायिकाओं को संबोधित करते हुए कहा गया हैं आप गांव के एक मजबूत स्तंभ हैं एवं आपकी सहभागिता मतदान के प्रतिशत में निश्चित रूप से असर डालेगी और हमें आशा हैं कि इस बार हमारा लोहरदगा मतदान के प्रतिशत के आंकड़े को 90 त्न तक पंहुच सकेगा। उप विकास आयुक्त द्वारा उपस्थित जन समुदाय को मतदान हेतु शपथ भी दिलवाई गई। जिले के नगर पालिका प्रशासक जयपाल सिंह के द्वारा मतदान में युवा एवं वृद्ध लोगो की सहभागिता को विशेष जोर देने पर बल दिया गया एवं मतदान से संबंधित प्रेरणादायक गीत के माध्यम से सहायिकाओं को संबोधित किया गया।

## मुंडा समाज ने किया पारंपरिक तरीके से पहान का चुनाव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के ओड़गा गिरजा टोली में मुंडा समाज पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार पहान का चुनाव किया गया। इस सभा की अध्यक्षता अमर जोजो के द्वारा किया गया। भगतों द्वारा पहान चुनाव के लिए पैगुटी किया गया। इस चुनाव के लिए पहान घराने के सभी भाईयों का नाम रखा गया। जिसमें पैगोटी के माध्यम से पवन जोजो पत्नी पुष्पा धनवार को पहान चुना गया। चुनाव होने के बाद नया पहान एवं उनके सहयोगी भाईयों का कान भेदी यहां के राजाओं, जोजोवारों के कुटुम्ब, मुखिया मुकुट समद द्वारा किया गया। इसके बाद नया पहान का मुंडा रीति रिवाज द्वारा अभिषेक परबा प्रगणादार सह जोजो राजा बिरेंद्र जोजो, संतोष जोजो, सुखराम जोजो, कॉम्पट मुंडा 22 पड़हा केंद्र पकरा के पहान जेम्स धनवार और पुजार बुधराम जोजो द्वारा किया गया। मौके पर व्यवस्थापक लिलिग्रेस जोजो, दयामनी जोजो, जिलानी जोजो, इसाहक जोजो, नेलशन जोजो, नियरजन जोजो, जलडेगा प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा एवं समस्त ओड़गा वासी उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में वाहन छतीग्रस्त, सभी सुरक्षित



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा-रावलकेला मार्ग पर ठेठईटाँगर के अर्जुनटोली नामक जगह में मध्यरात्रि में रावलकेला से हज़ारीबाग़ की ओर जा रही मालवाहक ट्रक अचानक तीखे मोड़ पर भारी बारिश के वजह से अपना संतुलन खो बैठी और दुर्घटना ग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मध्य रात्रि को ट्रक रावलकेला से अपने गंतव्य की ओर हजारीबाग जा रही थी । ट्रक में केवल ड्राइवर मौजूद था। भारी बारिश और तीखे मोड़ होने कि कारण वाहन का संतुलन खो गया और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। ड्राइवर ने किसी तरह अपनी जान बचाई। आसपास के लोगों से बात करने और ड्राइवर से मिलने पर पता चला कि ड्राइवर का नाम हारून ख़ान है और वाहन मालिक का नाम राजकुमार जेठवा है जो कि हज़ारीबाग़ का रहने वाला है। वाहन चालक ने बताया कि वह उड़ीसा के रावलकेला से समान लेकर हज़ारीबाग़ जा रहा था। हालाँकि किसी को कोई चोट नहीं लगी है, ड्राइवर सुरक्षित है। वाहन मालिक को सूचना दे दी गई है।

लक्ष्य बनाकर प्रयास करें सफलता आपके कदम चूमेगी : अभिनव आनंद पांडेय

## विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडेय का अभिनन्दन समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडेय का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, ओम और सरस्वती मां के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडेय ने सिद्धांत ज्योतिष विषय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए,वर्तमान राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान किया गया है। अभिनंदन समारोह में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय और महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह के द्वारा सामूहिक रूप से अभिनव आनंद पाण्डेय और उनकी माताजी को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, महाविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडे ने कहा कि विद्यार्थी अगर लक्ष्य बनाकर प्रयास करें तो उन्हें शीघ्र ही सफलता मिलती है व गुरुजनों की मार्गदर्शन से विद्यार्थी प्रयास करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही गौरव का विषय है कि हमारे बीच के पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडे ने गुरुजनों के मार्गदर्शन और अपने मेहनत के कारण स्वर्ण पदक प्राप्त किया और अपने माता-पिता और पूरे महाविद्यालय परिवार का नाम रोशन किया। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि ज्योतिष विज्ञान अपने आप में संपूर्ण विज्ञान माना गया है, उन्होंने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा अपनी मेहनत से नए अनुसंधान करें और कीर्तिमान स्थापित करें। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में जटिलता से भागना नहीं चाहिए सवाल कितना भी जटिल हो उसको ठीक करके ही दम लेना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कहा कि रुचि के अनुसार विषय चुनना चाहिए और उसमें सफलता हासिल करनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन स्नेहा शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन रितेश कुमार पाठक ने किया। अतिथि परिचय का कार्यक्रम रेणु कुमारी ने कराया। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, चेतना प्रिया, आरती भगत, सनोज कुमार साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## शोध कार्यकाल के दौरान माता कमला देवी और मित्र अंकित कुमार का मिला प्रेरणात्मक सहयोग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** समाज और राष्ट्र की प्रगति में शोध कार्य का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। शोध कार्य समाज में व्याप्त समस्याओं का सफलतापूर्वक समाधान करता है। राज्य के प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में से एक रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के परिश्रमी एवं ईमानदार विद्यावाचस्पति शोधकर्ता अशोक मल्होत्रा ने रक्त समूह और व्यक्तित्व शील गुण, पर बहुत महत्वपूर्ण शोध अध्ययन किया। इस शोध कार्य का शीर्षक ÷द रिलेशनशिप ऑफ ब्लड टाइप विथ पर्सनैलिटी ट्रेट्स, लाइफ स्टाइल एंड हेल्थ- एन एक्सप्लोरेट्री स्टडी ऑफ जनरल पापुलेशन ऑफ रांची टाउन÷ था। इस शोध कार्य को संपन्न कराने में मेरी पर्यवेक्षिका आदरणीय प्रोफेसर भारती राय मैंम का सराहनीय योगदान रहा है। मेरी माता जी कमला देवी ने सकारात्मक रूप से मुझे शोध के प्रति अभिप्रेरित एवं मार्गदर्शित करने का कार्य किया। मैं उन्हें कोटि-कोटि वंदन करता हूं। मित्र अंकित कुमार ने शोध कार्यकाल के दौरान मुझे शोध से संबंधित समस्याओं को सुलझाने में मदद किया। मैं उनके प्रति भी अपना आभार व्यक्त करता हूं। यह शोध कार्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में उल्लेखित शिक्षार्थियों के सर्वांगीण विकास की पृष्ठभूमि के लिए उनके रक्त समूह के साथ व्यक्तित्व, जीवन शैली और स्वास्थ्य को समझने में मददगार है। इस शोध के द्वारा शिक्षार्थियों के रक्त समूह के व्यक्तित्व के आधार पर उनके कार्य क्षमताओं और कौशलों का विकास किया जाएगा। मेरे पीएचडी शोध कार्य की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भाईयों एवं बहनों, आचार्यों, छात्र नेतृत्वकर्ताओं एवं मित्रों को मैं हृदय से नमन करता हूं।

## चलते चलते एक नजर

### ट्रेन से 39 बोतल शराब जब्त

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को ऑपरेशन सतर्क के तहत चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रेन संख्या 18624 हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-छह में दो बैगों में विभिन्न ब्रांड के 39 बोतल शराब बरामद की गयी। इसकी बाजार मूल्य 42 हजार 700 रुपये बताई गई है। आरपीएफ हटिया के सहायक उप निरीक्षक रवि शेखर ने शराब को जब्त कर उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

### लाइट हाउस प्रोजेक्ट के पहले चरण में 33 लाभुकों को मिला पजेशन सर्टिफिकेट

**रांची :** आनि मौजा, रांची में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा चुका है। दस मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आनलाइन उद्घाटन भी किया था। रांची नगर निगम की ओर से मंगलवार को लाइट हाउस प्रोजेक्ट परिसर में कैंप का आयोजन किया गया। इसमें पहले चरण में कुल 33 लाभुकों को पजेशन सर्टिफिकेट दिया गया। ये ऐसे लाभुक हैं, जिन्होंने प्रावधान के मुताबिक अपना अंशदान समय पर दे दिया था। वैसे अबतक कुल 467 लाभुकों द्वारा लाभुक अंशदान समय पर दिया जा चुका है। पजेशन सर्टिफिकेट के अलावा लाभुकों से ऑन स्पॉट होल्डिंग नंबर के लिए आवेदन भी लिया गया। इसमें कुल छह लाभुकों को होल्डिंग निर्गत किया गया। अब अन्य लाभुकों को पजेशन सर्टिफिकेट विभिन्न चरणों में कैंप के माध्यम से दिया जाएगा। इस मौके पर सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार सहित अन्य भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज- इंडिया (पीएमएवाई- शहरी) के अंतर्गत आनि मौजा, रांची में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण किया गया है। कुल सात ब्लॉक में 1008 आवासों का आवंटन ई- लॉटरी के माध्यम से रांची नगर निगम द्वारा किया गया है।

### नव सृजित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिए कैडेट्स का चयन 21 से

**रांची :** रांची में खुले नये सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिए योग्य कैडेट्स का चयन 21-23 मार्च को होगा। प्रतिभा चयन के संबंध में रांची डीएसओ के स्तर से सूचना जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक, बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में फुटबॉल खेल के लिए निर्धारित अवधि में ट्रायल होगा। इसी तरह कुश्ती के लिए गणपत राय इंडोर स्टेडियम, होटवार में तथा बैडमिंटन के लिए ठाकुर विश्वनाथ इंडोर स्टेडियम, होटवार में ट्रायल होगा।

### डीआईजी ने इंटरस्टेट चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण


**रांची :** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं भयमुक्त कराने के लिए पुलिस प्रशासन कई स्तरों पर तैयारी कर रहा है। इसी क्रम में सोमवार की रात डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा झारखंड बंगाल के इंटरस्टेट चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा सोमवार रात को अचानक चंदनकियारी प्रखंड स्थित इंटरस्टेट सीमाओं पर स्थित चेकनाका में पहुंचकर निरीक्षण किया। डीआईजी चंदनकियारी, भोजूडीह और बरमसिया चेकनाका का जायजा लिया और वहां मौजूद दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने, अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोकथाम लगाने के लिए कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चेक पोस्ट पर 24 घंटे पुलिस तैनात रहेगी, हर आने जाने वाले वाहनों को गहनता से जांच की जाएगी।

भारत का चीन को दो टूक जवाब

## अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था है और रहेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन के हालिया बयान को बेतुका बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है. विदेश मंत्रालय ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था है और हमेशा रहेगा. अरुणाचल के लोगों को भारत सरकार की विकास परियोजनाओं का लाभ मिलना जारी रहेगा.कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर चीन ने आपत्ति जताई थी. इसे भारत ने खारिज कर दिया था.



इसके बाद चीन की सेना ने राज्य पर अपने दावे को दोहराते हुए इसे चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा बताया था. अब विदेश मंत्रालय ने चीन को करारा जवाब दिया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा,हमने चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के भूभाग पर बेतुके दावों को लेकर की गई टिप्पणी पर गौर किया है. इस बारे में आधारहीन तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती. चीन के बार-बार ऐसा कहने से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा. अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था है और हमेशा रहेगा.चीन की सरकारी मीडिया ने देश के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग शियाओगांग के हवाले से कहा था कि जिजांग (तिब्बत का चीनी नाम) का दक्षिणी भाग चीन के भूभाग का एक अंतर्निहित हिस्सा है. चीन भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता और इसका दृढ़ता से विरोध करता है.

## जेवर दुकान से सोने-चांदी की चोरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पांकी थाना क्षेत्र के सगालीम हॉट बाजार के पास स्थित कंचन जेवलर्स को चोरों ने निशाना बनाया है. बाइक पर सवार होकर आये चोरों ने मंगलवार को दिनदहाड़े ज्वैलरी शॉप से लाखों के सोना और चांदी चोरी करके भाग गये.

कंचन जेवलर्स के मालिक सुरेश प्रसाद सोनी ने बताया कि हर दिन की तरह वो मंगलवार को भी दुकान खोले. इसके बाद सोना-चांदी से भरा झोला दुकान में रखकर बाथरूम चले गये. इसी बीच बाइक से एक व्यक्ति आया और दुकान में घुसकर सोना-चांदी से भरा झोला लेकर भाग गया. बताया कि झोला में करीब 5 से 6 लाख के जेवर थे. मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है.

## कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग के संयोजकों और सह-संयोजकों की नियुक्ति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग के जिलावार संयोजकों और सह-संयोजको की नियुक्ति कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने मंगलवार को बताया कि सोशल मीडिया के लिए रांची जिला से विकास कुमार यादव, गढ़वा से मोहम्मद मुशाहिद हुसैन, धनबाद से ओम शर्मा, पलामू से मुकेश कुमार सिंह, हजारीबाग से उदय केसरी, रामगढ़ से कमलेश कुमार महतो, चतरा से विक्रम कुमार सिंह, बोकारो से जियाउल अंसारी, देवघर से अमित कुमार पांडेय, पाकुड़ से पियारूल इस्लाम, साहिबगंज से निहाल, गोड्डा से अभिनव कुमार सिंह, जामताड़ा से जियाउल अंसारी, गिरिडीह से हिमांशु गुप्ता, कोडरमा से चांद आलम, दुमका से निश्चय झा, लोहरदगा से असलम अंसारी, लातेहार से शुभम कुमार दुबे, पूर्वी सिंहभूम से राजकुमार वर्मा पश्चिमी सिंहभूम से अमित मुखी, सिमडेगा से रणधीर रंजन, गुमला से संजय गोप, सरायकेला खरसावां से अभिषेक शास्त्री, खूंटी से सुनीता गोप को संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा प्रत्येक जिले में सह-संयोजकों का भी मनोनयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग के अनुमोदन के बाद यह नियुक्ति की गयी है।

### कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक भाजपा में शामिल

कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक और गढ़वा जिला निवासी हरिशंकर प्रसाद के साथ मेट्रो गली रांची निवासी और झामुमो के पूर्व नेता महेश प्रसाद सोनी ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पार्टी और परिवार से प्रताड़ित थीं सीता सोरेन : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सीता सोरेन के झामुमो छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का स्वागत किया है। मरांडी ने कहा कि झामुमो छोड़ने के फैसले पर सीता सोरेन ने अपने ससुर और झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के नाम जो मार्मिक पत्र लिखे हैं, उसमें उनकी पीड़ा, दर्द स्पष्ट झलक रहा है। मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन अपनी पार्टी और परिवार के सदस्यों से वर्षों से प्रताड़ित हो रही थीं। मरांडी ने कहा कि अपमान सहने की भी एक सीमा होती है। सीता सोरेन शिबू सोरेन की बड़ी बहू और स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। दुर्गा सोरेन ने छाया की तरह झारखंड आंदोलन में गुरुजी का साथ दिया, संघर्ष किया। यदि दुर्गा सोरेन जीवित होते तो झामुमो में



मुख्यमंत्री से उम्मीदवार होते लेकिन सीता सोरेन की पीड़ा यही है कि दुर्गा सोरेन के संघर्ष को भुला दिया गया और जिन्होंने कोई संघर्ष नही किया वे शीर्ष पर पहुंच रहे। इसलिए सीता सोरेन की नाराजगी स्वाभाविक है। मरांडी ने कहा कि सीता पार्टी के कार्य कलापों के अतिरिक्त झामुमो के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार से भी खफा रही। उन्होंने लगातार सड़क से सदन तक झामुमो कांग्रेस राजद के गठबंधन से चल रही राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे जल, जंगल, जमीन, खान खनिज, बालू, पत्थर की लूट पर मुखर होकर सवाल खड़ा किए। उन्होंने खुलकर अत्याचार और भ्रष्टाचार का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार के रवैए में कोई सुधार की गुंजाइश नहीं देखते हुए उन्होंने अपने लिए अलग राह चुनी। सीता सोरेन को मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई का संकल्प प्रभावित किया।

## चुनाव आयोग ने बंगाल के छह लोकसभा क्षेत्रों को घोषित किया संवेदनशील




एजेंसी

**कोलकाता :** चुनाव आयोग ने राज्य के छह लोकसभा क्षेत्रों को आर्थिक रूप से संवेदनशील घोषित किया है। आयोग ने केंद्र और राज्यों की 22 जांच एजेंसियों को उन इलाकों पर निगरानी रखने को कहा है। आयोग की वित्तीय रूप से संवेदनशील केंद्रों की सूची में दार्जिलिंग, मालदा उत्तर और दक्षिण, आसनसोल, बनगांव और कोलकाता उत्तर शामिल हैं। आयोग सूत्रों के मुताबिक पिछले चुनाव में उन केंद्रों से भारी मात्रा में रुपये और शराब की बरामदगी हुई थी। इसी वजह से उन इलाकों को आर्थिक दृष्टि से संवेदनशील घोषित किया गया है। ऐसे केंद्रों पर अतिरिक्त ध्यान देने की बात कही गयी है। 22 जांच एजेंसियों के लिए 22 पर्यवेक्षक नियुक्त हैं। यह एजेंसी पर्यवेक्षकों को रिपोर्ट करती है जहां से आयोग पर्यवेक्षकों से प्रतिदिन रिपोर्ट लेता है। मतदान दिवस की घोषणा के बाद से ही विभिन्न सड़कों पर जांच चल रही है। पुलिस की ओर से केंद्रीय एजेंसियां भी अलग-अलग इलाकों में गश्त करती हैं। चुनाव आयोग की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि इन सभी लोकसभा क्षेत्रों में विशेष तौर पर सतर्कता बरती जा रही है ताकि चुनाव में धन बल के इस्तेमाल को रोका जा सके।

### लोकसभा चुनाव- रमजान के दिन मतदान नहीं कराने को केरल कांग्रेस ने चुनाव आयोग को लिखी चिट्ठी

चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद केरल कांग्रेस ने छुट्टी के दिन और शुक्रवार को मतदान नहीं कराने के लिए चुनाव आयोग से आग्रह किया है। शुक्रवार 26 अप्रैल को रमजान होने की वजह से केरल कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र सौंपकर मतदान की तारीख बदलने लिए चिट्ठी लिखी है। चुनाव आयोग ने पिछले सप्ताह 2024 के लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की, जिससे यह सात चरणों का चुनाव हो जाएगा। मतदान 19 अप्रैल को शुरू होगा और जून महीने तक चलेगा। वहीं केरल में मतदान की तारीख को 26 तारीख से आगे कराने का आग्रह किया गया है। मंगलवार को केरल कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष एमएम हसन और विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने संयुक्त रूप से चुनाव आयोग को कहा है कि जिस दिन केरल में चुनाव है उस दिन शुक्रवार है। जो मुस्लिमों के लिए महत्वपूर्ण दिन होता है। इसलिए इस दिन मतदान न कराया जाये। पत्र में कहा गया है कि शुक्रवार या रविवार को चुनाव कराने से मतदाताओं के साथ-साथ चुनाव अधिकारियों और बूथ एजेंटों को काफी असुविधा हो सकती है। केरल में कांग्रेस के प्रमुख सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने कहा था कि वह दो दक्षिणी राज्यों में चुनाव की तारीखों को बदलने के लिए चुनाव आयोग से संपर्क करेगा।

## एसीबी ने राजस्व उपनिरीक्षक और प्राइवेट अमीन को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**रांची :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अनगड़ा के राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप साहू और प्राइवेट अमीन प्रभु पाहन को दस हजार रुपये रिश्वत लेते मंगलवार को गिरफ्तार किया। एसीबी मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अनगड़ा निवासी मनोज मुंडा ने ब्यूरो को लिखित शिकायत की थी कि उसने 26 एकड़ 52 डिसमिल जमीन का पंजी टू में प्लाट चढ़ाने के लिए अनगड़ा अंचल में ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके लिए वह राजस्व उपनिरीक्षक कुलदीप साहू से मिले। कुलदीप साहू ने कहा कि एक हजार रुपये प्रति डिसमिल के हिसाब से खर्चा लगता है। तुम एक लाख रुपये दे दो। इसके बाद ब्यूरो ने इंस्पेक्टर जगन्नाथ धान से मामले की जांच कराई। जांच में आरोप सत्य पाया गया। इसके बाद एसीबी ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया।

## नरेंद्र मोदी बनेंगे पीएम, एनडीए करेगा 400 पर : गडकरी

एजेंसी

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है और इसकी तारीखों के ऐलान के साथ ही सभी राजनीतिक दल पूरी तरह से मैदान में उतर आए हैं. जनता को अपनी तरफ खींचने के लिए पार्टियों ने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया. इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के पूर्व अध्यक्ष नितिन गडकरी ने हुंकार भरते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, एनडीए 400 पार जाएगा और वो भी अपना चुनाव जीतेंगे, ये तय है.नितिन गडकरी ने कहा,नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने वाले हैं, ये तय है. दूसरी बात ये है कि हम इस बार 400 पार करने वाले हैं ये भी तय है और मैं भी चुनाव जीतने वाला हूं, ये भी निश्चित है.नागपुर से चुनाव जीतने को लेकर उन्होंने आगे कहा,मेरे क्षेत्र में जितने लोग हैं, मैं



उन सभी को अपना परिवार मानता हूं. पिछले 10 सालों में जो भी काम हुआ है उससे लोगों ने मेरे नाम को भी जाना है और मेरे काम को भी. इसलिए, मुझे पोस्टर और बैनर लगाकर प्रचार करने की जरूरत नहीं है. मैं तो लोगों के घर जाऊंगा और उनसे आशीर्वाद मांगूंगा. मैं हाउस टू हाउस और डोर टू डोर कैंपेन करने वाला हूं. मुझे विश्वास है कि मैं अच्छे मार्जिन से जीतूंगा.वहीं महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए बीजेपी के लिए कितनी बड़ी चुनौती बन सकता है, इसको लेकर उन्होंने कहा,मैं अपनी पार्टी और अपने गठबंधन को देखता हूं. मेरी एक फिलॉसफी है जो अक्सर लोगों को बताता रहता हूं. दो लकीरें आपकी और दूसरे की हैं. दो रास्ते होते हैं या तो अपनी लकीर बढ़ी करो या फिर दूसरी की छोटी करो तो मैं इस बात पर विश्वास करता हूं कि अपनी बढ़ करो. पिछले 10 सालों में मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने जो कुछ काम किया है उसके भरोसे पर हमें सफलता हासिल होगी ये मेरा विश्वास है.

## महिला की हत्या जांच में जुटी पुलिस




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** उंटारी रोड थाना क्षेत्र के बिंदुआ गांव निवासी कुदूस अंसारी की 30 वर्षीय पत्नी सहाना बीबी की हत्या कर दी गयी. घटना सोमवार रात 9 बजे के आसपास की है. मिली जानकारी के अनुसार घटना के वक्त मृतका अपने घर में अकेली थी. मृतका का पति चेन्नई में काम करता है. वहीं एकलौता पुत्र गांव में ही मस्जिद में नमाज अदा करने गया हुआ था. मस्जिद से वापस आने पर अपनी मां को मृत जमीन पर देख ग्रामीणों को बुलाया. घटना की सूचना मिलते ही उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया. इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि महिला की हत्या किसी धारदार हथियार से की गयी है. फिलहाल हत्या के कारणों का कुछ पता नही चल पाया है. पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है. थाना प्रभारी ने कहा कि हत्याकांड का खुलासा कर हत्यारों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा.

## पलामू चैंबर ने किया प्रधानमंत्री का वंदन व सांसद वीडी राम का अभिनंदन

* नई योजनाओं के साथ अधूरे कार्य पूरे होंगे : बीडी राम

सांसद का अगला सत्र इतिहास रचेगा.. आनंद शंकर





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** होटल ज्योतिलोक के सभागार मैं चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के नेतृत्व में पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा वीडी राम को तीसरी बार भी पलामू लोकसभा का नेतृत्व करने हेतु भाजपा द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने के लिए ÷प्रधानमंत्री का वंदन एवं वीडी राम का अभिनंदन÷ कार्यक्रम आयोजित कर व्यवसाययों ने श्री राम को सम्मानित किया। इस अवसर पर मेदनीनगर चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सोनी, व्यवसायिक संगठन के एक्जीक्यूटिव सदस्य गणेश गिरी, मारवाड़ी समाज से समाजसेवी दीपू सिंघानिया, समाजसेवी नवल तुलसियान, प्रमुख अमित जायसवाल, चेंबर महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अविनाश वर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट जय शर्मा, सौंदिक समाज के अध्यक्ष सतीश साहू, लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर, शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायइ कमल जैन, गिरधारी गर्ग, अमिताभ मिश्रा, रिंकू दुबे, पप्पू सर्राफ एवं चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल ने शॉल उड़ाकर सांसद का अभिनंदन किया। साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी एवं नगर अध्यक्ष छोटू सिंहा को बुके देकर स्वागत किया। व्यवसाईयों ने अपनी बातों में सांसद वीडी राम के कार्यकाल को काफी सराहा और कहा कि पिछले सत्र में हमारे देश के लोकसभा एवं राज्यसभा में बैठने का सौभाग्य चार आईपीएस एवं दो आईएएस अधिकारी को प्राप्त हुआ। जिसमें एक हमारे पलामू के सांसद भी हैं। जो हम पलामू वासीयो के लिए गौरव की बात है। व्यवसायों ने कहा कि यह हम सबों के लिए फक्र की बात है कि हमारे लोकसभा का नेतृत्व एक अनुभवी आईपीएस अधिकारी कर रहा है। तभी हमारे क्षेत्र का चौमुखी विकास हो रहा है। वीडी राम ने अपने उदगार में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने पिछले कार्यकाल में पलामू, गढ़वा, रांची फोरलेन का काम शुरू कराया। जो मेदनीनगर से रांची की दूरी 4 घंटा से ढाई घंटा कर देगा। कार्य प्रगति पर है। सोन से पानी लाने की योजना शुरू कराई। प्रतिदिन रांची आने जाने के लिए इंटरसिटी ट्रेन शुरू कराई। दूसरा नया कोयल पुल का निर्वाण पुरनचंद सेतु के बगल में प्रारंभ होने जा रहा है।

मेदिनीनगर स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनवाया। मुंबई जाने के लिए चिरमिरी लाइन का काम अंबिकापुर की ओर से प्रारंभ कराया। इन्होंने कई कार्य किए। सांसद वीडी राम ने कहा कि इस बार आप साब के आशीर्वाद से जीतने के बाद मेरी प्राथमिकता टूरिज्म कॉरिडोर, मेदिनीनगर में एयरपोर्ट निर्माण के उपरांत दैनिक हवाई सेवा शुरू कराना, प्रमंडल को औद्योगिक कॉरिडोर बनाते हुए उद्योग लगवाना, ताकि युवाओं के लिए रोजगार का सृजन हो सके। स्वीकृत 20 मेगावाट सोलर एनर्जी पार्क के साथ इंडस्ट्रियल एस्टेट का निर्माण, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई के लिए ट्रेन का परिचालन शुरू कराना, वंदे भारत का परिचालन ट्रेक ट्रायल के बाद रांची पलामू होते बनारस तक प्रारंभ कराना और पलामू प्रमंडल में आईआईएम, आईआईटी जैसी संस्था को लाने का प्रयास करना प्रमुख होगा। सांसद ने कहा कि मेदिनीनगर में पेयजल की समस्या जटिल है। मैंने एशियन डेवलपमेंट बैंक से इस योजना को पूरी करने के लिए झारखंड सरकार को 5 वर्ष पूर्व राशि उपलब्ध करा दी है। पर आज तक सरकार टेंडर पर टेंडर ही कर रहा है, जो चिंता का विषय है। संसद ने अपनी बातों में प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान, चौक चौराहों का सुंदरीकरण, टैक्सी स्टैंड, महात्मा गांधी मार्ग का सुंदरीकरण कराने हेतु बधाई देते हुए कहा कि अब हमारा शहर मुस्कुरा रहा है। आगे भी शहर को खूबसूरत बनाने के लिए जितने पैसे की आवश्यकता होगी भारत सरकार नगर विकास 15वें वित्त की राशि देगा। कार्यक्रम का संचालन चेंबर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। बैठक में भारी संख्या में शहर के व्यवसाइ उपस्थित थे।